■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित   www.navbihartime.com   ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 306
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
10 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1875 :** स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना की।
**1889 :** राम चंद्र चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने।
**1982 :** भारत का बहुउद्देशीय उपग्रह 'इनसेट-1ए' का सफल प्रक्षेपण।
**1995 :** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न से सम्मानित भारत के छठे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का निधन।
**1972 :** ईरान में आए भूकंप से लगभग 5 हजार लोगों की मौत हो गई।

**हजार योद्धाओं पर विजय प्राप्त करना आसान है लेकिन जो खुद पर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है : गौतम बुद्ध**

## आसमानी बिजली ने गिरायी आफत, 13 की मौत

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया शोक, चार-चार लाख रू. का अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बुधवार को मौसम का मिजाज बदला। कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश हुई। ठनका की चपेट में आने से बेगूसराय में 05, दरभंगा में 04, मधुबनी में 03 एवं समस्तीपुर में 01 व्यक्ति की मौत होन की खबर सामने आई है। कुल मिलाकर 13 लोगों की मौत हो गई तो कई लोग झुलस गए। बुधवार की सुबह ठनका गिरने से बेगूसराय में एक किशोरी समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना बलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में हुई जहां पति की मौत हो गयी जबकि पत्नी घायल हो गयी। दूसरी घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानोपुर मुसहरी में किशोरी की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुजा गांव में ठनका गिरने से युवक की जान चली गयी। वहीं, चौथी घटना मटिहनी थाना क्षेत्र की सिहमा पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी 80 वर्षीय जनार्दन महतो की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। जबकि साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र की सनहा पश्चिम पंचायत के समीप बहियार में ठनका की चपेट में आने से 55 वर्षीया महिला ने दम तोड़ दिया। इससे पहले मधुबनी से ठनका के चपेट में आने से तीन की मौत की खबर आई। मरनेवालों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। मौत की घटनाएं अलग अलग थाना इलाकों की है। एक घटना झंझारपुर थाना के पिपरौलिया पंचायत वार्ड-चार में तो दूसरी घटना रुद्रपुर थाना के अलौलपुर गांव की है। गेहूं की फसल को बारिश से बचाने के दौरान लोग ठनका की चपेट में आ गये। उधर दरभंगा के बिरौल प्रखंड की रोहार -महमूदा पंचायत के महमूदा गांव में बुधवार को करीब 11 बजे मूसलाधार बारिश के दौरान अजीत यादव के घर पर वज्रपात हो गया। इससे घर में बैठे अजीत का 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार उसकी चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर सीओ आदित्य शंकर एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर छा गयी। वहीं समस्तीपुर में भी वज्रपात से एक व्यक्ति के मौत की खबर आई है।

### सरकार प्रभावित परिवारों के साथ : नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** वज्रपात की घटनाओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## बदमाशों ने महिला को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर में बुधवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने एक महिला को गोली मार दी। फायरिंग की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आनन-फानन में घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला जिले के कांटी थाना क्षेत्र का है। कांटी थाना क्षेत्र के कलवारी निवासी स्वर्गीय रामजस पासवान की पत्नी सुमंत्रा देवी एक निजी अस्पताल में सफाईकर्मी का करती है। बुधवार की शाम करीब 7 बजे वो काम के लिए घर से निकली। कांटी थाना क्षेत्र के छपरा है स्कूल के समीप ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी बीच ग्लैमर बाइक सवार तीन बदमाश पहुंचे और गोली मार दी।

## बस और ट्रक में टक्कर, तीन की मौत, आधा दर्जन लोग घायल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खगड़िया।** बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला खगड़िया के एनएच 107 का है। जहां बस और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बेलदौर थाना क्षेत्र के बेला नवाद गांव के पास ट्रक और बस में भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि बस सहरसा से भागलपुर जा रही थी। इसी दौरान तेजगति से सामने से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। जिसके कारण बस में बैठे खलासी और दो यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा बस से सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। जख्मी लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद एक मृतक की पहचान की गई है। जिसका नाम सुशील सिंह बताया जा रहा है, जो सहरसा जिले के धबौली गांव का निवासी बताया जा रहा है। जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान पुलिस के द्वारा अभी नहीं बताई गई है। बेलदौर पुलिस ने बताया कि घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। एक मृतक की पहचान की गई है, वहीं दो अन्य मृतक की पहचान की जा रही है। घटना दोनों वाहन के तेज रफ्तार में रहने के कारण घटित हुई है। दुर्घटनाग्रस्त बस शिवजी ट्रेवल्स का बताया जा रहा है।

## तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में 1332 करोड़ का रेल प्रोजेक्ट मंजूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति से कटपडी तक 104 किमी की सिंगल रेलवे लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा। इसमें करीब 1332 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे आंध्र प्रदेश के तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर तक कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ ही अन्य प्रमुख स्थलों जैसे श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि तक भी रेल कनेक्टिविटी हो सकेगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट से करीब 400 गांवों और करीब 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही इस परियोजना से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 113 किमी बढ़ जाएगा। सिंचाई योजना के तहत एक सबस्कीम को मंजूरी मिली है। इसके तहत कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट को अपग्रेड करने के लिए 1600 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस योजना से किसी क्लस्टर में मौजूदा नहरों या पानी के अन्य स्त्रोतों से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें पानी के सोर्स से एक हेक्टेयर तक के खेत तक अंडरग्राउंड पाइप लाइन के जरिए प्रेशराइज्ड वाटर सप्लाई होगी। इससे माइक्रो एरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। हालांकि, अभी पायलट प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी मिली है। इसके नतीजों के आधार पर 1 अप्रैल, 2026 से पूरे देश में योजना शुरू की जाएगी। 78 पायलट प्रोजेक्ट्स के जरिए करीब 80 हजार किसान शामिल होंगे। पाइप लाइन डालने के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं होगा। पानी की बचत के लिए इस योजना में सरफेस वाटर (नदी, तालाब, झील आदि) का इस्तेमाल होगा। पानी के ऑटोमैटिक कंट्रोल के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी संसाधनों के नेटवर्क और सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्यूजिशन सिस्टम का इस्तेमाल होगा। योजना में सैटेलाइट डेटा और जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम का भी इस्तेमाल होगा। सही समय पर पानी की सही मात्रा के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा।

## पति ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अतरी थाना क्षेत्र के टेंटुआ गांव के समीप पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पति फरार हो गया। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है, वहीं घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। मृतका केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की दूर की रिश्तेदार बताई जा रही है। वहीं पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था और आज आरोपित पति रमेश कुमार पटना से घर लौटा था। आरोपित पति ट्रक चालक है। घर लौटते ही अपनी पत्नी को घर में बंद कर दिया और गोली मार दिया, जिसे घटनास्थल पर ही पत्नी सुषमा देवी की मौत हो गई। मृतक महिला विकास मित्र में काम करती थी।

## 12 अप्रैल से ई-एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से 70वीं मुख्य (लिखित) परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का डेट जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी 12 अप्रैल से अपना ई-एडमिट कार्ड आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में डिटेल जानकारी डैश बोर्ड पर 22 अप्रैल से उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य लिखित परीक्षा 25 से 30 अप्रैल को होगी।












# जेइ टीकाकरण पर जोर, सभी जिलों में 30 अप्रैल तक पूर्ण आच्छादन का लक्ष्य

## जेइ से बचाव के लिए राज्य सरकार कर रही कार्य : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) से बचाव के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि एईएस (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम) के संभावित मामलों में जेई एक प्रमुख कारण के रूप में सामने आता है, और इससे बचाव के लिए जेई टीकाकरण को एक प्रभावी और कारगर उपाय माना गया है। मंत्री ने कहा कि राज्य में 9 माह से 2 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को दो चरणों में जेई-1 एवं जेई-2 टीके दिए जाते हैं, और वर्तमान में सभी जिलों में इस



टीकाकरण अभियान को तेज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2025 तक सभी लक्षित बच्चों को जेई का टीका लगाकर शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने का निर्देश राज्य के सभी सिविल सर्जनों को दे दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि जापानी इंसेफलायटिस बच्चों के लिए एक गंभीर और जानलेवा संक्रमण है, जिसकी कोई विशिष्ट दवा उपलब्ध नहीं है। इसका उपचार केवल लक्षणों के आधार पर किया जाता है, इसलिए बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि यह संक्रमण मुख्य रूप से मानसून के दौरान यानी जुलाई-अगस्त और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर के महीनों में तेजी से फैलता है, इसलिए इस समय पूर्व तैयारियों की विशेष आवश्यकता है। मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा इस घातक बीमारी से प्रभावित न हो, और इसके लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों की पहचान कर रही हैं। जेई टीकाकरण को सफल बनाकर ही बच्चों को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित किया जा सकता है। राज्य सरकार के इस व्यापक अभियान से उम्मीद की जा रही है कि जेई संक्रमण की रोकथाम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त होगी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए. निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 06 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थित में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे C.G.H.S. / सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें, साथ ही, उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक समाप्त हुई।

## एक नजर

### देसी-विदेशी शराब को किया गया नष्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर मसौढ़ी थाना के अंतर्गत विभिन्न कुल 10 कांडों में जब्त देसी विदेशी शराब को बुधवार को दंडाधिकारी के समक्ष विनष्टिकरण किया गया है, जिसमें कुल 187 लीटर देसी शराब और 605.250 लीटर विदेशी शराब के साथ 70 किलो महुआ को नष्ट किया गया है। इस मौके पर दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, एक्साइज इंस्पेक्टर टुनटुन पासवान, मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनिल कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे। एक्साइज इंस्पेक्टर टुनटुन पासवान ने बताया इस समय समय पर विभिन्न थानों में जप्त शराब का विनिष्टिकरण किया जाता है। ऐसे में बुधवार को वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कुल 10 कांडों में जप्त शराब का थाना परिसर मे ही नष्ट किया गया है।

### 20 सूत्री कमेटी के अध्यक्ष बने सुनील

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव के पहले प्रखंड स्तर के जदयू, भाजपा, लोजपा व हम के कार्यकर्ताओं को सरकार ने सेवा करने का मौका दी है। जहां प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री कमिटी को नामित कर अधिसूचना जारी कर दी है। जहां जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा को अध्यक्ष और बीजेपी के आशीष देव को उपाध्यक्ष नामित किया है। इसके साथ ही 15 सदस्यों को भी नामित किया गया है। शेष को अगले आदेश तक नामित किया जाएगा। राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अब विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर लागू कराने की शक्ति मिल जायेगी, इससे वह पार्टी का जनाधार आम जनता तक पहुंचा सकेंगे। प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कमेटी को लेकर हर प्रखंड में मुख्यमंत्री द्वारा नामित अध्यक्ष नियुक्त किये जा रहे है। इसके सदस्य सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे। प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कमेटी के पुनर्गठन में मुख्यमंत्री द्वारा नामित अध्यक्ष बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से इस कमेटी में 20 अन्य सदस्यों को नामित किया जाना है। मुख्यमंत्री द्वारा नामित कमेटी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और महिला वर्ग के प्रतिनिधि है। इसमें कहा गया है कि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, कमजोर वर्गों के परिवारों को सहायता दिलाने के लिए और राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और मॉनीटरिंग के लिए इस कमेटी का गठन किया गया है।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रचार वाहन रवाना

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हिंदू सेवा समिति, बिहार द्वारा पटना के कंकड़बाग टेम्पू स्टैंड चौराहा पर 12 अप्रैल को चतुर्थ हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु आज विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष बजरंगबली को 1501 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया जाएगा। भजन संध्या में देश भर से कई प्रसिद्ध कलाकार जैसे प्रिया मलिक, यामिनी सिंह, राकेश मिश्रा, निशा उपाध्याय, आर्यन बाबू, खुशबू तिवारी, श्वेता तिवारी आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

# महादलित टोला में विशेष विकास शिविर का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड में 19 अप्रैल से विकास शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर का उद्देश्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में लोगों को सरकार की संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महादलित टोला में लगने वाले विकास शिविर के क्रियान्वयन एवं शिविर की सफलता के लिए प्रखंड कार्यालय में बुधवार को सभी प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों के साथ बीडीओ प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में समन्वय हेतु एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में अंचल अधिकारी प्रभात रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विरेंद्र भारती, मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन, जीविका प्रबंधक ,जयप्रकाश कुमार सभी विकास मित्र,आदि उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि महादलित विकास मिशन बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी चिह्नित महादलित मुहल्ले में सभी विभागों द्वारा क्रियानवित योजनाओं का शत प्रतिशत आच्छादित किया जाना है। जिससे सभी अनुसूचित जाति/ जन जाति के परिवार को सभी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके।

# धूमधाम से निकलेगी भगवान महावीर की शोभा यात्रा

## सैकड़ों श्रद्धालु लेंगे भाग, गूंजेगा 'जियो और जीने दो' का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर आज पटना में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा प्रातः 8 बजे मीठापुर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कांग्रेस मैदान स्थित जैन मंदिर तक पहुंचेगी। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में जैन एवं अजैन श्रद्धालु, पुरुष, महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। भगवान महावीर की यह शोभा यात्रा मीठापुर जैन मंदिर से निकलकर मीठापुर पुल, बुधमार्ग पेट्रोल पंप,



इस्कॉन मंदिर, इनकम टैक्स गोलंबर, मौर्यालोक, डाकबंगला चौराहा, एक्जीबिशन रोड चौराहा, भट्टाचार्या रोड, पीरमुहनी और कदमकुआं होते हुए जैन मंदिर पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु आरती, अर्चना, गीत-संगीत और नृत्य के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। महिलाएं केसरिया परिधान में और पुरुष सफ़ेद वस्त्रों में भगवान महावीर के संदेशों – ल्लप्राणी मात्र से प्रेम करो, जियो और जीने दो, सभी धर्मों का सार – मत करो जीव संहार को जन-जन तक पहुंचाएंगे। महिलाएं स्कूटी पर भगवान महावीर के संदेशों के साथ शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण बनेंगी। यात्रा के समापन पर कांग्रेस मैदान स्थित जैन मंदिर में 108 कलशों से भगवान महावीर का अभिषेक, पूजन एवं आरती का आयोजन होगा। इसके उपरांत सामूहिक वात्सल्य भोज भी श्रद्धालुओं के लिए आयोजित किया गया है। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि संध्या के समय बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में बच्चों और महिलाओं द्वारा भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। यह शोभा यात्रा बिहार की पवित्र भूमि पर निकाली जा रही है, जो भगवान महावीर की जन्मभूमि, कर्मभूमि और निर्वाणभूमि रही है, इसलिए इसका विशेष धार्मिक महत्व है।

# फोर्टिफाइड चावल वितरण से संबंधित मिला प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय के शहीद संजय सिन्हा साभागार मे बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विरेन्द्र भारती के नेतृत्व में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को फोर्टिफाइड चावल से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि बिहार सरकार के द्वारा बिहार को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से अब फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जायेगा क्योंकि इस चावल में कई पोषक गुण है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन



बी 12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व एवं माइक्रोन्युट्रिएंट्स पाया जाता है इससे मनुष्य को एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी पूरा करने में मदद करता है। बैठक में सभी डीलरों को फोर्टिफाइड चावल के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर डीलर रामभगवान प्रसाद, विनोद कुमार, बच्चू प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, सुभाष प्रसाद, धनंजय सिंह, गौतम कुमार, विजय शर्मा, सहित सभी पैक्स अध्यक्ष तथा डीलर थे।

# राजद के मुसहर-भुइयां रैली पर हम पार्टी ने कसा तंज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने राजद पर मुसहर-भुइयां रैली को लेकर जम कर हमला बोला है। हम पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि सुना है मुसहर सम्मेलन के बाद तेजस्वी यादव राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी मुसहर जाति से आने वाले नेता को बना देंगे। वहीं, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने राजद प्रमुख की एक तस्वीर जारी करते हुए कहा की ये हैं, सरयू मांझी और प्रभावती देवी... और ये है लोकतंत्र की ललकार पर सामंतवाद की हुंकार।

सरयू मांझी और प्रभावती देवी... मखदुमपुर के रहने वाले हैं। सरयू मांझी नौकरी करते हैं जबकि प्रभावती देवी जी राजद के कोटे से एक आयोग की सदस्य रही हैं। लेकिन इतना कुछ अर्जित करने के बाद भी लालू यादव की नजरों में इन दोनों की जगह कहां है, उसकी गवाह यह तस्वीर है। लालू प्रसाद यादव के असली चेहरे से सामंती चेहरा। वो जो हर चुनाव में 'गरीब-पिछड़ा-अति पिछड़ा' का झंडा उठाकर निकलते हैं, लेकिन जब कोई मुसहर भुइयां अपनी हैसियत से उठकर सवाल पूछे, तो वही झंडा उल्टा कर मार दिया जाता है। कोई मांझी अगर चुनाव लड़ने की हिम्मत कर लें तो वो मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं। प्रभावती देवी अगर बोल उठें तो वो किसी के इशारे पर बोल रही हैं। क्यों? क्योंकि असली लोकतंत्र में बोलने का अधिकार सिर्फ उसी को है जो किसी बड़े नेता की गोदी में बैठा हो तस्वीर को लेकर उन्होंने कहा की ये हैं लालू यादव, जो खुद को गरीबों का मसीहा कहते हैं। लेकिन मुसहरों को मसीहाई करने का हक नहीं देना चाहते। ये हैं जनता के नेता लेकिन जनता अगर नेता बनने लगे, तो जनता से ही खतरा महसूस करने लगते हैं। अरे भई, मुसहर भुइयां से यही चाहते हैं। झुके रहो, रेंगते रहो, और हर पांच साल पर ताली बजाकर वोट दो। बाकी सब राजनीति सच्चाई यह है कि जीतन राम मांझी का डर आज राजद को सता रहा है। इसलिए सम्मलेन करके झूठे वायदे कर रहे हैं।

गौरतलब है कि राजद की ओर से मंगलवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मुसहर-भुइया रैली का आयोजन किया गया था। इसमें तेजस्वी यादव ने कहा है कि वह मुख्यमंत्री बनने के दिन से ही मुसहर समाज के उत्थान के लिए काम करना शुरू कर देंगे। इसलिए आप मेरे साथ आइये। राजद को जिताइये और हमको मुख्यमंत्री बनाइये।

# जेपी पथ क्षेत्र में बनेंगे पांच बड़े मैदान : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में गांधी मैदान पर मानवीय गतिविधियों का दबाव कम करने के लिए जेपी पथ क्षेत्र में पांच बड़े मैदान विकसित किये जाएंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों को भूमि की सम्भावना तलाशने का निर्देश दिया गया है। सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना जिला मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के जिला संचालन समिति की समीक्षा बैठक में 'मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना' की प्रगति पर चर्चा के दौरान कहा कि पटना में तेज विकास के साथ नये मैदान विकसित करने की जरूरत है, ताकि लोगों को गांधी मैदान के विकल्प मिल सकें। पटना जिला के विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों की इस समीक्षा बैठक में चौधरी ने इस बात जोर दिया कि सड़क, भवन निर्माण या विकास की किसी योजना को लागू करने में दोहराव से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही काम को दो एजेंसियों से या बार-बार कराने से संसाधन और समय की बर्बादी होती है। विभागों के बीच बेहतर तालमेल करके बहुत-कुछ बचाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्रीने निर्देश दिया कि समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत यदि कोई सड़क मुख्य सड़क से 300 मीटर तक की छूट रही हो, तो उसमें विस्तार किया जाएगा, ताकि सड़क सम्पर्क पूरा हो। उन्होंने कहा कि समग्र शहरी विकास योजना में सड़क के साथ नाला भी बनना चाहिए। जब सड़क-नाला निर्माण की योजनाएँ पूरी तरह स्पष्ट ( चिन्हित) हों, तभी इस महीने में योजना का शिलान्यास कार्यक्रम रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोहराव से बचने के लिए नगर निकाय उस योजना को अपनी योजना में शामिल नहीं करे, जिसकी अनुशंसा कोई माननीय विधायक पहले कर चुके हैं। समीक्षा बैठक में नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्र और विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भी अपने विचार रखे।

# नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के कारण 92 से 94 फीसदी शिक्षक समय पर आ रहे स्कूल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बीपीएससी टीआरई 3.0 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट को लेकर जो भी निर्णय लेना है वह बिहार लोक सेवा आयोग को लेना है। हमलोगों को जितना शिक्षक-शिक्षिका चाहिए, अधियाचना बीपीएससी को भेजते हैं, उस अनुरूप एजेंसी रिजल्ट देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर नई टेक्नोलॉजी लाई गई है। इससे काफी सुधार हुआ है। कहा कि हम लोगों ने जो टेक्नोलॉजी इस्तेमाल किया है, उसमें 92 से 94 फीसदी शिक्षक समय पर स्कूल आ रहे हैं। जो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, उसमें जीपीएस भी है। इससे 90 फीसदी से अधिक सुधार हुआ है। जो शिक्षक-शिक्षिका टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं, उनको फिजिकली रूप से भी हम लोग उपस्थिति बनाने की सुविधा दे रहे हैं। जो गायब रहते हैं उनके खिलाफ हम लोग कार्रवाई करते हैं। शिक्षक नियुक्ति को लेकर सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमने एसीएस साहब को कहा था। यह निर्णय बीपीएससी को लेना है। जितनी भी नियुक्तियां हैं जल्द से जल्द करेंगे। अगले दो-तीन महीनों में नियुक्तियां होंगी। इसबीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के पास अर्जी लेकर कुछ लोग पहुंचते हैं। वीडियो जदयू कार्यालय के गेट का लग रहा है। मंत्री कार में बैठते हैं। एक महिला अपनी अर्जी सुनाने के लिए मंत्री से गुहार लगाती है। मंत्री कार का शीशा उतारकर महिला की बात भी सुनते हैं। कार आगे बढ़ती है।

# रसोई गैस की बढ़ी कीमतों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा एनडीए सरकार गरीबों की आमदनी में कोई इजाफा नहीं कर रही है लेकिन उनके दैनिक खर्चों में महंगाई बढ़ाकर वृद्धि कर रही हो। रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपए के इजाफ़े पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना और आम रसोई गैस धारकों के ऊपर यह अतिरिक्त खर्च बढ़ाना केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता को उजागर करती है।

प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि इस बढ़ोतरी पर बिहार के डबल इंजन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार चुप्पी क्यों साध रखें हैं। यही भाजपा प्रत्येक राज्यों में चुनाव के समय 500 रुपये में रसोई गैस देने का घोषणा करके चुनाव लड़ती है और अभी बेतहाशा वृद्धि कर देती है। बढ़ी रसोई गैस की कीमतों से आम परिवारों पर विपरीत असर करेगा और उनके दैनिक खर्च और जीवन यापन में समस्याएं बढ़ेंगी। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर यह तगड़ा झटका है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री जनता के बजाय तेल कंपनियों के प्रवक्ता बनकर वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान करते हैं।

# बी. डी. कॉलेज के नये पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में बुधवार को 'शिक्षक संघ चुनाव 2025' के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्साह और प्रेरणा से भर दिया।

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार (हिन्दी विभाग), उपाध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक (वनस्पतिशास्त्र विभाग), सचिव डॉ. राहुल अमृतराज (पालि विभाग), उपसचिव डॉ. अपराजिता (राजनीतिशास्त्र विभाग) और कोषाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार (प्राकृत विभाग) को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनीता तिवारी ने साहित्यिक अंदाज़ और ओजपूर्ण शायरियों के माध्यम से किया। उनकी प्रस्तुतियाँ पूरे माहौल को सजीव और प्रेरक बना गईं। समारोह की शुरुआत एक प्रेरणादायक शायरी से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह ने नवनिर्वाचित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक संघ का यह नेतृत्व महज पद नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत है जो संस्था को नई दिशा देता है। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शिक्षकों के सामूहिक प्रयास और प्रगति का आधार बताया। चुनाव अधिकारी श्री परिमल सिन्हा एवं श्री रवि रंजन ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता की सराहना की और

# बालू के अवैध खनन को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सरकार की प्रभावी नीतियों और कुशल प्रशासन के चलते खान एवं भूतत्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विभाग ने राजस्व वसूली, अवैध खनन नियंत्रण, ओवरलोडिंग की समाप्ति, पुलिस प्रशासन में सुधार और नागरिक सुविधाओं में वृद्धि जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सफलता हासिल की है। उप-मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय अधिकारी पुलिस और जिला प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देंगे। आने वाले समय में विभाग की तस्वीर और भी अधिक बदलेगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में खनन नियमावली में किए गए सख्त प्रावधानों के कारण राज्यभर में बालू के अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। इससे ओवरलोडिंग लगभग समाप्त हो गई है, जिससे दंड मद में अपेक्षाकृत कम राशि की वसूली हुई है। खान एवं भूतत्व विभाग ने पिछले दिनों समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है। विभाग ने 3500 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 3569 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली की है, जो अबतक की सर्वाधिक वसूली है। उल्लेखनीय है कि लगभग 40 बालूघाटों के प्रत्यार्पण के बावजूद इस लक्ष्य को प्राप्त किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 114 प्रतिशत अधिक है।

# सीएसपी संचालक से लूट मामले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया स्टेट हाईवे पर धनरूआ थाना क्षेत्र के राढा मोड़ के पास सुबह लगभग 10:45 बजे एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने 3 लाख रूपये, लैपटॉप और बायोमेट्रिक मशीन को लूट लिए थे। इस मामले में गठित पुलिस टीम ने बुधवार को कादरीगंज थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव से मुख्य आरोपी बबलू उर्फ बोतल कुमार पिता टुनटुन प्रसाद को गिरफ्तार करने में सफल हुए हैं। जबकि इसके दो साथी भोलू.और हिमांशु की भी पहचान लिया गया है, जिसके गिरफ्तारी के लिए लगातार ताबातोड़ छापेमारी की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि बीते 28 मार्च को संतोष कुमार विद्यार्थी पिता श्याम बाबू प्रसाद महतो अपने घर हजरत साई से एटीएम से 20 बीस हजार निकाल कर धनरूआ बाजार स्थित सीएसपी खोलने जा रहे थे उसके बैग में पहले से भी पैसे थे कुल मिलाकर 3 लाख थे, घात लगाए अपराधी ने राढा मोड़ के पास हथियार के बल पर लूट लिए, वहीं थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी बब्लू कुमार उर्फ बोतल पहले मोटर और बाइक चोरी किया करता था, उसके बाद इधर-उधर लूट की घटना को अंजाम देने लगा। कई मामले मे यह जेल भी जा चुका है। बैंक और एटीएम के आसपास एक गिरोह के रूप में घूमते हैं उसके बाद वहां से पैसा लेकर निकलने वाले को मौका देकर हथियार के बल पर लूट लेता हैं। बहरहाल फरार दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# मसौढ़ी के पांच पंचायतों में रिक्त पदों पर उपचुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में रिक्त पंचायत पदों के लिए उपचुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। वार्डवार मतदाता सूची के विखंडन के बाद मंगलवार को प्रपत्र 'क' के अनुसार डाटाबेस तैयार किया गया। प्रारूप मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी भी बना ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार 9 से 15 अप्रैल तक प्रारूप मतदाता सूची का पीडीएफ तैयार होगा। 16 अप्रैल को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 से 29 अप्रैल तक दावा-आपत्ति ली जाएगी। 21 अप्रैल से 8 मई तक दावा-आपत्ति का निष्पादन होगा। वहीं 14 मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। बहरहाल मसौढी प्रखंड के नदौल और दौलतपुर पंचायत में पंच पद के लिए, धनरूआ प्रखंड के गोविंदपुर बौरही पंचायत में वार्ड सदस्य और पंच पद के लिए जहाँ दोनो पदो पर त्याग पत्र दे दिया गया था, वहीं पुनपुन प्रखंड के बेहरावां पंचायत मे दो पंच और लखनपार पंचायत मे एक पंच पद जहाँ तीनो पंच मृत्यु हो जाने के लिए पद रिक्त पडे थे। बहरहाल मतदाता सूची का विखंडन अंतिम दौर में है। कुछ पदों पर पहले नामांकन हुआ था, लेकिन प्रतिनिधियों की मृत्यु हो गई।

# राणा सांगा केवल योद्धा नहीं देश की धरोहर हैं : सुशील सिंह

## राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : सोनू सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा संसद में महाराणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी के बाद बुधवार को कॉल डिपो स्थित वीर कुंवर सिंह चौक से कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्थान ने आक्रोश मार्च निकाला। आक्रोश मार्च से पहले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और रालोमो नेता आलोक कुमार सिंह ने महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।



आक्रोश मार्च में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि राणा सांगा केवल योद्धा ही नहीं बल्कि देश के धरोहर है। राणा सांगा के विषय में इस तरह का बात करना भारत के इतिहास को कलंकित करना है। वीर महायोद्धा देशभक्त राजा राणा संग्राम के ऊपर लोकसभा में सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा टिप्पणी करना शर्मनाक है। ऐसे सांसद के विरुद्ध करवाई होनी चाहिए जो देश भक्त पर अभद्र टिप्पणी से देश आहत है जो अपने ऊपर 80 घाव के बावजूद देश की रक्षा करने वाले वीर योद्धा बलिदानी जो अपने मातृभूमि के रक्षा के लिए लड़ते रहे। इनके ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना निंदनीय है राणा सांगा के इतिहास को बदनाम नहीं बल्कि देश की इतिहास को बदनाम करने की प्रयास है। रामजीलाल सुमन का जब जन्म हुआ होगा तब उनके मां पिता बड़े ही शौक से उनका नाम राम जी के लाल रखे होंगे मगर आज उनके माता-पिता जी जहां कहीं भी होंगे वह अपने पुत्र के नामकरण पर अफसोस करते होंगे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि राणा सांगा क्षत्रिय राजपूत नहीं बल्कि देश के वीर योद्धा बलिदानी महापुरुष थे जो देश के लिए लड़ना और प्राण देना जानते थे। ऐसे महापुरुष पर देश के संसद में टिप्पणी करने वाले संसद की सदस्यता जानी चाहिए। वहीं पूर्व विधायक सतनारायण यादव ने कहा देश और धरोहर के ऊपर टिप्पणी करने वाले लोगों को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। लोजपा रा प्रदेश नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। आक्रोश मार्च वीर कुंवर सिंह चौक डेहरी बाजार पाली रोड स्टेशन रोड कैनाल रोड से अंबेडकर चौक मार्च को समाप्त किया गया। कालेन्द्र प्रताप वर्मा, पंकज सिंह, गोपाल सिंह, पप्पू सिंह ने राष्ट्रपति के नाम अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।कार्यक्रम में राजपूत करणी सेवा के प्रदेश प्रभारी पप्पू सिंह, राजन सिंह, कालेन्द्र प्रताप वर्मा, अंबुज सिंह, विनोद सिंह, राघवेंद्र सिंह, सिंटू सिंह, डिम्पू सिंह, अर्जून केशरी,मारकंडेय सिंह, अश्विनी सिंह, मनोज सिंह, गोपाल सिंह, अरुण सिंह, रजनीश सिंह काला कुर्ता, भगवा गमछा और हाथ में भगवा झंडा लहराते हुए काफी संख्या में लोग आक्रोश मार्च में शामिल हुए।

## एक नजर

### तैयारी में जुटे कांग्रेसी नेता

**सासाराम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय का अभिनंदन सह पदभार ग्रहण समारोह आगामी 13 अप्रैल दिन रविवार को पार्टी कार्यालय रोहतास जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम सासाराम में होगा, यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर कुशवाहा ने बताया कि दिन के 12 बजे से पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी, इस कार्यक्रम में प्रदेश नेताओं के साथ साथ क्षेत्र के सांसद विधायक जिला एवं प्रखंड के नेता शामिल होंगे। सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी के नेतृत्व में भी दर्जनों कार्यकर्ता इस समारोह की सफलता के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं।

### तीन लाख की ठगी

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** साइबर थाना में जमुहार स्थित जी एनएसवि के एक कर्मी कृष्ण कुमार मिश्र से साइबर ठगो ने तीन लाख 38 हजार की ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी की नीयत से अपहरण

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत से एक 18 वर्षीय युवती के अपहरण की प्राथमिकी उसकी मां ने दर्ज करायी है। इस संबंध में ओम प्रकाश नामक युवक पर प्राथमिकी कराई है। इधर डेहरी मुफस्सिल थाना के पांडेपुर गांव के पास से खनन विभाग ने एक मिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। तेंदुआ दुसाधी गांव निवासी चालक निरंजन शर्मा को गिरफ्तार किया है।

## आदर्श प्रखंड की परिकल्पना को लेकर हुलासगंज शिष्टमण्डल समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड के महापरिवर्तन आंदोलन से जुड़े प्रखंड शिष्टमण्डल के सदस्यों के द्वारा संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीनिवास शर्मा ने किया। हर महीने आयोजित होने वाले इस बैठक में महापरिवर्तन आंदोलन से जुड़े शिष्टमंडल के सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्णय को अमलीजामा पहनाने हेतु शिष्टमण्डल के सदस्य सक्षम प्राधिकार से मिलेंगे। इस दौरान लिए गए निर्णय में बाजार समिति को गंदगी मुक्त करना और वहां पानी निकासी की व्यवस्था करना, हुलासगंज बाजार में शौचालय की व्यवस्था करना आदि शामिल रहा। बताया गया कि शिष्टमण्डल समिति द्वारा शुक्रवार शाम चार बजे स्वछता जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी। स्वछता रैली के माध्यम से लोगों को 'स्वच्छ रहें-स्वस्थ रहें' का सन्देश दिया जायेगा। गौरतलब है कि महापरिवर्तन आंदोलन एक गैर राजनीतिक सामाजिक चेतना जागृत करने का अभियान है जिसके प्रेरणाश्रोत बिहार में एसटीएफ पुलिस बल का गठन करने वाले वरिष्ठ आईपीएस विनय कुमार सिंह हैं। इनके द्वारा बिहार के बारह जिलों में ये अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बिहार को उन्नत और विकसित राज्य के रूप में पुनर्निर्माण करना है। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में एक शिष्टमण्डल समिति का गठन किया गया है जिसमें गैर राजनीतिक और अच्छे छवि को लोग शामिल हैं।

## शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के 35 पुलिस अधिकारी और पांच नागरिक होंगे सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास ,भोजपुर ,बक्सर व कैमूर में बेहतर कार्य करने वाले 35 पुलिस कर्मियों समेत पांच नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार मुख्यालय के निर्देशानुसार सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में रोहतास जिला बल के 12, बक्सर के 10 कैमूर जिला बल के 13 पुलिसकर्मीयो को घटना के उद्वेदन में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं बक्सर जिले के दो नागरिकों भी भोजपुर जिले के तीन नागरिकों को भी पुलिस के सहयोग के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोहतास जिला बल के पुलिस निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों को गोली मार कर हत्या कर देने से संबंधित गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने, घटना में प्रयुक्त किए गए बाइक, देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ घटना का उद्वेदन के मामले में सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले टीम के अन्य सदस्यों में पुलिस निरीक्षक ललन प्रसाद, बृजेश कुमार सिंह सुशांत कुमार मंडल, सिपाही अमरेश कुमार, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन कुमार, अविनाश कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज कुमार पांडेय शामिल है। इन्हें नगद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया बक्सर जिले के बक्सर थाना में जमीन विवाद को लेकर मारपीट में एक व्यक्ति के मृत्यु हो जाने के मामले में गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त लोहे व कंक्रीट से बना पीलर बरामद कर घटना का सफल उद्वेदन किया गया। इस मामले में बक्सर के एसपी मनीष कुमार, एसडीपीओ सदर धीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, यूसुफ अंसारी, मंगलेश कुमार मधुकर, एसआई विकास कुमार, चंदन कुमार व सिपाही विकास कुमार को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैमूर जिले के दो कांडों के उद्भेदन के मामले एसपी,एसडीपीओ, समेत 13 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। कुदरा थाना में वाहन चोरी से संबंधित मामले में गठित टीम द्वारा रांची पुलिस के सहयोग से अंतरराजिय वाहन चोर गिरोह के 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।चोरी कै सात स्कॉर्पियो बरामद किया गया था। वही ,कुदरा थाने क्षेत्र से डेढ़ साल के बच्चे को खेलने के क्रम में चोरी कर लिए जाने से संबंधित मामले में गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बच्चों को बरामद करने का मामला शामिल है। इस मामले में सात अभियुक्तों को गिरफ्तारी तथा मोबाइल स्कॉर्पियो आदि की बरामद की किया गया। एसपी ललित मोहन शर्मा, एस सीडीपीओ शिव शंकर कुमार को प्रशस्ति पत्र और पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार ,सिपाही टिंकू कुमार , बंटी शर्मा कृष्ण मुरारी कुमार को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। वही बच्चे के बरामदगी के मामले में कैमूर के एसपी, पुलिस निरीक्षक संजय कुमार रजक, एसआई विकास कुमार, सिपाही अमीनुल हक, अरुण कुमार, रवि राजन अकेला, कृष्ण मुरारी कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर फुटपाथी विक्रेता संघ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** स्टेशन रोड सब्जी मंडी में शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ का बैठक शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद के अध्यक्षता में बैठक की गई। कलाम आजाद ने बताया कि मुख्य रूप से कुछ मुद्दों पर विस्तार से भी चर्चा की गई। जैसे में बार बार अतिक्रमण से हो रहे बर्बादी रोक लगाने को लेकर बात हुई और जल्द से जल्द प्रस्तावित भूमि को जो 2016 में दिए गए चिन्हित की गई भूमि पर ही वेंडिग जॉन निर्माण कराया कर सभी स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदारों को हमेशा के लिए बसाया जाए दूसरा जो अहम मुद्दा है जिस में लाखो लोगो का रोजगार कर आपने परिवार का आजीविका चला रहा पालन पोषण कर रहा है एक साजिश के तहत लाखो लोगो का रोजी रोटी छीनने का एक बड़ी साजिश रची जा रही है। स्टेशन रोड सब्जी मंडी जो 38 सालो से छोटे बड़े सब्जी फल विक्रेता को स्टेशन सब्जी मंडी उजाड़ने का डर सताने लगा है अगर रोहतास उद्योग स्टेशन सब्जी मंडी बिक्री हो जाने से लाखो लोग भूखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा जब दूसरे कई राज्य से दिल्ली, यूपी, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, छरखंड, से कई बड़े छोटे व्यापारी व्यापार करने आते डेहरी विधान सभा छेत्र से कई किसान मजदूर और कई छोटे बड़े वाहन डेहरी स्टेशन रोड सब्जी मंडी से रोजगार करते आ रहे है। इस मंडी से करोड़ो का व्यापार किया जाता है। इसी मंडी से रोज कमाने वाले मजदूर का भी घर परिवार चलता है इसे उजाड़ने से लाखो लोग बेरोजगार हो जायेगे जब की शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ द्वारा 2016 में ही डेहरी नगर परिषद को पत्र लिख कर कई बार मांग की गई है की रोहतास उद्योग भूमि को लेकर जल्द से जल्द वेंडिग जॉन निर्माण करा कर सभी स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदारों को हमेशा के लिए बसाया जाए, मगर अब तक इस पर कोई सुध लेनेवाला नही है जब की भारत सरकार पथ विक्रय अधिनियम 2014 में कानून बना कर पुरे भारत में लागू किया गया अधिकारी भूमि ना होने का बहाना बना कर सिर्फ अतिक्रमण के बहाने दुकानदारों का दुकान उजाड़ने का सिवा कुछ नहीं करते हैं जब की देहरी शहर वेंडिग जॉन निर्माण कार्य करने के लिए प्रयाप्त भूमि है जो वेंडिग जॉन निर्माण कराया कर सभी स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदारों को हमेशा के लिए बसाया जा सकता है जबकि शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ शहर में अलग अलग जगहों पर वेंडिग जॉन के लिए सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि और रोहतास उद्योग भूमि को चिन्हित कर प्रस्ताव सारे बड़े अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रत्र भेजा गया है। मौके पर

भोला राइन प्रमोद सिंह, अनिल कुमार महेश कुमार, नरेंद्र कुमार, गुप्ता गोलू अनीता देवी, धमेंद्र कुमार,मुन्ना अमित कुमार सजय कुमार मुन्ना राइन मंजू देवी, जितेंद्र कुमार अमरजीत मनोज , पप्पू आदि मौजूद थे।

## महिलाओं से संबंधित अपराधों में निरंतर बढ़ोतरी को लेकर धर्मार्थ समर्पण न्यास ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले में महिलाओं से संबंधित अपराधों में निरंतर बढ़ोतरी को लेकर धर्मार्थ समर्पण न्यास, बिहार प्रदेश ने गंभीर चिंता जताई है। न्यास के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार ने रोहतास जिला प्रशासन से एक विशेष अपील करते हुए कहा कि, हर दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र में महिला उत्पीड़न, छेड़छाड़, नाबालिग बालिकाओं के लापता होने या बहला-फुसलाकर भगाने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। कई बार इन घटनाओं की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हो पाती, जिससे पीड़ित परिवारों को न्याय के लिए भटकना पड़ता है। प्रशासन अब तक इन घटनाओं के पीछे छिपे मूल कारणों को पूरी तरह से समझने में असमर्थ रहा है। धर्मार्थ समर्पण न्यास का मानना है कि महिलाओं से संबंधित अपराधों का स्थायी समाधान केवल सख्त कानूनों से नहीं, बल्कि मानसिक जागरूकता और परामर्श से ही संभव है। इस दिशा में न्यास ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि हर थाना क्षेत्र में महिलाओं और किशोरियों के लिए नियमित मानसिक काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं। रितेश कुमार ने इस संबंध में कहा, हमारा उद्देश्य केवल समस्याओं की ओर इशारा करना नहीं है, बल्कि उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाना है। हर थाना क्षेत्र में महिलाओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए, यही हमारी प्राथमिकता है।

इसके साथ ही रितेश कुमार ने जिले के सभी थाना प्रभारियों से यह भी अपील की है कि महिला संबंधित मामलों, विशेषकर लापता और बहला-फुसलाकर भगाई गई लड़कियों के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और ऐसे मामलों में पारदर्शिता बनी रहे।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**डिहरी ऑन सोन।** साईं नेत्र चिकित्सालय की टीम आज विश्रामपुर गांव के सामुदायिक भवन में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाई गई। चेनारी विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुर पास स्थित इस शिविर में नवजात से लेकर बुजुर्गों तक की आंखों की जांच मुफ्त की गई। साईं आंख अस्पताल निलेश कुमार व शनि कुमार मरीजों का चेक कप किया गया। मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) महिला प्रदेश अध्यक्ष व दलित मजदूर किसान मोर्चा राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष व पुलिस इंडिया रिफॉर्म महिला प्रदेश अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन महिला प्रदेश अध्यक्ष व गौ रक्षक सेना राष्ट्रीय महासचिव व भावी विधायक सलोनी देवी किया गया उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को ऑपरेशन की जरूरत होगी, उन्हें मुफ्त गाड़ी से अस्पताल ले जाया जाएगा। इलाज के बाद वापस गांव तक छोड़ने की व्यवस्था भी की गई है। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा बच्चों में तिरछापन, आनुवांशिक मोतियाबिंद और पलकों की समस्याओं का भी निःशुल्क इलाज करेंगे। डा. अरविंद कुमार के अनुसार, ऑपरेशन के लिए मरीजों को अपना आधार कार्ड, उसकी कॉपी और मोबाइल लाना जरूरी है। आयुष्मान कार्ड धारक अपना कार्ड भी साथ लाएं। साईं नेत्र चिकित्सालय बिहार का प्रमुख नेत्र संस्थान है।


**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**
Email-ID-bocgarhwa@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से दिनांक–07.04.2025 से 17.04.2025 तक एक विशेष राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान शुरू कर रहा है, जिसमें सभी गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों का ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना है। यह अभियान आयुश्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के तहत व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिक यथा :– राइड– शेयरिंग, फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और फ्रीलांस सेवाएँ शामिल है।
- प्रमुख प्रावधानों में शामिल है :–
  - ई–श्रम पोर्टल पर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक का पंजीकरण।
  - आधिकारिक पहचान पत्र जारी करना।
  - (AB-PMJAY) के तहत 31,000 से अधिक सूचीबद्ध) अस्पतालों में प्रति परिवार 5 लाख रूपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।
- उक्त श्रमिकों का पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिनांक–07.04.2025 से 17.04.2025 तक चलाया जा रहा है।
- सभी प्लेटफॉर्म आधारित गिग श्रमिकों को इस विशेश अभियान में भाग लेने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।
- सभी संबंधित गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिक नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से अथवा स्वयं भी https://register.eshram.gov.in लिक के माध्यम से ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा

PR 350062 Labour Employment and Traning(25-26)#D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No -01/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Sadar Hospital, Palamu, Jharkhand** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :– (1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 11.04.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 19.04.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 21.04.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj.

PR.NO.350023 Building(25-26):D



**पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र डालटनगंज।**
**निविदा सूचना**
**वित्तीय वर्ष 2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस उप–महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र, डालटनगंज के कार्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्टेशनरी सामानों/कार्यालय कार्य में उपयोग के लिए दर निर्धारण करने एवं क्रय करने हेतु जी0एस0टी0 निबंधित दुकानों/प्राधिकृत विक्रेताओं से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

सभी इच्छुक निविदादाता दिनांक–11/04/2025 से प्रत्येक कार्य दिवस पर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि–02/05/2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक होगी तथा दिनांक–05/05/2025 अपराह्न 03:00 बजे निविदाएं खोली जाएगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता अपने आपूर्ति किये जाने वाले सामानों के नमूना के साथ अवश्य उपस्थित रहेंगे। निविदा देने के संबंध में किसी तरह की अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट्ट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत हो जाएगी उसे निर्धारित समय अवधि पर सामानों की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। बिना किसी पूर्व सूचना दिये अथवा कारण दर्शाये उक्त निविदा को रद्द करने का या परिवर्तित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले वस्तुओं (जैसे लेखन सामग्री, विद्युत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री) की आवश्यकता होती है, जिनकी आपूर्ति अल्प अवधि में करना होता है।

निविदा में दिये गये निम्नलिखित सामान प्रति अद्द/पैकेट/मि0ली0/ईंच/सेट/गुच्छा/रिम/बॉक्स इत्यादि के अनुसार होना चाहिए।
1.निविदा खोलने का स्थानः–पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।
2.निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः– 02/05/2025
3.निविदा का टेक्निकल वीड़ खोलने की तिथिः– 05/05/2025
4.निविदाकर्त्ता का Tax Pay Identification (TIN)/ GST होना अनिवार्य है।
5.Sales Tax Clearance प्रमाण–पत्र होना चाहिये। (विगत तीन माह पूर्व का कम से कम)
6.आयकर रिटर्न की प्रति (विगत तीन वित्तीय वर्ष का) होना चाहिये।

| क0सं0 | सामानो का नाम | प्रति पीस |
|---|---|---|
| 1 | हैंड सेनेटाइजर स्प्रे 500 ml | प्रति पीस |
| 2 | हैंड वास (पम्प ) 200 ml | प्रति पीस |
| 3 | टॉयलट ब्रस | प्रति पीस |
| 4 | फिनाईल ( काला व सफेद ) | प्रति ली0 |
| 5 | फिनाईल गोली | प्रति पैकेट |
| 6 | फुल झाडू | प्रति पीस |
| 7 | नारियल झाडू | प्रति पीस |
| 8 | हारपिक | प्रति पीस |
| 9 | ओडोनिल | प्रति पीस |
| 10 | सर्फ एक्सल पाउडर | प्रति KG |
| 11 | हिट ( 625 ml) | प्रति पीस |
| 12 | रूम स्प्रै (गोदरेज) | प्रति पीस |
| 13 | कोलिन (500 ml) | प्रति ली0 |
| 14 | एसिड | प्रति बोतल |
| 15 | पोछा (कपडा लगा) | प्रति पीस |
| 16 | उजाला नील | प्रति पीस |
| 17 | पेंसिल बैटरी | प्रति पीस |
| 18 | पेन ( Trimax) | प्रति पीस |
| 19 | रिफिल ( Trimax) | प्रति पीस |
| 20 | पेन ( बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 21 | रिफिल (बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 22 | कॉर्बन | प्रति पैकेट |
| 23 | टैग (रेशम ) | प्रति पीस |
| 24 | टेकुआ | प्रति पीस |
| 25 | स्टाम्प पैड ( इंक 700 ml ) | प्रति बोतल |
| 26 | करेक्सन इंक ( वाईटनर) | प्रति पीस |
| 27 | CD सोनी | प्रति पीस |
| 28 | पेपर पीन | प्रति डब्बा |
| 29 | स्केच पेन | प्रति पीस |
| 30 | हाईलाइटर | प्रति पीस |
| 31 | नोट बुक (रिंग वाला छोटा) | प्रति पीस |
| 32 | HP लेजर जेट कॉटिज 78A | प्रति पीस |
| 33 | HP लेजर जेट कॉटिज 88A | प्रति पीस |
| 34 | क्योसेरा टोनर (टास्क अल्फा 220 ) | प्रति पीस |
| 35 | Key बोर्ड ( TVS ) | प्रति पीस |
| 36 | माउस | प्रति पीस |
| 37 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी A4) | प्रति पीस |
| 38 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी FS A) | प्रति पीस |
| 39 | स्टेप्लर मशिन ( बडा HD45) | प्रति पिस |
| 40 | सेन्चुरी 75 GSM A4 | प्रति पैकेट |
| 41 | सेन्चुरी FS & 75 GSM | प्रति पैकेट |
| 42 | HP Leaserjet 1022N(12A) | प्रति पीस |
| 43 | स्टेप्लर मशिन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 44 | स्टेप्लर पीन ( बडा ) | प्रति पीस |
| 45 | स्टेप्लर पीन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 46 | नोटशीट पेपर | प्रति पीस |
| 47 | स्टांम्प पैड ( बडा ) | प्रति पीस |
| 48 | स्टांप पैड छोटा | प्रति पीस |
| 49 | पेंसिल ( नटराज) | प्रति पीस |
| 50 | रबर ( मिटाने वाले ) | प्रति पीस |
| 51 | कटर | प्रति पीस |
| 52 | पेपर वेट | प्रति पीस |
| 53 | फलैग | प्रति पीस |
| 54 | फलैट फाईल | प्रति पीस |
| 55 | निर्गत पंजी | प्रति पीस |
| 56 | उपस्थिति पंजी | प्रति पीस |
| 57 | कलकुलेटर ( बडा ) | प्रति पीस |
| 58 | कैश बुक | प्रति पीस |
| 59 | स्टॉक पंजी | प्रति पीस |
| 60 | कवर फाईल | प्रति पीस |
| 61 | मार्कर पेन | प्रति पीस |
| 62 | सेलो टेप | प्रति पीस |
| 63 | पंचींग मशिन | प्रति पीस |
| 64 | धागा (रजिस्टर सिलाई हेतू प्रति गोला) | प्रति गोला |
| 65 | सुई रजिस्टर सिलाई हेतू | प्रति पीस |
| 66 | रूलदार कागज (रजिस्टर बनाने वाला) | प्रति रीम |
| 67 | सादा कागज (रजिस्टर बनााने वाला) | प्रति रीम |
| 68 | ब्राउन पेपर (मोटा फलाई लिफ बनााने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 69 | ब्राउन पेपर (पतला फलाई लिफ बनााने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 70 | कार्ड बोड मोटा ( 144 सीट ) | प्रति ब्रुश |
| 71 | पेपर कटर ( चाकू स्टील) | प्रति पीस |
| 72 | कुट 32 नम्बर | प्रति बंडल |
| 73 | बांईडिंग कपडा 20 मिटर | प्रति थान |
| 74 | मॉबल पेपर | प्रति सीट |
| 75 | गोन्द 700 ml | प्रति बोतल |
| 76 | गोन्द 300 ml | प्रति बोतल |
| 77 | स्केल इंच( स्टील का 24 ) | प्रति पीस |
| 78 | स्केल इंच( स्टील का 12 ) | प्रति पीस |
| 79 | लॉह (सील वाला ) | प्रति पैकेट |
| 80 | डाटा केबल | प्रति पीस |
| 81 | UPS बैटरी | प्रति पीस |
| 82 | एक्टेंशन बोर्ड | प्रति पीस |
| 83 | स्टांप | प्रति पीस |
| 84 | Fevi Gum 200 ml/पीस | प्रति पीस |
| 85 | सेलो टेप (बड़ा) | प्रति पीस |
| 86 | सेलो टेप (छोटा) | प्रति पीस |
| 87 | 158A Cartridge | प्रति पीस |
| 88 | प्रींटेड फाईल | प्रति पीस |
| 89 | स्टीक फाईल | प्रति पीस |
| 90 | क्लियर बैग | प्रति पीस |
| 91 | सिगनेचर पैड | प्रति पीस |
| 92 | एलौटमेंट रजिस्टर | प्रति पीस |
| 93 | आगत पंजी | प्रति पीस |
| 94 | एल0ई0डी0 बल्ब 09 वाट | प्रति पीस |
| 95 | एल0ई0डी0 बल्ब 12 वाट | प्रति पीस |
| 96 | एल0ई0डी0 बल्ब 25 वाट | प्रति पीस |
| 97 | एल0ई0डी0 बल्ब 50 वाट | प्रति पीस |
| 98 | ट्यूब लाईट कम्पलिट सेट | प्रति पीस |
| 99 | एच0पी0 लेजर जेट 152ए कार्टिज | प्रति पीस |

पुलिस उप–महानिरीक्षक,
पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।

PR 350011 Police(25-26)D

# जल समस्या को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में मेसकौर प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में जल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जल संकट से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उपस्थित सभी अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से फीडबैक प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की जल संबंधी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा समाधान के लिए सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सभी क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बारत पंचायत के मुखिया श्री नागेश कुमार ने अपने वार्डों में जल समस्या की जानकारी दी। भरोसा पंचायत के मुखिया बसंत काशी ने बताया कि वार्ड संख्या 1 में नल-जल योजना कार्यरत है, लेकिन वार्ड संख्या 6 एवं 7 में नल-जल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश दिया कि जिन वार्डों में नल-जल की व्यवस्था है, वहां उसे दुरुस्त करें तथा सभी वार्डों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जल की उपलब्धता, वितरण और उसके संरक्षण के उपायों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने सभी से जल समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि जल संकट को गंभीरता से लेते हुए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे ताकि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जल के समुचित उपयोग एवं उसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल समस्या के स्थानीय समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जल संकट के समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की और कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी नागरिकों को पर्याप्त और सुरक्षित जल मिल सके। जिलाधिकारी ने स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और आपूर्ति की योजना को शीघ्र लागू करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने अंचल अधिकारी, एसडीओ पीएचईडी एवं कनीय अभियंता पीएचईडी को निर्देशित किया कि मेसकौर प्रखंड के सभी पंचायतों के सभी वार्डों का स्थलीय निरीक्षण कर पेयजल संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करें एवं जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आदित्य कुमार पीयूष (अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली), राजीव कुमार (गोपनीय शाखा प्रभारी), नवीन कुमार पांडे (जिला पंचायती राज पदाधिकारी), अरुण कुमार (कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा), अंचलाधिकारी तथा मेसकौर प्रखंड के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ में निर्माणाधीन घंटाघर को लेकर भ्रामक खबरों का खंडन, नगर आयुक्त ने की स्थिति स्पष्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीपु।** नालंदा के जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में निर्माणाधीन घंटाघर (वॉचटावर) को लेकर कुछ स्थानीय अखबारों और सोशल मीडिया हैंडल्स पर फैलाई जा रही भ्रामक खबरों पर बिहारशरीफ के नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बुधवार को स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि घंटाघर का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए इसके उद्घाटन की बात पूरी तरह से बेबुनियाद और भ्रामक है।



नगर आयुक्त ने बताया कि घंटाघर नाला रोड परियोजना का हिस्सा है और नाला रोड का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही इस पूरी परियोजना का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कुछ खबरों में घंटाघर के निर्माण पर 40 लाख रुपये खर्च होने के दावे को भी खारिज करते हुए कहा कि इसका निर्माण इससे कहीं कम लागत में किया जा रहा है।

उन्होंने उन खबरों का भी खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि घंटाघर की घड़ी उद्घाटन के 24 घंटे के भीतर ही खराब हो गई। मिश्रा ने कहा कि जब निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हुआ और उद्घाटन नहीं हुआ, तो घड़ी खराब होने की बात पूरी तरह निराधार है। बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी लिमिटेड ऐसी भ्रामक खबरों का पूरी तरह खंडन करती है।

नगर आयुक्त ने बताया कि घंटाघर के डिजाइन पर अभी काम चल रहा है और नाला रोड का निर्माण पूर्ण होने के बाद ही इसका उद्घाटन होगा। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि घंटाघर का निर्माण पूरा होने के बाद ही इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने निर्माण लागत को लेकर गलत जानकारी फैलाने वाली खबरों को भी भ्रामक करार दिया।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जैन धर्मावलंबियों ने किया सामूहिक अनुष्ठान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर जैन समाज द्वारा स्थानीय जैन मंदिरों में एक घंटा 35 मिनट का विशेष धर्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। विश्वव्यापी इस आयोजन में स्थानीय जैन धर्मावलंबियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवादा जिला मुख्यालय स्थित जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र के साथ ही श्री दिगम्बर जैन मंदिर में स्थानीय जैन समाज से जुड़े प्रतिनिधियों ने बुधवार को प्रातः दैनिक अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन-अर्चना की। तत्पश्चात विश्व नवकार महामंत्र दिवस के आलोक में प्रातः 8.01 बजे से 9.36 बजे तक एक घंटा 35 मिनट के लिए सामूहिक नवकार महामंत्र का पाठ कर जीव मात्र के कल्याण की कामना की। जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक दिवस के एक दिन पूर्व 9 अप्रैल बुधवार को पूर्व निर्धारित समय पूर्वाह्न 8.01 बजे से 9.36 बजे तक जैन धर्मावलंबियों ने वैश्विक स्तर पर नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि जैन धर्म का नवकार महामंत्र एक ऐसा शक्तिशाली सर्वमंगलकारी मंत्र है, जो प्रत्येक जीवात्मा के हृदय में अद्भुत सुख, शांति व समृद्धि के साथ ही सम्यक ज्ञान, दर्शन, चरित्र व ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर एक ही समय पर आज किये गये नवकार महामंत्र के पाठ से निकले तरंगों के माध्यम से विश्व भर के करोड़ों जैन धर्मावलंबियों ने जीव मात्र के कल्याण के साथ ही विश्व बंधुत्व की मंगलकामना की। आयोजन के अंतिम सत्र में भक्ति गीत व मंगल आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वमंगलकारी एवं सर्वहितकारी इस आयोजन में जैन समाज के दीपक जैन के साथ ही सुषमा जैन, लक्ष्मी जैन, अभिषेक जैन, रौशन जैन, खुशबू जैन, श्रुति जैन, मोनू जैन, अशोक कुमार जैन, शीला जैन, अभय कुमार जैन, सुनीता जैन बड़जात्या, उदय जैन व चंदा जैन सहित सभी जैन धर्मावलंबियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल आयोजन के लिए डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन का पूर्व तैयारियां के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि 04 से 15 मई तक खेल अकादमी, राजगीर, नालंदा में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतर्गत खेल का आयोजन नालंदा जिला में प्रस्तावित है। समीक्षा के क्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए आवासन, भोजन, सुरक्षा, विधि व्यवस्था, खेल मैदान की व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, ट्रांसपोर्टेशन, शौचालय, प्रचार प्रसार, लाईटिंग आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपरसमाहर्ता, अपरसमाहर्ता आपदा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडलाधिकारी, सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# रैतर गांव से 501 कलश के साथ निकली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** गिरियक प्रखंड स्थित रैतर गांव से 501 कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश लेकर महिलायें एवं बच्चे विष्णु धाम पंचाने नदी पहुंचे जहां से जलभर कर रैतर लक्ष्मी नारायण मन्दिर में रखा गया। कलश शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मन्दिर से 01 कलश, 10 घोड़ा, दो ऊंट, रथ गाजे-बाजे के साथ निकाली गई और यह रांची रोड होते हुए गिरियक विष्णु धाम पंचाने नदी से पवित्र जल भर कर रैतर हनुमान मन्दिर छठ घाट से होते हुए बंगलापर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, सूर्य मन्दिर, विश्वकर्मा मंदिर होते हुए काली स्थान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर में भरा हुआ पवित्र जल लक्ष्मी नारायण मंदिर में कलश स्थापित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रैतर गांव में लगभग 100 वर्षों से लक्ष्मी नारायण मंदिर में अखंड कीर्तन नहीं किया गया था। इसी को लेकर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से अखंड कीर्तन का आयोजन करने के लिए तैयार हुए और रैतर पंचायत के 12 गांव में निमंत्रण देकर बुलाया गया। बुधवार से कलश यात्रा शुरू किया गया और गुरुवार को सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया जाएगा। जिसमें हरे कृष्णा, हरे रामा के उदघोष शुरू किया जाएगा। 11 अप्रैल को वैदिक मंत्रों के साथ अखंड कीर्तन का समापन किया जाएगा एवं 03 बजे से 11 बजे रात भोज भंडारा का गांव में आयोजन किया जाएगा।

# कौआकोल में निकाली गई रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदु संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को कौआकोल प्रखण्ड में रामनवमीं की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ हजारों राम भक्तों ने भाग लिया एवं तपती धूप में जय श्री राम के नारे लगाते चल रहे थे। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी के बीच शांति व सौहार्द के माहौल में शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। भव्य रथ पर सवार भगवान राम, मां सीता,लक्ष्मण तथा हनुमान की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। शोभा यात्रा की शुरुआत थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव से आरंभ हुई। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान को चंदन लगाकर एवं आरती उतारकर शोभा यात्रा की शुरुआत की। जिसके बाद शोभयात्रा जोगाचक, कौआकोल बाजार, दुर्गामंडप से रानीबाजार सूर्य मंदिर तक पहुंचा। उसके बाद पुनः वहां से बीझो मार्ग होते हुए गायत्री मंदिर के पास पहुंचकर समाप्त हुई। जहां राम भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल युवा भगवा पताका व तिरंगा झंडा लहराते चल रहे थे। उत्साही राम भक्त जय श्री राम, भारत माता की जय, वन्दे मातरम आदि नारे लगा रहे थे। वहीं शोभा यात्रा के दौरान निकाली गई झांकी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभा यात्रा को लेकर कौआकोल बाजार की सभी दुकानें बंद रही एवं बाजार को भगवा पताखों से पाट दिया गया। वहीं संवेदनशील इलाके में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ साथ रैफ एवं एसटीएफ के जवानों के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान मुस्तैद दिखे। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में जगह जगह पर विभिन्न समाजसेवियों एवं संस्थाओं व ग्रामीणों द्वारा शीतल पेय जल, नींबू पानी, हलवा, कोल्ड ड्रिंक्स, लस्सी आदि की भी व्यवस्था की गई थी। जोगाचक एवं ब्लॉक गेट के पास प्रखण्ड के प्रखर समाजसेवी सम्राट विकास यादव के द्वारा स्टॉल लगाकर निःशुल्क पानी बोतल, लस्सी एवं कोल्ड ड्रिंक्स का वितरण किया गया जबकि स्थानीय राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने भी सद्भाव का परिचय देते हुए अपने हाथों से कौआकोल बाजार में पानी बोतल का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया। जुलूस को लेकर इलाके में भक्ति का वातावरण कायम रहा।

# जैन मंदिर नवादा में णमोकार महामंत्र की गूंज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जैन समाज नवादा के द्वारा नवकार महामंत्र दिवस को बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में सुबह 8 बजे णमोकार दिवस का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर जैन भवन नवादा में जैन समाज के सभी स्त्री, पुरुष एवं बच्चे श्वेत एवं केसरिया वस्त्र पहनकर सुबह से ही एकत्रित थे। सुबह 8:00 बजे से णमोकार महामंत्र का जप शुरू हुआ जो 9:30 बजे तक लगातार चलता रहा। सभी लोग एक साथ णमोकार मंत्र का उच्चारण करते रहे। आज के दिन पूरे विश्व में एक साथ णमोकार दिवस मनाया जा रहा है । जैन समाज के सचिव मनोज जैन ने बताया कि नवकार दिवस मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में शांति सद्भाव अहिंसा विनम्रता एवं आध्यात्मिक उत्थान को कायम रखना है।

# महादलित परिवारों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विशेष शिविर के पूर्व तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं विकास मित्रों के साथ बैठक की गई। इस दौरान महादलित परिवारों को सरकार के लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही गई। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, एमो राकेश कुमार गुप्ता एवं पीएचसी मैनेजर इरशाद अहमद भी मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत बिहार महादलित विकास मिशन पटना के द्वारा विकास शिविर का आयोजन पंचायतवार किया जाना है। इस शिविर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सर्व सुलभ कराया जाएगा एवं लाभ से वंचित लोगों को आच्छादित करना एवं अभियान के दौरान जो छूट गए हैं, उन्हें भी ऑन स्पॉट लाभ दिया जाएगा। शिविर में राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, आंगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना, आधार कार्ड निर्माण, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह द्वारा सतत जीविकोपार्जन, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर नल-जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की नाली-गली निश्चय योजना, मनरेगा जॉब कार्ड इव बंदोबस्ती आदि सरकारी योजनाओं का लाभ अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को दिया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को हरदिया में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है,जिसमें जिला से वरीय पदाधिकारी की टीम मौजूद रहेंगे वहीं 19 अप्रैल से पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जाना है।

# दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद की गयी पूर्व मंत्री गायत्री देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रदेश के पूर्व मंत्री रही स्व गायत्री देवी को आज उनके दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। शहर के प्रसाद बिगहा स्थित व्हाइट हाउस के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर श्रधांजलि दी गयी। जब तक सूरज चांद रहेगा, स्व गायत्री देवी का नाम रहेगा। गायत्री देवी अमर रहे से गूंजा व्हाइट हाउस। दूसरी पुण्य तिथि के मौके पर नम आंखों से याद की गई पूर्व मंत्री गायत्री देवी। नवादा के पूर्व विधायक व उनके बड़े पुत्र कौशल यादव, गोविंदपुर के पूर्व विधायक पूर्णिमा देवी, विनय यादव ने दिवगंत पूर्व मंत्री गायत्री देवी के तैलीय चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किए । बिहार सरकार के पूर्व राज्य मंत्री गायत्री देवी के दूसरी पुण्य तिथि के अवसर पर शहर के प्रसाद बीघा स्थित व्हाइट हाउस के परिसर में दिवंगत पूर्व राज्य मंत्री गायत्री देवी के तैलीय चित्र पर श्रद्धांजलि समारोह अर्पित किया गया। गौरतलव है कि आज से ठीक दो साल पहले इनका निधन हुआ था। आज समर्थकों, परिजनों ने पुष्पांजलि अर्पित किए।



इस दौरान नवादा के पूर्व विधायक कौशल यादव, गोविंदपुर के पूर्व विधायक पूर्णिमा देवी, विनय यादव ने दिवगंत पूर्व मंत्री गायत्री देवी के तैलीय चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस श्रद्धांजलि समारोह में जिले के कई गणमान्य दिग्गज नेताओं कई मुखिया, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद सदस्य रणजीत कुमार उर्फ चुन्नू बाबू, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पिंकी भारती, मौली सिंह, ओहारी मुखिया अवधेश महतो, कैलाश यादव, यदु यादव, पेश मुखिया वेणु यादव, अजय यादव, नारायण मोहन स्वामी, नरेश यादव, रघुनाथ यादव, कई गणमान्य लोगों ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित किए।

# 13 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में चार एवं अन्य गिरफ्तारी नौ कुल 13 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 220 लीटर महुआ शराब एवं 10.867 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 421 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 25 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02 एवं मोटरसाइकिल 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# बाल संसद के लिए कराया गया मतदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नारदीगंज।** प्रखंड के बुनियादी विद्यालय नारदीगंज , में बाल संसद गठन के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव का आयोजन किया गया । बाल संसद के चुनाव करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना और अपने कार्यों के प्रति दायित्व ने निर्वहन के लिए जागरूक बनाने में सहयोग करता है कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और उनको लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधान मंत्री पद के साथ बाकी और सभी पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपना अपना नॉमिनेशन करवाया उसके बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न प्रदान किया गया। सभी ने प्रचार प्रसार किया और ईवीएम के माध्यम से वोटिंग कराया गया मतदान प्रक्रियाओं को पारदर्शी और वास्तविक अनुभव देने के लिए बच्चों की उंगलियों पर नीले रंग का निशान लगाया गया उसके बाद रिजल्ट की घोषणा हुई और सभी मंत्रियों ने अपने-अपने पद को लेकर शपथ ग्रहण किया इस पूरे कार्यक्रम में बुनियादी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पल्लवी लिसा मैम साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा पीरामल फाउंडेशन से दीक्षा कुमारी भी मौजूद थी और साथ ही स्कूल के पूर्व मंत्री भी उपस्थित थे।

# जदयू-भाजपा और राजद की सरकारों ने किया बिहार को बदहाल : सरला दीदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शहर के होटल स्ट्रीट हाइवे में जनसुराज के बैनर तले सरला दीदी के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में होने वाले बिहार बदलाव रैली को लेकर यह प्रेस वार्ता किया गया है। इस रैली में नवादा से हज़ारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में जदयू और भाजपा की सरकार ने स्कूल में खिचड़ी, कॉलेज में बिना पढ़ाई की डिग्री वाला बिहार बना दिया है। बिहार मजदूरों की फैक्ट्री बन गयी है। बिहार के स्कूलों में खिचड़ी और कॉलेजों में बिना पढ़ाई की डिग्री मिल रही है। जहां हुनर और शिक्षा होनी चाहिए थी, वहाँ सिर्फ भ्रष्टाचार, घोटाले और दिखावटी योजनाएं बची हैं। पिछले 35 सालों में नीतीश-मोदी और लालू की सरकारों ने पूरे बिहार को मजदूरों की फैक्ट्री बना दिया है। कब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था यूं ही मजाक बनी रहेगी? कब तक बिहार के युवा पलायन करते रहेंगे?

बिहार में लूट का तरीका बदल गया, लेकिन जनता की लूट आज भी जारी है। लालू राज में अपराधी बंदूक से डराकर लूटते थे, वहीं अब नीतीश-मोदी राज में अफसर कलम चलाकर दिन दहाड़े डाका डाल रहे हैं। जाति प्रमाण पत्र हो या फिर राशन कार्ड, पीएम आवास योजना हो या गरीबों को मिलने वाला पेंशन, हर जगह घूसखोरी, हर दफ्तर में भ्रष्टाचार। बिहार में बिना घूस के कोई काम नहीं हो सकता। ये है नीतीश-भाजपा के अफसरों का जंगल राज। बिना योजना, बिना जनसहमति जबरन थोपा गया भूमि सर्वेक्षण। हर गांव और हर परिवार के लिए अभिशाप बन चुका है। गलत भूमि अभिलेख, अफसरों की मनमानी और जमीन के दाखिल-खारिज में फैला भ्रष्टाचार, यह है नीतीश-भाजपा की सरकार। बिजली के गलत बिल और स्मार्ट मीटर के नाम पर गांव-गांव में गरीबों परेशान किया जा रहा है।

# विधायक ने भदोखरा पंचायत का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत भदोखरा पंचायत में सदर विधायक विभा देवी ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के विभिन्न गांवों में लंबित जनहित योजनाओं का निरीक्षण किया और कई योजनाओं का चयन कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने तेतरिया, बढ़ी बिगहा, धीरज नगर, पुर्नाडीह और अजलत बिगहा जैसे गांवों का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने दर्जनों जनहित योजनाओं को मंजूरी दी और कार्य निष्पादन के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू करने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष सड़क निर्माण, पीसीसी ढलाई, पेयजल के लिए पहाड़ी चापाकल और नली-गली जैसी योजनाओं की मांग रखी। विधायक ने अति महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए शीघ्र कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक का काफिला केना पंचायत के देदौर गांव पहुंचा, जहां भी महत्वपूर्ण जनहित योजनाओं का चयन किया गया। इस अवसर पर अनिल प्रसाद सिंह, रवींद्र यादव, अरुण सिंह, भोला यादव, राजेश कुमार, किशुन चौहान, रामोतार माहतो, रौशन कुमार सहित सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्राम कचहरी सचिवों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 11 अप्रैल को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया गया कि 11 अप्रैल 2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे डीआरसीसी कार्यालय, बुधौल में ग्राम कचहरी सचिवों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत चयनित अभ्यर्थियों को उनके पदों पर कार्यभार ग्रहण करने से संबंधित आवश्यक जानकारी और दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं और सुनिश्चित किया है कि काउंसलिंग के दौरान सभी चयनित अभ्यर्थियों को सही प्रक्रिया के तहत मार्गदर्शन मिले।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि ग्राम कचहरी सचिवों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट रूप से समझाया जाएगा और उन्हें प्रशासनिक कार्यों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही, चयनित अभ्यर्थियों से प्रशासनिक कार्यों में सहयोग की अपील भी की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित विभागों को यह निर्देश दिया कि काउंसलिंग कार्यक्रम की पूरी तैयारी समय से पूरी की जाए और सभी संबंधित अधिकारी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित सेक्टर-ए के नीचे टोला में सात दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ के आयोजकों ने बताया कि काली मंडा के प्रांगण में सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुगण बुधवार को एकत्रित हुए और हाथों में कलश लेकर धनार्जय नदी के समीप पहुंच कलश में जल भरकर यज्ञस्थल पर पहुंचे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक

## हर स्तर पर मुकम्मल व्यवस्था करवाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 का आयोजन 03 मई से 15 मई, 2025 तक गया जिले के बिपार्ड तथा आईआईएम बोधगया में निर्धारित है।साथ ही साथ गया जिले के अलावा बिहार राज्य के अन्य जिलों में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को बिहार के मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के सफल आयोजन हेतु संबंधित जिलों के डीएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया।बैठक में खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के आयोजन के अवसर पर सहभागी सभी खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारी एवं सहायकों के लिए गया जिले में आवासन, परिवहन एवं अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रेम सिंह मीणा एवं पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षत्रनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़ कर गया जिले की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया गया।बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम की आयोजन पर काफी गंभीर है।उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई कमी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए।हर स्तर पर मुकम्मल व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने बताया कि गया जिले में सात प्रकार के खेल का आयोजन होना है, जिसके दृष्टिकोण से सभी मूलभूत सुविधाओं को अच्छे से तैयार कर लें।गया जिले में लगभग 2200 की संख्या में खिलाड़ी, सपोर्टिंग स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ एवं अन्य पदाधिकारी कर्मी शामिल होंगे। बैठक में डीडीसी, नगर आयुक्त, आयुक्त के सचिव, सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, ज़िला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लुप्त सरस्वती नदी की प्रवाह विशेषताओं पर व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी (गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पर्यावरण विज्ञान विभाग (ईवीएस) ने 'ए ग्लिम्प्स इनटू डिस्चार्ज करैक्टरिस्टिक्स ऑफ़ दी लॉस्ट सरस्वती रिवर विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यान डॉ. कुमार गौरव, सह प्राध्यापक, भोपाल के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) ने दिया। डॉ. गौरव पर्यावरण जल विज्ञान और नदी प्रणालियों के एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, उन्होंने प्राचीन सरस्वती नदी के जल विज्ञान पैटर्न और निर्वहन विशेषताओं का गहन विश्लेषण किया जो एक ऐसा विषय जो विद्वानों और पर्यावरणविदों दोनों को आकर्षित करता रहा है। व्याख्यान में डॉ. कुमार गौरव ने प्राचीन लुप्त नदी सरस्वती के प्रवाह निर्वहन और चौड़ाई को मापने के लिए किए गए एक अध्ययन के निष्कर्षों पर चर्चा की। इस नदी का उल्लेख ऋग्वेद और कई अन्य वैदिक साहित्य में कई स्थानों पर किया गया है। लुप्त सरस्वती नदी को उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में एक बड़ी नदी के रूप में वर्णित किया गया है जो हिमालय से अरब सागर तक बहती थी। एक सदी से भी पहले यह सुझाव दिया गया था कि सरस्वती एक बड़ी नदी थी जो सतलुज-यमुना इंटरफ्लू में बहती थी, एक ऐसा क्षेत्र जो अब ऐसी किसी भी बड़ी नदी प्रणाली से रहित है। इस अध्ययन में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपग्रह रिमोट सेंसिंग डेटा और फ्लूवियल जियोमॉर्फोलॉजी का उपयोग किया गया।

## एक नजर

### मो. काशिफ अंसारी बने अध्यक्ष

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरकार राज्य मंत्री मंडल द्वारा प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नगर प्रखंड के जदयू अध्यक्ष मोध काशिफ अंसारी को अध्यक्ष बनाए जाने सहित तमाम प्रखंडों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य बनाए जाने पर जदयू अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने बधाई दी है और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### एसएसपी ने की समीक्षा

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में नगर पुलिस अधीक्षक, गया, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं जिले के सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुए।बैठक के दौरान एसएसपी आनंद कुमार ने सभी थानों की माह भर की उपलब्धियों की समीक्षा किए। जिसमें गिरफ्तारी आंकड़ा, लंबित कांडो एवं कुर्की/वारंट/इश्तिहार का निष्पादन के साथ अन्य सभी कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया।तत्पश्चात उन्होंने विगत माह के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए बेहतर अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जल संसाधन विभाग की टीम पंचमहला पहुंची

**टिकारी (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के नीचले इलाके और अरवल - जहानाबाद के क्षेत्र में पटवन के लिए बियर बांध निर्माण को लेकर जल संसाधन विभाग की टीम बुधवार को पंचमहला पहुंची।मोरहर नदी में इंजीनियरों की टीम ने घंटों मापी की और नक्शा के साथ स्थल चिन्हित करते रहे। इंजीनियरों ने किसानों से बातचीत कर स्थिति का आकलन किया। नदी में विभिन्न स्थानों पर जल की उपलब्धता का आकलन किया। जल संसाधन विभाग के गया के मुख्य अभियंता परववेज अख्तर, अधीक्षण अभियंता परवेज इकबाल, कार्यपालक अभियंता क्षितीज कुमार समेत कई इंजीनियर की टीम ने स्थल का जायजा लिया। गया की इंजीनियरों की टीम के साथ विभाग की टेक्नीकल टीम में कई इंजीनियर भी मौजूद थे। किसानों के साथ क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार भी स्थल पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि सिंचाई की समस्या से किसान परेशान है। किसानों की परेशानी को सरकार के स्तर पर रखा गया है।पहल के बाद बियर बांध निर्माण को लेकर विभागीय टीम पहुंची है। किसान नेता कृष्णा कुमार ने कहा कि सही स्थान पर बियर बांध बनने से टिकारी प्रखंड की केसपा, संडा, चैता, मखदुमपुर, नोनी, रुपसपुर के अलावा अरवल और जहानाबाद के इलाके की हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी।. फेनागी के पास बियर बांध बनने से नीचले इलाके में पानी नहीं पहुंचने से किसानों को फिलहाल परेशानी हो रही है। इस मौके पर केसपा मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, कौशल कुमार, वार्ड सदस्य निरंजन कुमार, ओम प्रिय, संजय कुमार मौजूद थे।

### सचिव ने मामले का निष्पादन करने का दिया निर्देश

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले साल के द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास के अध्यक्षता में वन विभाग, माप तौल एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बुधवार को एक बैठक आयोजित किया गया।सचिव ने अधिक से अधिक संबंधित मामलों में नोटिस करने एवं सुलहवार्ता कर मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।साथ ही पंचायती राज्य पदाधिकारी को 10 मई को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर प्रचार प्रसार एवम ग्राम कचहरी के मामलों को सुलह समझौते से निपटाने का दिशानिर्देश दिया।

### सरकारी अंगरक्षक का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

**टिकारी (गया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के सरकारी अंगरक्षक आशुतोष कुमार मिश्रा का पार्थिव शरीर बुधवार को अपने पैतृक गांव लाव पहुंचा। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार की रस्म अदा की गई वहीं सीआरपीएफ के जवानों ने घर पर शोक परेड किया जिसके बाद भीड़ के साथ शव को पंचदेवता स्थित शमशान घाट पर लाया गया जहां से सीआरपीएफ के जवानों ने शोक सलामी दी वहीं राष्ट्रध्वज आशुतोष कुमार मिश्रा के अबोध बच्चे को सौंपा गया। जानकारी हो कि विगत मंगलवार को आशुतोष कुमार मिश्रा ने अपने ही सर्विस रिवॉल्वर से शूट कर आत्महत्या कर ली थी।

## अनुमंडल प्रशासन आपके द्वार अभियान के तहत विकास शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी (गया)।** चैता में बुधवार को अनुमंडल प्रशासन आपके द्वार अभियान के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आपूर्ति, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, आरटीपीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, जीविका आदि विभागों का स्टॉल लगाया गया। शिविर तीन पंचायत क्रमशः डिहुरा, केसपा और संडा के लिए लगाया गया था। शिविर में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं का लाभ योग्य और पात्र लाभुकों को दिया जाना है। किसी वजह से छुटे हुए लोगों तक प्रशासन कैंप के माध्यम से पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और पंचायतों के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा।बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बताया कि कैंप में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 31, जाति प्रमाण पत्र के लिए 59, आय के लिए 16, आवास योजना के लिए 16, राशन कार्ड के लिए 9 और पेंशन के लिए दो समेत कुल 133 आवेदन प्राप्त हुआ है।हेल्थ मैनेजर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 74 मरीज का इलाज किया गया। दवाई का वितरण किया। विधायक समेत आम लोगों का शुगर, बीपी की जांच की गई।इस मौके पर सीओ मयंक शेखर, पीओ निरंजन कुमार, एमओ आदि मौजू थे।

## डॉ. बी. के. सिंह बने क्लिनिकल कार्डियो-डायबिटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया, बिहार-झारखंड चैप्टर के चेयरमैन

### समाज के प्रबुद्धजनों ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** क्षेत्र के वरीय चिकित्सक डॉ. बी. के. सिंह को क्लिनिकल कार्डियो-डायबिटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया (बिहार एवं झारखंड चैप्टर) का चेयरमैन चुना गया है। इस प्रतिष्ठित पद पर उनके चयन को लेकर चिकित्सा जगत एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों में हर्ष की लहर है। संस्था से जुड़े सदस्यों के साथ-साथ औरंगाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी है और इसे जिले के लिए गर्व की बात बताया है। डॉ. बी. के. सिंह का चयन एक सर्वसम्मत निर्णय के तहत किया गया, जिसमें



उनकी वर्षों की चिकित्सा सेवा, अनुभव और सामाजिक सरोकारों को मुख्य आधार माना गया। चेयरमैन पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने सभी सदस्यों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, ‟यह न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए एक सम्मान की बात है। यह पद एक बड़ी जवाबदेही लेकर आता है और मैं प्रयास करूंगा कि सबके सहयोग से संस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाया जा सके।'' डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि कार्डियोलॉजी और डायबिटोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाना, चिकित्सकों को नई तकनीकों से जोड़ना तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि संस्था के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर औरंगाबाद के कई गणमान्य नागरिकों, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने उम्मीद जताई कि डॉ. सिंह के नेतृत्व में बिहार-झारखंड चैप्टर एक नई दिशा में अग्रसर होगा और आमजन के स्वास्थ्य हितों को मजबूती मिलेगी।

# विद्या निकेतन, दाउदनगर ने मनाया 47वां स्थापना दिवस

## छात्रों की प्रतिभा से सजी विविध प्रतियोगिताएं, निदेशक ने केक काटकर मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत शुक बाजार स्थित 'विद्या निकेतन' स्कूल का 47वां स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और प्रबंधन के पदाधिकारियों ने इस अवसर को उल्लास के साथ मनाया। विदित हो कि 5 अप्रैल 1979 को तत्कालीन सीओ श्री श्यामा प्रसाद द्वारा इस विद्यालय की स्थापना की गई थी। उन्होंने दीप जलाते हुए निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी थी कि शिक्षा का यह दीपक निरंतर जलता रहे। सुरेश गुप्ता



ने आज भी उस संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वे जीवन की अंतिम सांस तक इस विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करते रहेंगे। स्थापना दिवस के मौके पर बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने बस, कार और गाड़ी के मॉडल बनाए। इसमें यूकेजी के भास्कर कुमार ने प्रथम, नर्सरी के गोलू कुमार ने द्वितीय और एलकेजी की सेलिना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के बीच आदर्श आवास निर्माण प्रतियोगिता हुई, जिसमें सुधांशु कुमार को पहला, आर्यन कुमार को दूसरा और काव्या कुमारी को तीसरा स्थान मिला। कक्षा 5 से 10 तक के छात्रों के बीच साइंस मॉडल प्रदर्शनी और पौधारोपण प्रतियोगिता कराई गई। विज्ञान मॉडल में कक्षा 5-7 के बीच श्रेया कुमारी पहले स्थान पर रहीं और सोनाक्षी एवं सिद्धि कुमारी ने द्वितीय और दीपिका,अंशिका कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. अष्टम से दसवीं के वर्ग में शुभम राज और आदित्य राज ने पहला स्थान प्राप्त किया। अर्चित पांडे,विकास कुमार और धर्म कुमार ने द्वितीय स्थान तथा शिल्पी राज, स्वस्तिका पाठक साल्वि कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. पौधारोपण में कीर्ति कुमारी और कोमल कुमारी की जोड़ी ने पहला स्थान पाया। चांदनी कुमारी, कंचन कुमारी ने द्वितीय स्थान,शुभम कुमार और आशीष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

सभी विजेताओं को मोमेंटो, मेडल, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक सुरेश गुप्ता द्वारा केक काटा गया। समारोह में सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, तकनीकी सलाहकार विनय प्रकाश, प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती राजेश पांडे, रमा रानी जैन,गिरजा ठाकुर, अखिलेश कुमार सिंह,सुरेश प्रसाद गिरजा ठाकुर, सत्येंद्र कुमार सुमन कुमारी, शोभा कुमारी, श्रेया कुमारी, प्रशासक संदीप कुमार, शिक्षक राजेश कुमार रोशन कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं प्रशासनिक स्टाफ मौजूद रहे। सीईओ आनंद प्रकाश ने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर कार्य करने की कामना की। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि यदि इसी तरह अभिभावकों और छात्रों का सहयोग मिलता रहा तो स्कूल नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा। प्रशासक संदीप कुमार ने सभी शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में शिक्षकों की मेहनत साफ झलकती है। समारोह के अंत में सभी ने 'हैप्पी बर्थडे टू विद्या निकेतन स्कूल' का गीत गाकर स्थापना दिवस का जश्न मनाया।

## बायोटेक्नोलॉजी है भविष्य की राह : मिर्जा गालिब कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मिर्ज़ा ग़ालिब कॉलेज, गया अपनी शैक्षिक सक्रियताओं के लिए निरंतर सुर्खियों में रहता है। इसी कड़ी में कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा एक कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञों और शिक्षकों ने बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं और रोजगार के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बायोटेक्नोलॉजी की वर्तमान उपयोगिता से लेकर आने वाले वर्षों में इसके महत्व और विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ''आने वाला समय बायोटेक्नोलॉजी का समय है'' और युवाओं के लिए यह क्षेत्र नए आयाम खोल रहा है।

इस सत्र में विशेष रूप से कक्षा 12 उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने बड़ी उत्सुकता से अपने सवाल रखे। वक्ताओं ने उनके सवालों का समुचित उत्तर देते हुए उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान किया। इससे छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित और जागरूक नजर आए। कार्यक्रम में कॉलेज के शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, बायोटेक्नोलॉजी विभाग की कोऑर्डिनेटर इरफान नाहिद, अन्य प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर विकल्पों से अवगत कराना था, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने भविष्य की योजना बनाने हेतु प्रेरित करना भी था। कुल मिलाकर यह सत्र छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाने में सफल रहा।

## स्कूल बस के धक्के से युवक की मौत

**वजीरगंज (गया)।** वजीरगंज-फतेहपुर रोड में बुधवार की सुबह केनारचट्टी में स्कूल बस के धक्के से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीण व परिजनन सड़क पर शव को रखकर प्रदर्शन करते हुए बस संचालक एवं चालक के विरूद्ध कार्रवाई व उचित मुआवजे की मांग करने लगे।मृतक केनार चट्टी गांव के रविदास टोला निवासी रामजीत रविदास का पुत्र पंकज कुमार था।परिजनों के अनुसार वह सुबह उठकर शौच के लिये घर से निकल रहा था, तभी फतेहपुर से वजीरगंज की ओर आ रही स्कूल बस के पिछले उखड़े बंफर से सड़क किनारे खड़े पंकज के छाती व हांथ पर जोरदार चोट लगने के बाद वहीं गिर गया, जिसे तुरंत इलाज के लिये ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस दरम्यान बस को वहीं चालक के साथ रोककर रखा गया, लेकिन चालक चकमा देकर फरार हो गया। बस पर सवार बच्चों को पुलिस हेल्पलाइन बल की सहायता से किसी दूसरे वाहन से स्कूल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएससी-जेओएक्स-25-26, दिनांकः 08.04.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएससी-जेओएक्स-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** जनाई रोड स्टेशन पर ड्यूएल डिटेक्शन मोड में डीसी ट्रैक सर्किट के स्थान में ड्यूएल एमएसडीएसी का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 8,78,64,222.80, **बयाना राशिः** रु. 5,89,300/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 09 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 08.04.2025 को 17.38 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 18.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 02.05.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-20/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-25, दिनांक 03.04.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** डीएसडीसी के लिए हावड़ा मंडल के तहत मार्ग साफ करने के लिए अतिक्रमण हटाने से संबंधित टीआरडी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु.11,10,56,305/-, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी हैः** रु. 7,05,300/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** 25.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-12/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएससी-एसडीएलई-25-26, दिनांकः 08.04.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएससी-एसडीएलई-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** स्वादिनपुर स्टेशन पर विश्वसनीयता में सुधार हेतु एमएसडीएसी द्वारा द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान ताकि इसे ड्यूएल डिटेक्शन बनाया जा सके। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 4,30,19,946.67, **बयाना राशिः** रु. 3,65,100/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 09 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 08.04.2025 को 17.39 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 18.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 02.05.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-18/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

बिहार सरकार

**सैरातो की बन्दोवस्ती हेतु अति अल्पकालीन**

**आम सूचना संख्या– 01/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रफीगंज की सशक्त स्थायी समिति में पारित प्रस्ताव के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज क्षेत्रान्तर्गत सैरातो की बन्दोबस्ती तथा खूले डाक द्वारा वर्ष 2025–26 (01.05.2025 से 31.03.2026) तक के लिए दिनांक– 25.04.2025 को 11:00 बजे पुर्वाहन में नगर पंचायत, रफीगंज के सभा कक्ष में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष निश्पादन किया जाएगा :–

| क्र०सं० | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की सूरक्षित राशि | डाक बोलने से पूर्व जमा की जाने वाली प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | रफीगंज चरकावां बजार बन्दोवस्ती | 2,72,679/- | 54,536/- |
| 02. | चौक बाजार की बन्दोवस्ती | 3,29,582/- | 65,916/- |

**डाक में भाग लेने हेतू निर्धारित शर्ते :**

5. निबन्धंन हेतु 5000/- (पाँच हजार) रूपया नगद शुल्क जमा कर स्वहस्तलिखित आवेदन के साथ परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, GST निबंधन (अद्यतन), वर्श– 2024–25 का आय कर का रिर्टन, जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा आचरण प्रमाण–पत्र (6 माह) के अन्दर का निर्गत हो, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आवासीय प्रमाण–पत्र छः माह के अन्दर निर्गत हो एवं नगर पंचायत, रफीगंज के किसी भी प्रकार का बकाया नहीं होने का अनापति प्रमाण पत्र सभी स्व० अभिप्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी को दिनांक– 19.04.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
2. डाक में वही व्यक्ति भाग लेगें जिनका सभी कागजात शर्त के अनुसार एवं निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमा रहेगा।
3. डाक में उच्चतम डाकवक्ता के साथ ही बन्दोवस्ती की जायेगी।
4. सफल डाकवक्ता डाक में बोली गयी पूर्ण राशि एकमुशत डाक समाप्ति के पश्चात तुरंत डाक के ही दिन कार्यालय अवधि में नगद/डिमांड डाफ्ट/बैंकर्स चेक नगर पंचायत, कार्यालय, रफीगंज में जमा करना होगा। अन्यथा दूसरे उच्च डाकवक्ता के नाम बंदोबस्त करते हुए जमानत की पुर्ण राशि जब्त कर ली जायेगी।
5. डाकवक्ता दिनांक– 30.04.2025 के पूर्व स्वयं के व्यय से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–605, दिनांक– 16.08.2018 के अनुसार उच्चतम डाक राशि @6% मुद्रांक शुल्क का स्टाम्प और निबंधन अधिनियम, 1908 के अनुच्छेद–A(3)(B) के अनुसार @2% की दर से निबंधन शुल्क की राशि को अलग से जमा कर एतद् संबंधी एकरारनामा कर लेगें। तभी उन्हे कर वसूली का सक्षम प्राधिकारी बनाया जा सकेगा।
6. यदि किसी डाकवक्ता द्वारा अप्रत्याशित बोली लगाई जाती है तो (अग्रधन के अतिरिक्त) बोली का 50% राशि तुरन्त जमा करने पर ही बोली मान्य होगी।
7. वर्श 2025–26 में सैरातो में वसूली का दर का निर्धारण सशक्त स्थायी समिति द्वारा की जाएगी। लोकहित एवं जनहित में दर को घटाने/बढ़ाने का निर्णय सशक्त स्थायी समिति को होगा जिसे उच्चतम डाकवक्ता को मान्य होगा। (इसका शपथ पत्र संवेदक को देना होगा)
8. बन्दोवस्ती प्राप्तकर्ता को परवाना में जो दर दिया जायेगा वही वसूली करना होगा। आदेश की अवहेलना के करने पर बिना नोटिस के उनकी बन्दोवस्ती रद्द करते हुए शेश अवधि की राशि जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
9. वित्तिय क्षमता **(Solvency Certificate)** का प्रमाण–पत्र सरकारी डाक की सुरक्षित राशि से अधिक का मूल प्रति में जमा करना होगा। जो किसी भी राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा छः माह के अन्दर का निर्गत होना चाहिए। तथा प्रमाण पत्र पर संबंधित बैक का टेलीफोन नं०/मोबाईल नम्बर अंकित रहना अनिर्वाय होगा।
10. रफीगंज नगर पंचायत, का सशक्त स्थायी समिति की बैठक में अगर कोई विशेश निर्णय समय–समय पर एवं कभी भी लिया जायेगा, वह डाकवक्ता को मान्य होगा। इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा।
11. प्रत्येक सैरात हेतु निर्धारित प्रतिभूति की राशि **Notified Area Comitee** के नाम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जो स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक, रफीगंज मे भुगतेय हो, की मूल प्रति डाक बोलने से पूर्व जमा करना होगा।
12. बन्दोवस्तदार को निबंधित एकरारनामा का व्यय भार वहन करना होगा।
13. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने एवं रद्द करने/उच्चतम डाकवक्ता के ही दर पर दूसरे डाकवक्ता एवं उच्चतम डाकवक्ता के बीच (क्षेत्र बाँट कर) एकरारनामा का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
14. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक– 25.04.2025 को डाक सम्पन्न नही हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगले दिन दिनांक– 28.04.2025 या दिनांक– 30.04.2024 को उपर्युक्त समय पर कराया जाएगा।
15. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र औरंगाबाद होगा।

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, रफीगंज**

**PR. No. 000701 (B&C) 2025-26**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, नि:शुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।**

संपादकीय

## वक्फ बिल : आफ्टर इफेक्ट्स

देश में वक्फ संशोधन विधेयक के कानून बनने के साथ ही उसके सियासी आफ्टर इफेक्ट दिखने लगे हैं। खासकर एनडीए में इस बिल को समर्थन देने वाले दल जद यू, रालोद और रालोपा में मुसलमान पार्टी की नीतियों और नेतृत्व से नाराज होकर लगातार इस्तीफे दे रहे हैं। इसमें भी बिहार में सबसे ज्यादा इस्तीफे उस जद यू से हो रहे हैं, जिसके समर्थन से दिल्ली में मोदी सरकार चल रही है। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं में हालांकि कोई बहुत बड़े नाम नहीं हैं, लेकिन इससे यह संदेश तो जा ही रहा है कि जदयू और रालोद में सब ठीक नहीं है। जो मुसलमान पार्टी छोड़ रहे हैं, उन्हें अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता है। हालांकि यह कहना अभी मुश्किल ही है कि इससे जद यू को भारी नुकसान होगा। लेकिन भाजपा ने वक्फ बिल को लेकर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की जो महीन चाल चली है, उसे बाकी लोग ठीक से बूझ नहीं पा रहे हैं। दरअसल वक्फ बिल पास होने से मुस्लिम संगठनों और नेताओं की वह चाल विफल हो गई, जिसके तहत वो खुद को सेक्युलर कहलाने वाली पार्टियों पर यह दबाव बना रहे थे कि वो वक्फ बिल संसद में ही रूकवा दें। लेकिन वैसा कुछ नहीं रहा। भाजपानीत एनडीए एकजुट रहा। अब तो बिल कानून भी बन गया है। ऐसे में विरोध कर रहे मुस्लिम संगठनों के पास केवल दो ही रास्ते बचे हैं। पहला बिल का कोर्ट में विरोध और दूसरा बिल का सड़कों पर विरोध। जिस तरह से वक्फ विधेयक लाया गया है, उस पर कोर्ट द्वारा तत्काल स्टे दिए जाने की संभावना कम है। यानी मामला कोर्ट में लंबा चलता रहेगा। जहां तक सड़कों पर इसके विरोध का प्रश्न है तो यह भी बहुत दिनों तक खिंचना मुश्किल है। संभव है कि जब मुसलमानों को बिल की असलियत समझ आएगी तो वो खुद ही विरोध करना बंद कर देंगे। लेकिन इससे उन मुस्लिम नेताओं की पोल जरूर खुल जाएगी, जो गरीब मुसलमानों को मनमाने तरीके से भड़का रहे हैं। राजनीति के संदर्भ में देखें तो फिलहाल मुसलमान नेताओंके पार्टी छोड़ने का असर बिहार में ज्यादा दिख सकता है। बिहार में करीब 18 फीसदी मुसलमान है और लगभग 70 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोट मायने रखते हैं। ऐसे जद यू को मुस्लिम वोटों से हाथ धोना पड़ सकता है। दूसरी तरफ गैर एनडीए दलों में अब मुस्लिम वोटों को लेकर छीना झपटी मचना तय है। जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि वो विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट मुसलमानों को देंगे। उनके अलावा राजद, कांग्रेस, कम्युनिस्ट और अन्य पार्टियां भी मुसलमानों को वोट पाने की हर संभव कोशिश करेंगी। लेकिन उनके अति मुस्लिम प्रेम का नतीजा यह भी हो सकता है कि हिंदू वोट नए सिरे से लामबंद हो। इसका असर चुनाव नतीजों पर जरूर दिखेगा। उधर जो मुस्लिम नेता पार्टी छोड़ रहे हैं, उन पर दबाव है कि वो कौम के हक में भाजपा को समर्थन देने वाले दलों से किनारा करें। लेकिन ये नेता भी आखिर जाएंगे कहां। गैर एनडीए दलों में पहले ही से मुस्लिम नेताओं की कमी नहीं है। ऐसे में जद यू, रालोद या रालोपा छोड़ने वाले मुस्लिम नेताओं का राजनीतिक भविष्य भी अनिश्चित है। कहा तो यह भी जा रहा है कि भाजपा द्वारा छोटे क्षेत्रीय दलों के सफाए का पार्ट टू शुरू हो चुका है। पहली किस्त में महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस निपटी, अब जदयू और रालोद का नंबर है। वैसे भी नीतीश के मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल उठ रहे हैं और जयंत चौधरी के नेतृत्व में उनके पिता जैसी बात नहीं है।

### महावीर जयन्ती पर विशेष

# भगवान महावीर के पांचों कल्याणक की पवित्र भूमि है बिहार



विजय कुमार जैन
मंत्री-भगवान महावीर
जन्मभूमि कुण्डलपुर समिति

भगवान महावीर का नाम लेते ही जैनधर्म की स्मृति मन मस्तिक में ताजा हो जाती है। वर्तमान समय में सारा विश्व जैनधर्म के अस्तित्व को भगवान महावीर से स्वीकार करता है। जबकि वास्तविकता यह है कि भगवान महावीर जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर हैं, भगवान महावीर से पूर्व 23 तीर्थंकर और हो चुके हैं। आज भगवान महावीर के संदेशों की अत्यधिक आवश्यकता है। यदि सारा विश्व जीओ और जीने दो के मार्ग पर चले तो सम्पूर्ण विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है। अहिंसा परमो धर्मः सुनने में आज पुराना लगता है लेकिन इस पंक्ति का अर्थ बहुत गहरा और तात्विक है। अभी कुछ समय पूर्व वर्तमान प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी फेसबुक के ऑफिस में लंदन गये थे, तो उनसे वहां के अधिकारियों ने बोर्ड पर एक मैसेज लिखने को कहा, उन्होंने मैसेज में अहिंसा परमो धर्म ही लिखा। महात्मा गांधी जैसे महापुरुष ने इसका मनन और चिंतन किया और अपने जीवन में उतारा, जिससे देश में आजादी की स्थापना की गयी। आइये जाने भगवान महावीर के बारे में-



**प्राचीन मान्यतानुसार भगवान महावीर का गर्भ एवं जन्मकल्याणक-** जैन मान्यतानुसार भगवान की जीवन चरित्र को पांच कल्याणकों में विभक्त किया है-गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान एवं मोक्षकल्याणक। सर्वप्रथम भगवान गर्भ में आते हैं। भरतक्षेत्र के विदेह नामक देश संबंधी कुण्डलपुर नगर के राजा सिद्धार्थ के आंगन में प्रतिदिन साढ़े सात करोड़ रत्नों की धारा होने लगी। आषाढ़ शुक्ला षष्ठी के दिन उत्तराषाढ़ नक्षत्र में राजा सिद्धार्थ की महारानी प्रियकारिणी (त्रिशला) ने सात खण्ड के नंद्यावर्त महल में पिछली रात्रि के अंतिम प्रहर में सुंदर-सुंदर सोलह स्वप्न देखें, जिससे उसके मन में प्रसन्नता हुई। सोलह स्वप्नों के पश्चात् देखा कि मुख में हाथी प्रवेश कर रहा है, जिसका अर्थ महारानी त्रिशला प्रातः उठकर अपने प्राणप्रिय महाराज से पूछती हैं और महाराजा बताते हैं कि महारानी इन स्वप्नों को देखने से इस युग के महापुरुष व तीनों लोकों में जगत पूज्य पुत्र को जन्म देंगी और वह बालक का जीव तुम्हारे गर्भ में प्रवेश कर चुका है। तत्काल जम्बूद्वीप के मध्यलोक से देवियां महारानी की सेवा को आती हैं और निरंतर 9 महीने तक आंठों देवियां श्री, ह्रीं, धृति, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी, शांति, पुष्टि माता की सेवा में तत्पर रहती है। महारानी त्रिशला खूब प्रसन्नमना आंदित होती हैं एवं देवियों के नाना प्रकार के गूढ़ (कठिन) प्रश्नों के उत्तर देती हैं। धीरे-धीरे वह दिन भी आ जाता है, जिसका तीनों लोकों में प्राणी मात्र को इंतजार था। तीर्थंकर बालक के जन्म के विषय में आगम (शास्त्र) में लिखा है-

जनम चैत्र सित तेरस के दिन कुण्डलपुर कन वरना।
सुर गिरि, सुर गुरु पूज, रचायो मै पूजो भव हरना।।

चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन आर्यमा नाम के शुभ योग में माता त्रिशला ने पूर्व दिशा के सदृश तीर्थंकर बालक को सूर्यरूप में जन्म दिया। उस समय तीनों लोकों में बाजे बिना बजाये बज उठते हैं। शास्त्रों में उल्लेख है कि भगवान के जन्म के समय साढे बारह करोड़ प्रकार के बाजे बिना बजाये बज उठते हैं। सौधर्म इन्द्र का आसन कम्पायमान हो जाता है एवं नरकों में भी क्षणभर को शांति हो जाती है। कल्पवृक्षों से पुष्प बरसने लगते हैं। सभी स्थानों पर आनंदमयी वातावरण हो जाता है। भगवान के जन्मकल्याणक मनाने हेतु स्वर्ग से सौधर्म इन्द्र कुण्डलपुर नगरी आ जाता है। पिता की आज्ञा से नवजात तीर्थंकर शिशु को सुमेरु पर्वत की पाण्डुक शिला पर ले जाकर 1008 कलशों से महाभिषेक करता है एवं स्वर्गों से लाये हुए सुंदर वस्त्राभूषण से प्रभू को सुसज्जित करता है। भगवान की अनेकों प्रकार से स्तुति करता हुआ 'वीर' और 'वर्द्धमान' नाम रखता है। असंख्यात देव-देवियां प्रभु का जन्मकल्याणक मनाने स्वर्गों से आते हैं। एक बार संजय और विजय नामक दो महामुनियों को किसी पदार्थ में संदेह हुआ और वे भगवान महावीर के समीप दर्शन करने पहुंचे। भगवान के दर्शन मात्र से उनका संदेह दूर हो गया। खूब भक्तिपूर्वक उन्होंने बालक को 'सन्मति' नाम प्रदान किया। किसी समय स्वर्ग में वीर प्रभु के गुणों की चर्चा इन्द्र सभा में हो रही थी। एक संगम नामक देव ने भगवान की परीक्षा लेने की सोची। भगवान अनेक राजकुमारों के साथ बालक्रीड़ा कर रहे थे, तब वह देव भयंकर सर्प बनकर वृक्ष से लिपट गया। सभी बालक भयभीत हो गये, लेकिन महावीर तीर्थंकर बालक सांप के फन पर चढ़कर खेलने लग गये। जैसे माता की गोद में बालक खेलते हैं। उस समय उस निर्भीकता के कारण भगवान का नाम संगम देव ने 'महावीर' रखा।

**तपकल्याणक-** धीरे-धीरे कुमार काल बीत गया यौवन में प्रवेश हुआ और माता-पिता बेटे को लेकर सुंदर स्वप्न सजाने लगे कि एक सुंदर सी बहु घर लेकर आयेंगे। घर में बहु के साथ-साथ खुशहाली आयेगी। लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था। विवाह का प्रस्ताव युवराज ने ठुकरा दिया। माता-पिता के सपने बिखर गये। बहुत समझाया कि अपने महलों में क्या कमी है, किसी प्रकार की कमी हो, तो हमें बताओ, लेकिन युवराज महावीर नही माने। उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत अंगीकार किया। तत्क्षण ही भगवान को पूर्व भव का स्मरण हो गया और सोचने लगे संसार क्षणभंगुर है एक दिन सबको जाना है। वैराग्य भावना का चिंतन करते हुए मगसिर वदी दशमी के दिन प्रभु ने दीक्षा ग्रहण कर ली। सभी वस्त्राभूषण उतारकर फेंक दिया। दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर ली। नग्न हो गये और अपनी आत्मा में लीन होकर तप में खड़े हो गये। कुछ दिन पश्चात् प्रभु आहार के लिए निकले।

पारणा के दिन भगवान कूलग्राम में आये। कूल ग्राम के राजा कूल ने भक्तिपूर्वक पड़गाहन किया एवं नवधा भक्तिपूर्वक भगवान महावीर को प्रथम आहार दिया। फलस्वरूप राजा कूल के घर पंचाश्चर्य (रत्नों) की वृष्टि हुई। पुनः भगवान महावीर वन जाकर ध्यान में लीन हो गये।

**भगवान महावीर पर उपसर्ग-** भगवान महावीर पर उज्जयिनी के अतिमुक्त वन में उपसर्ग हुआ। लेकिन भगवान प्रतिमायोग में विराजमान थे। रुद्र अपनी दुष्ट विद्याओं से भगवान पर उपसर्ग कर रहा था एवं पाप कर्म को संचित कर रहा था। अंत में जब उपसर्ग करके हार गया, तब भगवान को 'महति महावीर' नाम से संबोधन किया। भगवान ने सती चंदना के उपसर्ग का निवारण किया। सती चंदना बेड़ियों में जकड़ी थी। भगवान महावीर को देखते ही बेड़ियां टूट गई व सती चंदना ने भगवान का पड़गाहन करके नवधाभक्तिपूर्वक आहार दिया। पुनः चंदना ने भी आगे चलकर दीक्षा ग्रहण कर ली।

**केवलज्ञानकल्याणक-** भगवान महावीर ने बारह वर्ष तक तप किया। बिहार के जृंभिका ग्राम के समीप ऋजुकूला नदी के तट पर भगवान मनोहर नाम के वन में रत्नमयी एक बड़ी शिला पर शाल वृक्ष के नीचे बेला का नियम लेकर प्रतिमायोग से विराजमान हुए। वैशाख शुक्ला दशमी के दिन भगवान को केवलज्ञान प्राप्त हो गया। आत्मा ने परमात्मा का रूप ले लिया। स्वर्ग से सौधर्म इन्द्र व धनकुबेर एवं अन्य इन्द्रों ने भगवान महावीर के केवलज्ञान कल्याणक की पूजा की। धनकुबेर ने भगवान के लिए समवसरण की रचना की। जिसमें तीनों लोकों की निधियॉं लगाकर समवसरण का निर्माण किया। सुंदर सभा का नाम समवसरण है एवं सभी प्राणी मात्र को जहां समान रूप से सरण प्राप्त हो वह स्थान समवसरण है। भगवान की दिव्यध्वनि (प्रवचन) राजगृही के विपुलाचल पर्वत पर हुई, जो आज भी प्रथम देशना स्मारक के नाम से प्रथम पहाड़ पर स्थित है।

**भगवान महावीर के मुख्य उपदेश-** जैनधर्म के शाश्वत नियमानुसार तीर्थंकर महावीर ने प्राणीमात्र के कल्याण हेतु अनेक अमूल्य सिद्धान्त बताएं, उनमें से कुछ मुख्य है।

पांच अणुव्रत का उपदेश दिया-हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह। इन पांचों पापों के अणु अर्थात् एक देश त्याग को अणुव्रत कहते हैं एवं इनके नाम अहिंसाणुव्र, सत्याणुव्रत, अचौर्याणुव्रत, ब्रह्मचर्याणुव्रत, परिग्रहपरिमाण अणुव्रत ये मुख्य हैं।

-भगवान महावीर ने मुख्यरूप से जिओ और जीने दो को अति महत्व दिया।

-अहिंसा परमोधर्मः भगवान का मुख्य उपदेश था, प्राणी मात्र के ऊपर दया का भाव रखो एवं सात व्यसनों का पूर्णरूप से त्याग करो।

**मोक्षकल्याणक-** अंत में विहार (चलते) हुए भगवान महावीर बिहार प्रदेश के पावापुरी नगर में पहुंचे। वहां मनोहर नाम के वन के भीतर अनेक सरोवरों के बीच मणिमयी शिला पर विराजमान हो गये। कार्तिक कृष्णा अमावस्या को भगवान ने मोक्ष प्राप्त कर अघातिया कर्मों का नाश कर दिया। भगवान महावीर 72 वर्ष की आयु में मोक्ष चले गये। सारे संसार में भगवान के मोक्ष जाने पर निर्वाणलाडू चढ़ाया गया एवं सभी जगह दीप मालिका करके दीपावली मनायी गयी। जैनधर्मानुसार तभी से दीपावली का पर्व प्रारंभ हुआ एवं आज तक पावापुरी जल मंदिर में दीपावली की प्रत्युष बेला में निर्वाणलाडू चढ़ाकर दीपावली मनाते हैं।

**महावीर जयंती कैसे मनाते हैं-** इस दिन प्रायः जैन समाज में सभी धर्मावलम्बी प्रातः प्रभातभेरी (शोभा यात्रा) में सारे नगर में भगवान की जय-जयकार व हाथों में पंचरगी एवं केशरिया ध्वज लेकर भगवान के प्रतिपादित सिद्धान्तों के नारे लगाते हैं। मध्यान्ह काल में भव्य शोभायात्रा निकालते हैं, जिसमें भगवान की प्रतिमा लेकर रथ पर बैठते हैं एवं बैण्ड बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गों से रथयात्रा निकालते हैं। सभी जैन समाज अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हैं। जगह-जगह प्याऊ से पानी एवं शर्बत पिलाते हैं एवं फल बांटते हैं।

जैन समाज के पुरुष लोग केशरिया धोती-दुपट्टा व स्त्रियां केशरिया साड़ी पहनकर प्रभु का नारियल जल, मौसमी रस, संतरारस, दूध, दही, घी, सर्वोषधि, हरिद्रा आदि से भगवान का महाभिषेक करते हैं। सारे विश्व में शांति हो इस भावना से भगवान के मस्तक पर महाशांतिधारा करते हैं। मेवा, मिष्ठान का वितरण करते हैं तथा महाप्रसाद का आयोजन करते हैं। भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर पर प्रभु वीर का पालना भी झुलाते हैं। जिसमें महिला मंडल, बालिका मंडल द्वारा भगवान के जीवन से संबंधित नाटक का मंचन करते हैं एवं सुन्दर नृत्य-नाटिकाओं का भी आयोजन करते हैं।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने देखा कि कुण्डलपुर तीर्थ पर आज काल के प्रभाव से जीर्ण-क्षीर्ण हो गया है। कुण्डलपुर नगरी भी समय के साथ-साथ वैभव हीन हो गयी। गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से तीर्थ का विकास हुआ। तीर्थ पर नंद्यावर्त महल व भगवान महावीर की श्वेतवर्णी अवगाहना प्रमाण प्रतिमा का विश्व शांति महावीर मंदिर, भगवान ऋषभदेव मंदिर व त्रिकाल चौबीसी के 72 भगवान का मंदिर बनाया गया एवं गृह शांति के लिए नवग्रह शांति जिनालय का भी निर्माण किया गया, जिससे बिहार पर्यटन को बढ़ावा मिला। आधुनिक सुविधा युक्त कमरों की धर्मशाला बनवायी गयी, जिसके लिए गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर दिगम्बर जैन समिति का गठन हुआ, जिसने दिन-दूनी रात चौगुनी की गति से तीर्थ का विकास किया।

नंद्यावर्त महल कुण्डलपुर तीर्थ के मंत्री श्री विजय कुमार जैन बताया कि वर्तमान में बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा 'कुण्डलपुर महोत्सव' राजकीय स्तर पर प्रतिवर्ष हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाता है। जिसमें राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन नालंदा के तत्त्वावधान में बहुत सुन्दर दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या भी सजती है, जिसमें सारे देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाती है, जिसमें बिहार के राज्यपाल एवं गणमान्य नेता उपस्थित होकर समारोह का उद्घाटन करते हैं।

इस वर्ष हम भगवान महावीर स्वामी की 2623 वीं जन्म जयंती मना रहे है। भगवान महावीर जयंती सबके लिए मंगलकारी हो एवं पूरे विश्व में भगवान महावीर के संदेशों के द्वारा अहिंसा, शांति की स्थापना हो। यही मंगल संदेश है भगवान महावीर जयंती का। बिहार की धरती का पुण्य एवं गौरव है कि भगवान महावीर के पाँचों कल्याणक से पवित्र है यह भूमि। इसी लिए कहा है-

सोने का नंद्यावर्त महल सिद्धार्थ जी का था।
मणियों के पलंग पर त्रिशला ने सपनों को देखा था।।
उन सपनों को सच्चा करके फिर से दिखाया है।
कुण्डपुर के महावीरा तेरा महल बनाया है।।

**( लेखक भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर दि. जैन समिति के मंत्री हैं )**

## जंगल और जीवन का टकराव का समाधान

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

वन्यजीवों और मनुष्यों के बीच टकराव के कई कारण हैं, जिनमें जंगलों का विखंडन, बढ़ती मानव आबादी, कृषि विस्तार, पर्यटन, और जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। केरल के कुछ इलाकों में हाथियों, तेंदुओं और जंगली सूअरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुँचाने की घटनाएँ आम हो गई हैं। इसके अलावा, जंगली जानवरों के हमलों से मानव हताहतों की संख्या भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि वन विभाग के आँकड़े बताते हैं कि जंगली हाथियों की संख्या में 7 प्रतिशत की गिरावट आई है और वन्यजीवों से जुड़ी मौतों में भी कमी आई है, लेकिन समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं।

केरल के कई जंगलों में बड़े पैमाने पर वन्यजीवों का विचरण होता है, लेकिन जैसे-जैसे जंगलों के किनारे बसे गाँवों और कस्बों का विस्तार हुआ है, वैसे-वैसे यह संघर्ष तीव्र होता गया है। आवास विखंडन, विशेष रूप से अरलम फार्म (कन्नूर) और चिन्नाक्कनाल (इडुक्की) जैसे हाथी गलियारों में, जंगली हाथियों और अन्य वन्यजीवों को मानव बस्तियों की ओर धकेल रहा है। जंगलों में मिलने वाले प्राकृतिक भोजन की कमी और औद्योगिक मोनोकल्चर प्लांटेशन (जैसे- यूकेलिप्टस और रबर के बागान) ने जानवरों को भोजन की तलाश में बस्तियों में घुसने के लिए मजबूर कर दिया है। इसके अलावा, जंगलों के पास पर्यटन के बढ़ते प्रभाव ने भी वन्यजीवों के व्यवहार को प्रभावित किया है। पर्यटन स्थलों पर प्लास्टिक और खाद्य अपशिष्टों के निपटान में लापरवाही के कारण जानवर भोजन के लिए बस्तियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जंगलों के आसपास के क्षेत्रों में पालतू मवेशियों के चरने की प्रवृत्ति भी वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को प्रभावित कर रही है। सबसे अधिक प्रभावित वर्ग वे ग्रामीण और आदिवासी समुदाय हैं, जो परंपरागत रूप से जंगलों में रहते आए हैं और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। केरल के 36 जनजातीय समुदायों के पास वन्यजीवों से निपटने के लिए पारंपरिक ज्ञान और तकनीकें हैं, लेकिन उन्हें नीति-निर्माण में शामिल नहीं किया जाता। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि जंगली हाथियों और अन्य वन्यजीवों के हमलों में मरने वाले लोगों में से अधिकांश आदिवासी समुदायों से होते हैं। यह विडंबना ही है कि जो समुदाय सदियों से जंगलों के साथ सामंजस्य में रहते आए हैं, वे ही आज इस संघर्ष के सबसे बड़े शिकार बन रहे हैं।सरकार द्वारा घोषित यह प्रयास कि आदिवासी समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और मूल्यांकन किया जाएगा, एक स्वागतयोग्य कदम है। यदि इन समुदायों की पारंपरिक तकनीकों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझा जाए और उन्हें नीति-निर्माण में सम्मिलित किया जाए, तो यह मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन में एक नया मार्ग खोल सकता है। केरल सरकार ने वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। 2022 में, सरकार ने स्थानीय निकायों को खेतों को नुकसान पहुँचाने वाले जंगली सूअरों को खत्म करने की अनुमति दी। इसके अलावा, 2023 में मानव-वन्यजीव संघर्ष को 'राज्य-विशिष्ट आपदा' के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को हस्तक्षेप करने का अधिकार मिला। हालाँकि, पर्यावरणविदों और वन्यजीव संरक्षण समूहों का मानना है कि वन्यजीवों को मारने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, बल्कि दीर्घकालिक उपायों की जरूरत है।

## जैन धर्म के अंतिम 24 वें तीर्थंकर अहिंसा प्रवर्तक भगवान महावीर

एम पी जैन

प्रभु महावीर स्वामी का वो उपदेश जिस पथ पर चलकर देश विजयी बना और संसार में आज भी वह प्रासंगिक है जो मानवजाति के जीवन में प्रेरणास्त्रोत है जिसने उनके बताये मार्ग को अपना लिया उसका जीवन सरल और आसान हो जाएगा। महावीर सिर्फ जैनियों के ही नही अपितु जन-जन के भगवान है।

वर्तमान शासन नायक संपूर्ण विश्व को जियो और जीने दो, अहिंसा परमो÷ धर्म÷ का संदेश देने वाले जैन धर्म के अंतिम 24 वे तीर्थंकर विश्व पूज्नीय श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महामहोत्सव (महावीर जयंती) पूरा देश व विश्व गुरुवार 10 अप्रिलको मनायेगा.

वर्द्धमान प्रभु महावीर स्वामी के मुख्य पंचशील सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य है जिसमें मानव जाति के संयमित जीवन जीने की सम्पूर्ण कला का सार है। स्वामी महावीर ने यह भी कहा था कि दया, करुणा, क्षमा, मैत्री और शांति का मार्ग जिंदगी के लिए अतिमहत्वपूर्ण है।

दुनियां में महावीर स्वामी के प्रमुख संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो÷ धर्म÷ आज भी आकाश में गूंज रहा है। वर्द्धमान महावीर ने ऐसे ही नही निर्वाण (मोक्ष) को प्राप्त कर लिया, उन्होंने कठोर तप, त्याग, तपस्या का परिचय दिया है जिसके वो प्रतिमूर्ति आदर्श है। उन्होंने सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र के उपलब्धि के साथ समस्त इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर निर्वाण को प्राप्त किया था।

भगवान महावीर ने चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को कुण्डलपुर वैशालीनगर में कुण्डलग्राम के राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला के घर राजघराने में जन्म लिया था। जिनका



गर्भ, जन्म, तप, कैवल्य ज्ञान और मोक्ष पंच कल्याणक भारत के बिहार राज्य की पावन पवित्र धरती पर हुई हैं। एक राज परिवार में जन्म लेने वाले वर्द्धमान महावीर ने राज - पाठ, परिवार, धन - संपदा, राजशाही जीवन छोड़कर मात्र 30 वर्ष की आयु युवावस्था में ही संसार को सत्य, अहिंसा, करुणा और प्रेम का मार्ग दिखाने निकल गए। अपने संसारिक सुख त्याग कर एक संयमित जीवन में सत्य, अहिंसा, करुणा और मैत्री की शक्ति को महसूस किया। महावीर में सभी को क्षमा करने का एक अद्भुत गुण था इसपर उन्होंने यही कहा था कि क्षमा वीरस्य भूषणम यानि क्षमा ही वीरों का आभूषण है।

तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अपने सिद्धांतों को जनमानस के बीच रखा, उन्होंने ढोंग, पाखण्ड, अत्याचार, अनाचारत व हिंसा को नकारते हुए दृढ़तापूर्वक अहिंसक धर्म या अहिंसा प्रधान जैन धर्म का प्रचार प्रसार कर संसार को दिव्य उपदेश देशना संदेश दिया।

कम शब्दों में अगर महावीर के बारे में कहा जाए तो ÷उन्होंने जंग एक भी लड़ा नही, फिर भी जग तो जीत लिया। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, अनेकांतवाद का हमको मंत्र दिया। उस जगत के तारक प्रभु महावीर की राह पर चलकर हम सभी तरह के भौतिक बंधन को तोड़ सकते है।÷

अगर अहिंसा के बारे में कहा जाय तो जीव हत्या ना करे, किसी को ठेस ना पहुंचायें, सभी जीवों के प्रति सम्मान रखें, प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वयग और आनंदपूर्ण है अनांद कहीं बाहर से नही बल्कि स्वयं के आत्मा से ही आता है। शांति और आत्म नियंत्रण अहिंसा है। इंसान के लिए अहिंसा ही सबसे महान धर्म है। तभी तो भगवान महावीर ने कहा था ÷स्वयं से लड़ो बाहरी दुश्मनों से क्या लड़ना, जो स्वयं पर विजयी प्राप्त कर लिया वो पूरे विश्व पर विजयी प्राप्त कर सकता है।÷ महावीर स्वामी ने हमेशा मानव कल्याण के बारे में सोचा है। उनकी शिक्षा दीक्षा उच्च कोटि की थी तभी उनके सिद्धांत देश विदेश तक पहुंच गूंज रहा। उनके विचारों में जो पवित्रता और सकारात्मकता है वो मानव के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जिसे हर किसी को अवश्य अपनाना चाहिए।

( लेखक प्रख्यात समाजसेवी हैं )

### आज का कार्टून




### राशिफल

**मेष**
नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा।

**वृषभ**
स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिये। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है। खरीदारी के दौरान बजट का ध्यान रखें। ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त हो सकते हैं।

**कर्क**
राजनीतिक लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**सिंह**
रोजगार के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार को सहमत करने में सफलता मिलेगी। नयी सम्पत्ति खरीद सकते हैं।

**कन्या**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बेहद शुभ है। फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**तुला**
भारी भोजन का सेवन करने से बचें। आज आप अनुसन्धान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुये काम करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपायें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है।

**धनु**
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मकर**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी महत्वपूर्ण बैठक के लिये जा रहे हैं तो आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ**
प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें।

**मीन**
रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 114वीं वाहिनी आरएएफ द्वारा मनाया गया शौर्य दिवस



**कोइलवर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** 114 बटालियन आरएएफ कोइलवर, आरा बिहार के प्रांगण में बुधवार को शौर्य दिवस मनाया गया। सबसे पहले सुबह में कमांडेंट अश्वनी कुमार झा के द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। शौर्य दिवस की गाथा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने प्रदर्शित असाधारण वीरता, साहस, धैर्य और बलिदान के प्रति दृढ़ समर्पण के बारे में बताया। 114 बटालियन के कमांडेंट अश्वनी कुमार झा ने सैनिक सम्मेलन में जवानों को संबोधित किया। इस दौरान शहीद कार्मिकों के परिवार को आमंत्रित कर उन्हे शौर्य दिवस पर सम्मानित किया गया। साथ ही कमांडेंट द्वारा मौजूद जवानों व उनके परिवारों को शौर्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दिया।

### अज्ञात वाहन ने मासूम को कुचला



**जगदीशपुर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** जगदीशपुर पीरो-बिहियां स्टेट हाईवे पर जगदीशपुर थाना अंतर्गत अंबेडकर चौक के समीप अज्ञात वाहन ने मासूम को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना अंतर्गत बेलाउर गांव निवासी सिकंदर मुसहर का 5 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार था। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आगजनी कर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों से वार्ता की तथा उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर सड़क जाम हटाया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतक की मां सीता देवी, पिता सिकंदर राम सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विधायक ने किया पीपीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास




**कोईलवर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** कोईलवर प्रखंड के गिधा गांव में पीसीसी निर्माण कार्य को लेकर बड़हरा के भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पीसीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को रखी। पीसीसी कार्य पर कुल 12 लाख की लागत आएगी। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत योजना एवं विकास विभाग द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। योजना नागेंद्र के घर से स्टेट बोरिंग से आगे तक की पीसीसी ढलाई किया जाना है। इस मौके पर एलईओ के इंजीनियर, पंचायत प्रतिनिधि समेत अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### हजरत दाता करीम शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स आज



**जगदीशपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** भोजपुर के ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला परिसर में आज धूमधाम से मनाया जाएगा। उर्स के अवसर पर मजार कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए पवित्र मजार को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया है। उर्स की शुरूआत सुबह गुसल मजार-ए-मुबारक से होगी, उसके बाद धार्मिक अनुष्ठान जैसे निशान पोसी, कुरान ख्वानी, गुसलखानी, परचम कुसाई और फतिहां का प्रोग्राम होगा। दिन के अंत में, असर की नमाज के बाद चादरपोशी के लिए जुलूस निकाला जाएगा, जो मजार के पास पहुंच कर चादर पोशी करेगा। रात्रि में कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कव्वाली का मुकाबला होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई स्थानीय लोगों का योगदान रहा है, जिसमें साबिर वारसी, असलम राजा, सलीम अंसारी, भोला खान, शाहिद अख्तर और सेराज खान समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### वज्रपात से पांच लोगों की मृत्यु

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** मंगलवार की रात बेगूसराय जिला अंतर्गत विभिन्न अंचलों में बज्रपात की चपेट में आने से पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी है। इस घटना में भगवानपुर, बलिया, साहेबपुर कमाल, मटिहानी एवं बेगूसराय सदर प्रखंड से एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कराते हुए सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया।जिला प्रशासन द्वारा सभी मृत व्यक्तियों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की गई ह। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी, आपदा शाखा द्वारा सभी मृत व्यक्तियों को आपदा विभाग से मिलने वाली अनुग्रह अनुदान की राशि 400000(चार लाख रुपए) की अग्रेतर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इससे मृतक के परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी ।

### राष्ट्रीय तैराक रौशन ने 2 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीते

**वीरपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में बेगुसराय जिले के सीनियर तैराक रौशन चौरसिया ने 2 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीते है। यह प्रतियोगिता बिहार राज्य तैराकी संघ द्वारा पटना में आयोजित हुई। इसमें वीरपुर पश्चिम पंचायत के बरैपुरा निवासी रौशन चौरसिया ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। वहीं इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के बाद उनका चयन राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। जो मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में होगी। बता दें कि रौशन चौरसिया जिले के सुदूर गांव में रहकर अब तक कई बार राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले के मान सम्मान को गोल्ड मेडल लाकर बढ़ाया है। रौशन जिला परिषद प्रतिनिधि होने के साथ साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं।

### प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर में बाल संसद का गठन

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर में बाल संसद का गठन बुधवार को किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक रामबिलास मोची की अध्यक्षता में बच्चों की आम सभा हुई। सर्व सम्मति से बाल संसद के प्रधानमंत्री के पद पर मोहित कुमार, उपप्रधान मंत्री जुही कुमारी, शिक्षा मंत्री आस्था कुमारी, उप-शिक्षा मंत्री यशराज कुमार स्वच्छता एवं सफाई मंत्री देवराज कुमार कुमार,उप स्वच्छता एवं सफाई मंत्री कोमल कुमारी,जल एवं बागवानी मंत्री कर्ण कुमारतथा उप जल एवं बागवानी मंत्री जैकलीन, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री अनुष्का कुमारी,उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री ऋतुराज कुमार , संस्कृति एवं खेल मंत्री रीतेश कुमारउप संस्कृति एवं खेल मंत्री अनुष्का कुमारी चुने गये। इन्हें पद और गोपनीयता की शपथ प्रभारी प्रधानाध्यापक रामबिलास मोची ने दिलायी। मौके पर संजय कुमार पासवान,मुन्नी कुमारीआदि शिक्षक मौजूद थे।

### पीले रंगों में नहीं मिलेंगी सरकारी कार्यालय : डीएम

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने जिला के सभी सरकारी भवनों को पीला रंग से रंग-रोगन नहीं कराने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों को कार्यालय प्रधान को पत्र देकर निदेशित किया है । जिला पदाधिकारी ने बताया कि सामान्यतः ऐसा पाया जाता है की सरकारी भवनों का रंग-रोगन पीले रंग से किया जाता है, साथ ही ऐसा भी देखा जाता है कि जर्जर सरकारी भवनों का भी सौंदर्यीकरण के नाम पर पीले रंग से रंग-रोगन कर दिया जाता है जो सौन्दर्यीकरण की दृष्टिकोण से उचित नहीं दिखता है।इसलिए जिला पदाधिकारी द्वारा किसी भी सरकारी भवन में रंग रोगन हेतु पीला रंग नहीं इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है साथ ही यह भी निदेशित किया गया है की पूर्व से पीले रंग से रंगे सभी सरकारी भवनों का अन्य किसी रंग से रंग रोगन करवाते हुए परिवर्तित किया जाय।सभी विभागों को भेजे गये पत्र में बताया गया है कि यदि किसी भी सरकारी भवनों का रंग-रोगन पीला रंग से करने का विभागीय निर्देश आता है तो इसकी जानकारी जिला पदाधिकारी को देते हुए ही कार्य करना प्रारंभ करेंगे।

### आरोपी गिरफ्तार

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** थाने क्षेत्र के एक गाँव से नाबालिग लड़की के अपहरणकर्ता को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पूर्वी डफरपुर का रामफल यादव का पुत्र सोनू कुमार है। थाना कांड संख्या 56/25 के तहत वह प्राथमिकी नामजद था। अपहृता के पिता ने 20 मार्च को आवेदन देकर उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाकर नामजद किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे नीमा चांदपुरा से गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी में पी एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दीक्षांत समारोह में पुरस्कृत किये गये बिहार बोर्ड वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थी

**उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक की छात्रा ज्योत्सना प्रसाद ने 453 अंक प्राप्त कर विद्यालय और पंचायत का नाम किया रौशन**



**कोईलवर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** प्रखंड के मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में मैट्रिक और इंटर वार्षिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने को लेकर विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक, राजाराम सिंह 'प्रियदर्शी' ने की। मुख्य अतिथि डीईओ अहसन, विशिष्ट अतिथि, डीपीओ स्थापना, रमेश कुमार पाल, डीपीओ, समग्र शिक्षा चंदन प्रभाकर ने संयुक्त रुप से उद्घाटन किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर शिक्षिका आंचल गोस्वामी, शालिनी, अर्चना कुमारी, सुषमा गुप्ता, रजिया खातून, कुमारी सुधा तिवारी के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक और शिक्षाप्रद गीतों, गुरु वंदना, 'लुक-छिप जाओ ना', 'घर-घर दीप जलाएंगे, हम बदलेंगे जमाना' की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। इस क्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी गीत "आधी रोटी भले कमे खिअइह, बाकि बेटी-बेटा के पढ़इह जरुर" की समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं अभिभावकों द्वारा भरपूर सराहना की गई। डीईओ अहसन ने कहा कि मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक दिन-प्रतिदिन विद्यालय को आकर्षक बनाने एवं शिक्षण के मामले में उतरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है। जिस विद्यालय के एचएम एवं शिक्षक-शिक्षिका अपने में समन्वय बनाकर संकल्पित होकर कार्य करते हैं वहां का रिजल्ट भी बेहतर ही होता है। हम इस विद्यालय के एचएम डॉ. दयाशंकर प्रसाद, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को धन्यवाद और बधाई देते हैं कि यह विद्यालय उतरोत्तर विकास के मार्ग पर चलकर बेहतर कार्य करता रहे। डीपीओ, चंदन प्रभाकर ने कहा कि वास्तव में यह विद्यालय हरक्षेत्र में एक नजीर पेश कर रहा है। डीपीओ, रमेश कुमार पाल ने कहा कि चंदा काजीचक विद्यालय को हम जब से देख रहे हैं तब से बहुत ही बेहतर करते आ रहा है। इस विद्यालय से प्रखंड के विद्यालयों को आकर देखना चाहिए और इससे सीख लेनी चाहिए। बताते चलें कि बिहार बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में इस विद्यालय के इंटर में कुल 86 में से 30 बच्चों ने और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा में कुल 125 में से 67 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय में अपना परचम लहराया है। कक्षा 1ली से कक्षा 12वीं तक के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को दीक्षित पगड़ी, गमछा, मोमेंटो और मेडल देकर पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, बैजनाथ राय, अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव संगीता कुमारी, सीपी चक्रवर्ती, कवि सुरेन्द्र शर्मा विशाल, मोहन यादव, जय मंगल सिंह, विमला देवी, सुशीला देवी, शिक्षक/शिक्षिका, मनोज कुमार सिंह उर्फ गोपाल जी, धनंजय कुमार पांडेय, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, सुमन कुमार, रोहित कुमार राहुल, कमाल अशरफ रिजवी, इमरान अहमद समेत अन्य थे।

# एसिड मामले के दरिंदे को समाज से किया बहिष्कृत

**बखरी/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** बखरी प्रखंड के नगर मंडल के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष संजय सिंह राठौड़ के 24 वर्षीय लड़की पल्लवी के साथ हुए एसिड हमला मामले में मंगलवार रात्रि क्षत्रिय संगठन का एक विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक बखरी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 24 स्थित पीड़ित के आवास पर आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता करनी सेना के जिला अध्यक्ष सुमित राजवंश एवं उपाध्यक्ष सह राजद प्रदेश महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह परमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बैठक में बखरी अटखूटी, मक्खाचक राठौड़ मुहल्ला, शकरपुरा, गंगरहो,परिहारा समेत करीब सैंकड़ों क्षत्रिय (राजपूत) समाज मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य था पल्लवी को एसिड से जलाने वाले जेल में बंद दरिंदों को उचित सजा मिले। बैठक में सभी लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए आरोपी को सरकार से कड़ी सजा दिलाने कि बात कहे वही पड़ोसी आरोपी अंजनी कुमार सिंह को समाज से बहिष्कृत करने कि बात कहे। संगठन के नेतृत्व कर रहे उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह परमार ने कहा अपने पड़ोसी पौत्री के साथ साज़िश के तहत हमला कराने वाले को समाज से बहिष्कार किया जाए।क्यूंकि ऐसे हैमान दरिन्दे हमारे समाज के लिए कलंक है। ऐसे विकृत मानसिकता वाले गंदा लोग समाज को और बदनाम कर सकते। वही गौतम सिंह राठौड़ ने कहा सभी लोग इससे खान-पान दोस्ती-नाते आने जाने बोल-चाल बंद करें ऐसे कुकृत्य अपराधी पर समाज अब भरोसा नहीं करते। वही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करनी सेना के महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रेणु सिंह एवं पूर्व सांसद आनंद मोहन ने इस घटना से मर्माहत होते हुए बड़ा ही दुर्भाग्य बताया उन्होंने सभा में शामिल सभी लोगों को हरसंभव मदद और अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में मदद की बात कहे और इस फैसले से सहमति व्यक्त किए। इस बैठक में बखरी क्षेत्र के क्षत्रिय में आजाद सिंह राठौड़, शम्भू प्रसाद सिंह,पारस सिंह, सुभाष सिंह,राजू सिंह,सिपपू सिंह, रोहित सिंह राजपूत, सुधीर सिंह, नितेश सिंह राजपूत, अंकित सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुमन जीत सुमन,निकेत राठौड़, दिव्या सिंह, गोपाल सिंह सहित क्षत्रिय समाज ने एकजुटता दिखाते हुए सामाज से बहिष्कृत करने का फैसला लिया।

# मटिहानी प्रखंड के गंगा घाट का डीएम ने किया निरीक्षण



**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** मटिहानी प्रखंड के बलहपुर 2 पंचायत में गंगा नदी नयागांव घाट एवं खोरमपुर पंचायत के खोरमपुर घाट का डीएम तुषार सिंगला ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में विधायक मटिहानी राजकुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी मटिहानी, अंचल अधिकारी मटिहानी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। दोनों घाटों पर सीढ़ी का निर्माण कराने, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा घाट पर स्नान करने वाले महिलाओं के लिए चेंजिग रूम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही घाट पर हाई मास्ट लाईट, पार्किंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया, साथ ही दोनों घाटों पर शवदाह गृह का निर्माण कराने हेतु भी निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने इस सभी निर्माण कार्य हेतु ईन सभी योजनाओं को पंचायत समिति एवं 15वीं योजना से कराने हेतु योजना लेने का निर्देश प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोनों घाटों पर आने-जाने वाले सड़क पर पेभर ब्लॉक का निर्माण कराने को कहा गया, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई ना हो। इसके साथ ही आये दिन गंगा स्नान के दौरान होने वाले दुर्घटना को देखते हुए घाट में खतरनाक जगह को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि गंगा स्नान करने वाले लोग में किसी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा श्री रामधारी सिंह राजकीय कृत मध्य विद्यालय छितरौर में बन रहे खेल मैदान का निरीक्षण किया एवं इसे ससमय पूर्ण करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही विद्यालय के भवनों को भी रंग-रोगन कराने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया।

# जय मां काली बरखोरापुर मंच पर पुलिस अधिकारियों को मिला सम्मान

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बड़हरा/भोजपुर।** जय मां काली बखोरापुर वाली, दरबार कभी भक्तों से रहे न खाली वाली कहावत करीब 25 वर्षो से अनवरत देखने को मिल रहा है। 2 अप्रैल को विशाल वार्षिक स्थापना दिवस-2025 पर सुंदर कांड व कीर्तन मंडली समेत 551 लोगों को सम्मानित किया गया है। 9 अप्रैल को फिर भोजपुर के जांबाज पुलिस अधिकारी को माता के दरबार से बुलावा आया।

मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने अधिकारियों का परिचय दिया। जिसमें बड़हरा थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष शैलेंश्वर प्रसाद 2009 बैच के अधिकारी को सम्मानित होने का समाचार है। उनकी छवि ईमानदार व मैत्रीपूर्ण लोगों के बीच रहा है। वही 2022 बैच के एसआई सुश्री प्रीति कुमारी व सुश्री सोनी कुमारी को राजगीर ट्रेनिंग के दौरान कई पुरस्कार मिला है। दोनो पुलिस अधिकारी को मंदिर ट्रस्ट सम्मानित कर बेटी समझ शादी में मदद कराने का घोषणा किया है। 2022 बैच के जांबाज एसआई दीपक कुमार शर्मा वर्तमान में नवादा थाना आरा में पदस्थापित अधिकारी है। पुलिस विभाग को इनपर गर्व है। इनके नाम सुनते ही अपराधियों के पसीने छुटने लगते है। भोजपुर पुलिस व जिलाबल में 25 हजार व उससे उपर के इनामी अपराधियों को पकड़ना व इन्काउन्टर करने का श्रेय विभाग द्वारा दिया जाता है। जिस पर भोजपुर पुलिस को गर्व है। जैसे ही मां काली मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुनील सिंह गोपाल को जानकारी हुई। अपने मंदिर के अध्यक्ष, मुख्य सलाहकार, सदस्यों व पुजारियों को सूचना देकर सलाह लिया। उन्हें 9 अप्रैल को सम्मानित करना है। मंदिर ट्रस्ट पूरी तैयारी के साथ जुट गया। सुनील सिंह गोपाल ने बताया कि बहुत जल्द राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम मंदिर ट्रस्ट कराने की तैयारी में है। सम्मान समारोह के मौके पर रविशंकर सिंह, कमल किशोर सिंह, धर्मवीर सिंह, रामनारायण सिंह, ऋषि कुमार सिंह, गोल्डेन राय, रामनाथ चौरसिया, सूरज गुप्ता समेत अन्य थे। अधिकारियों को सम्मानित होने की सूचना मिलते ही प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मंदिर पहुंचे। इस खुशनुमा माहौल को अपने कैमरों में कैद करना शुरू कर दिया। जब सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारी के बारे में जानकारी मिली। सभी मीडिया बंधु अपने को गौरवान्वित महशूस करने लगे।

गौरतलब हो कि जय मां काली मंदिर के पुजारी विष्णु बाबा व श्याम बाबा ने बताया कि हमलोग 24 घंटे मां के सेवा में है। मां के दरबार में प्रतिदिन गणमान्य का आने जाने का शिलशिला लगा रहता है। माता रानी के दरबार में मंत्री, सांसद, विधायक, न्यायाधीश, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, कलाकार समेत अन्य आते रहते है। मंदिर ट्रस्ट प्रतिदिन सम्मानित करने का कार्य करती है। वर्तमान में मंदिर के संरक्षक सुनील भैया कस्टम विभाग से रिटायर होने के बाद माता रानी के सेवा में ज्यादा समय देने लगे है। उनके व्यवहार से मंदिर सदस्य पूरी उर्जा के साथ सेवा में जुटे है।

# एसिड पीड़िता को न्याय हेतु निकाला न्याय मार्च

**बखरी/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** एसिड पीड़िता को न्याय दिलाने,दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में शामिल लोग जस्टिस फॉर पल्लवी,बेटियों को सुरक्षा दो,अपराधियों को फांसी देने की मांग से संबंधित तख्तियां हाथों में लेकर नारेबाजी कर रहे थे। एसिड पीड़िता के आवास से निकला मार्च बाजार के सभी मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए पुरानी दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। न्याय सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा घटना के 24घंटे के अंदर अपराधी जेल की सींखचों तक पहुंच गया। यह पुलिस प्रशासन की उपलब्धि है। मगर असली चुनौती दोषियों को उसके अंजाम तक पहुंचाने की है। उन्होंने प्राथमिकी में बीएनएस की धारा 124 जोड़ते हुए अभियुक्तों के लिए फांसी की सजा देने की मांग की। मौके पर पूर्व मुख्य पार्षद कुमारी संगीता राय, सरिता साह, पार्षद अनिता सहनी, समीर श्रवण, राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह परमार,भाजपा नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन,पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ पाठक, करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुमित राजवंश, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, राजू कुशवाहा,अजय सान्याल, गौतम सिंह राठौड़, प्रियांशु रघुवंशी, अमर कुमार राजा आदि मौजूद थे।

# सिमरिया गोलम्बर से गुप्ता बांध तक बनेगी सड़क

**मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान बेगूसराय जिला अंतर्गत गुप्ता लखमिनियां बांध अवस्थित सड़क के चौड़ीकरण की उद्घोषणा**

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** आम लोगों की समस्याओं को देखते हुए एनएच 31 पर सिमरिया गोलम्बर से गुप्ता-लखमिनियाँ बांध तक सड़क निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए जिला पदाधिकारी श्री तुषार सिंगला ने एनएच 31 पर सिमरिया गोलम्बर से गुप्ता-लखमिनियाँ बांध तक सड़क निर्माण कराने हेतु उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया है। बतातें चलें कि मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान बेगूसराय जिला अंतर्गत गुप्ता लखमिनियां बांध अवस्थित सड़क के चौड़ीकरण का उद्घोषणा किया गया है। उक्त सड़क बेगूसराय शहर के लिए बाईपास/रिंग रोड के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए अंचल अधिकारी, बरौनी द्वारा जमीन को चिन्हित कर एनओसी भी उपलब्ध करा दिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा भेजे गये पत्र में उप विकास आयुक्त बेगूसराय को एनएच 31 पर सिमरिया गोलम्बर से गुप्ता-लखमिनियाँ बांध एनटीपीसी के दक्षिण तक लगभग 550 मीटर सड़क जिला परिषद/पंचायत समिति/ग्राम पंचायत योजना मद से निर्माण कराने का निर्देश दिया है, ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सकें।इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने एनएच 31 फोर लेन को चौड़ीकरण कर सिक्स लेन निर्माण हेतु भी एनएचएआई बेगूसराय के परियोजना निदेशक को पत्र लिखा है।ज्ञात हो कि सिमरिया-औंटा सिक्स लेन ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है, जो संभवता मई में चालू हो जायेगी। इस ब्रिज के चालू हो जाने से उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु, श्रीकृष्ण सेतु एवं महात्मा गांधी सेतु के अलावे सिमरिया-औंटा सिक्स लेन ब्रिज का उपयोग भी आमलोग आवागमन के लिए करेंगे।बेगूसराय जिला बिहार का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। बेगूसराय शहर में आईओसीएल, एनटीपीसी, एचयूआरएल, सुधा डेयरी, पेप्सी प्लांट सहित अन्य छोटी एवं बड़ी इकाई कार्यरत है। औद्योगिक शहर हेने के कारण यहां पर काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। सिक्स लेन ब्रिज चालू हो जाने से भारी संख्या में वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो जायेगा, जिस कारण जाम की स्थिति बनी रहने की प्रबल संभावना हो जायेगी। सिमरिया गोलम्बर से जीरो माईल बरौनी होते हुए खगड़िया तक फोर लेन सड़क को चौड़ीकरण कर सिक्स लेन करने हेतु परियोजना निदेशक एनएचएआई को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, ताकि भविष्य में लगने वाले जाम की समस्या को आम लोगों को छुटकारा मिल सकें।

# परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन बुधवार को पीएचसी नावकोठी में किया गया। इसमें चिकित्सकों की टीम ने 75 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। चिकित्सा पदाधिकारी डा चंदन कुमार मिश्र ने गर्भवती महिला को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी।इसके लिए नोनी का साग,पीले पके फल, दूध, मछली,कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया।प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी।सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने,नियमित स्वास्थ्य जांच कराने,सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया।मौके पर बलड लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार जोशी, काउंसर राजकुमार सिंहा,एएनएम विश्व भारती,रेणु कुमारी,नंदन कुमारी,मोनी कुमारी सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता,लाभुक आदि मौजूद थे।

# अगलगी से घर राख

**बछवाड़ा/नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 10 में बुधवार की अहले सुबह अचानक चार फुस का घर जलकर राख हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने चापाकल और पंप सेट के सहारे आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा कपड़ा,अनाज,जरूरी कागजात और लगभग 80000 रुपया नगद जलकर खाक हो गया। आग किन कारणों से लगा ये स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित वार्ड संख्या 10 निवासी योगेश्वर राय के पुत्र रामदयाल राय एवं उनके पुत्र राजन राय ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह अचानक घर में आग लग गई। आग की लपेट इतनी तेज थी कि देखते-देखते चार घरों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान और लगभग 80000 रुपया नगद जलकर राख हो गया। आगलगी की सूचना पाते ही स्थानीय मुखिया उदय कुमार राय और पंचायत समिति प्रतिनिधि रंजीत राय ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए चुरा, तिरपाल समेत अन्य सामग्री वितरण किया। साथ ही घर में रखे नगद लगभग 80000 रुपया जलकर खाक हो गया। इसलिए स्थानीय पदाधिकारी से अनुरोध है कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान किया जाए।

# अग्निपीड़ितों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**नावकोठी /नवबिहार टाइम्स सवाददाता।** जिले के चर्चित चिकित्सक, न्यूरॉन हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ मारूति नंदन ने नावकोठी वार्ड 01 के 108 सदस्य व 32 परिवारों के अग्निपीड़ित को खाद्य सामग्री प्रदान कर सहयोग किया। उन्होंने महादलित मुशहर समुदाय के 108 अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच एक महीने का आटा, चावल, आलू, नमक, तेल, माचिस, बिस्किट आदि दिया गया। गौरतलब हो कि पिछले शनिवार की रात नावकोठी पंचायत के वार्ड 1 महादलित बस्ती में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसमें लाखों रूपए का नुकसान एवं जान माल की क्षति हुई। न्यूरॉन हास्पिटल द्वारा पीड़ित परिवारों को इस दुःख की घड़ी में मदद करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस कार्य में डा मारूति नंदन के अतिरिक्त स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, उपमुखिया विजय कुमार सहनी, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार रजक, मो सलमान महेश महतों, सोनू कुमार , विजय कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# आशी केयर हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय रोग परामर्श व जांच शिविर 12 को : मनीष तिवारी

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पांकी रोड़ स्थित आशी केयर अस्पताल में 12 अप्रैल शनिवार को निशुल्क हृदय रोग परामर्श व जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डीएम कार्डियो डॉ पंकज प्रभात दोपहर 3.30 बजे से संध्या 7 बजे तक जरूरतमंद रोगियों की जांच करेंगे। पलामू प्रमंडल सहित अन्य जगहों के भी रोगी निशुल्क जांच करा सकेंगे। उक्त जानकारी अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को हर्ट अटैक, हर्ट फेलियर, वाल्व की समस्या, हृदय में छेद, सीने में दर्द, सीने में भारीपन, सीढ़ी चढ़ने या चलने मात्र से सांस फूलने, चक्कर, बेहोशी, धड़कन तेज होने या फिर जल्दी थकान होने से संबंधित समस्या है तो ख्याति प्राप्त हृदय रोग चिकित्सक डा. पंकज प्रभात से एक बार जरूर जांच कराएं।उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आकर निशुल्क शिविर का लाभ उठाएं। कहां कि ऐसा मौका बार -बार नहीं मिलता है। निदेशक तिवारी ने कहा कि आशी केयर अस्पताल ने फिर से जनसेवा की भावना के उद्देश्य निशुल्क परामर्श व जांच शिविर लगाया है। शिविर में जरूरतमंदों को इसीजी, ईको भी निशुल्क किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकें व अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। कोई गंभीर बीमारी न हो उससे पहले ही उसका समुचित इलाज हो सके। अस्पताल के उप निदेशक अमितेश पाण्डेय ने कहा जरूरतमंदों व निर्धनों के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस तरह के शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने रोगियों से 9123444677 पर संपर्क कर पंजीयन करने का आह्वान किया है।



# झोला में रखे रुपए को उचक्के ने उड़ाए

**मेदिनीनगर (पलामू) :** हैदरनगर बैंक से 40 हजार रुपए निकाल कर झोला में रख कर घर जा रहे व्यक्ति की बाइक का झोला उचक्के ने उड़ा लिया। पीड़ित की बेवकूफी का उचक्के ने फायदा उठाया। जानकारी के अनुसार व्यक्ति बैंक से पैसा निकाल कर एक झोला में रखने के बाद झोला को बाइक में टांग दिया। झोला टंगा हुआ बाइक सड़क किनारे खड़ा कर इंडेन गैस एजेंसी में कुछ सामान लेने चला गया।

**Name Change**

Amrendra Kumar, s/o Jiwan lal Sharma, resident of Saketpuri, east of Bahadurpur Bazar Samiti, P.O Rajendranagar, District Patna - 800016, Bihar do hereby solemnly affirm and declare that Kavya Sharma is my son. His Adhar card no. is 967078416313 .Now I want to change his name from Kavya Sharma to Vivek Sharma. He will be known as Vivek Sharma for all future purposes. Affidavit no. 814 dated 9.4.25

CMYK

# हर हाल में राजकीय नलकूपों को रखा जाए चालू : उप विकास आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय की अध्यक्षता में लघु सिंचाई प्रमंडल मोतिहारी के तत्वावधान में जिले भर के राजकीय नलकूपों को सुचारु ढंग से चलाने एवं रख रखाव के लिए सम्बन्धित पंचायतों के मुखियागण एवं पंचायत सचिवों के साथ एक बैठक समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र भवन में आयोजित की गई। जिसमें उप विकास आयुक्त ने राजकीय नलकूपों को चालू रखने तथा खराब होने पर अतिशीघ्र मरम्मती करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी संभावित प्रचंड गर्मी को देखते हुए हर हाल में किसानो को पटवन के लिए पानी उपलब्ध करने हेतु सभी नलकूपों को अनवरत क्रियाशील रखने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभागीय अभियंताओं के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दियाद्य बैठक में इस जिले के लघु सिंचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता युक्ति नाथ मिश्र ने नलकूपों को चालू रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर मरम्मती की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने पांच नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का भी परिचय उनके दिये गये पंचायतों के प्रतिनिधियों से कराया एवं सतत मरम्मती कार्य को जारी रखने का निर्देश दिया जिससे कि अधिकाधिक नलकूप चालू हो सके तथा किसानो को सिंचाई का लाभ दिया जा सके। बैठक में 88 नलकूपों पर खर्च एवं व्यय राशि की उपयोगिता के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इस प्रमंडल के सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता एवं बिजली वितरण कंपनी के अभियंता भी मौजूद रहे।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के कल्पा थाना क्षेत्र के बदहर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना गांव के पश्चिमी इलाके की है, जहां सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान गांव के ही शैलेश कुमार के रूप में हुई है। शैलेश पंजाब में रहकर मजदूरी करता था और हाल ही में होली से पहले अपने गांव लौटा था। बताया जा रहा है कि उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। पुलिस को शक है कि हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद मृतक का भाई अखिलेश कुमार ने बताया कि हमलोगों को बुधवार की सुबह घटना की जानकारी मिली है। यह पूछे जाने पर की घटना के पीछे क्या कारण हो सकता है इस पर उसने बताया कि उन लोगों को अभी कुछ ज्ञात नहीं है कि आखिर उसके भाई को किसने मारा और क्यों मारा? इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कलपा पंचायत के मुखिया नागेन्द्र पासवान ने कहा कि गांव में पहली बार इस तरह की कोई वारदात हुई है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों का पहचान कर उसे सख्त सजा पुलिस प्रशासन दिलाए।

# पूर्व में अराजकता, अपराध और पिछड़ेपन का शिकार हो गया था बिहार : राधामोहन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** आज सांसद सह पूर्व केंद्रीय कषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कल्याणपुर एवं पिपरा विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि एक समय बिहार अराजकता, अपराध और पिछड़ेपन का शिकार हो गया था। राजद के कुशासन के दौर में बिहार में न गुड गवर्नेंस था न ही कानून का राज। अपराध, अपहरण और जातीय हिंसा बिहार की पहचान बन चुकी थी। निवेशक बिहार का नाम सुनकर ही भाग जाते थे, और उद्योग-व्यापार ठप हो गया था। उन्होंने कहा कि बिहार के गौरव की पुर्नस्थापना के संकल्प के साथ 2005 में सत्ता में आए एनडीए के कुशल नेतृत्व में बिहार बजट का आकार 13.27 गुना बढ़ चुका है। वित्त वर्ष 2004-05 में बिहार बजट का आकार 23,885 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 3,16,895 करोड़ रुपये हो चुका है। श्री सिंह ने कहा कि एनडीए की सरकार ने बिहार को इस अंधकार से बाहर निकालकर विकास की राह पर आगे बढ़ाया। बिहार में सड़क और एक्सप्रेस वे नेटवर्क का विस्तार राज्य को नए युग में प्रवेश करा रहा है। स्वास्थ्य बजट 2005 के 629.41 करोड़ से बढ़कर 2025 में 20,335 करोड़ हो गया। उक्त सम्मेलनों में पिपरा विधायक शायमबाबू यादव, पूर्व विधायक कल्याणपुर सचिन्द्र प्रसाद सिंह सहित दोनों विधानसभाओं के बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### सेवानिवृत कर्मचारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**जहानाबाद।** जिले के एसएस कॉलेज में शोक सभा आयोजित कर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी राज कुमार राम को उनके निधन पर महाविद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज कुमार राम के निधन की सूचना मिलते ही महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि उनका देहांत विगत सोमवार को हो गया था। स्वर्गीय राम लगातार तीन दशक तक महाविद्यालय में अपनी निष्ठापूर्वक सेवा प्रदान किए थे। अपने शोक संदेश में प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने स्वर्गीय राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासन प्रिय और व्यवहार कुशल व्यक्ति के रूप में याद किया। महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. विनोद कुमार रॉय की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। उन्हें उदास व दुखी मन से याद करते हुए शोक व्यक्त करने वालों में प्रो. कृष्णानंद, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. इमरान अरशद, अनिल कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार सिंह, प्रेम कुमार, रामजीवन पासवान, विनोद कुमार, विवेकानंद कुमार, सुदर्शन कुमार, नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

### युवा विकसित भारत की रीढ़ : प्रेम कुमार

**दनियावां(पटना)।** दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर से गहरे जुड़े प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा संसद का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि युवा विकसित भारत का मजबूत रीढ़ है। युवाओं के बल पर 2047 में भारत विकसित बनेगा। भारत दुनिया का युवा देश है। युवा संसद में बेरोजगारी का मुद्दा छाया रहा। आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे कि भोग परक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है। उन्होंने युवाओं से नौकरी का मोह त्यागकर स्वरोजगार अपनाने का सलाह दिया है वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक दास को समाज मे उत्कृष्ट योगदान के लिए युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता अवधेश यादव, बखोरी यादव, बबलु कुमार, रहीश कुमार शामिल है।

### बीईओ ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बुधवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले शिक्षकों की उपस्थिति पंजी और अन्य अभिलेखों की जांच की। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह और लिपिक विनोद कुमार से विभिन्न कक्षाओं में नामांकित बच्चों की संख्या, कमरों की उपलब्धता और अन्य संसाधनों की जानकारी ली। इसके उपरांत बीईओ वर्ग कक्षों में पहुंचे, जहां उन्होंने कुछ देर तक शिक्षिका द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय को समझाने के तरीके का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे और बच्चों को पढ़ाई के टिप्स भी दिए।

### चमकी बुखार से बचाव के लिए एसडीपीओ ने की बैठक

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** सिकरहना के एसडीपीओ साकेत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में चमकी बुखार से बचाव को लेकर एक प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विकास मित्रों सहित प्रखंड के सभी प्रशासनिक नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एसडीपीओ ने उपस्थित कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि 19 अप्रैल से सभी पंचायतों, विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति मुहल्लों में शिविर लगाकर लोगों को चमकी बुखार से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए और विस्तृत जानकारी दी जाए। इस अवसर पर बीडीओ श्याम कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामनरेश कुमार, बीएचएम पंकज कुमार, मुनेंद्र कुमार सहित दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

### नशीली दवाओं के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल में नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को रक्सौल थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजीव नंदन सिन्हा ने शहर के लक्ष्मीपुर में छापेमारी कर एक कारोबारी, रवी गुप्ता उर्फ मनोज कुमार गुप्ता (निवासी रक्सौल मौजे, वार्ड 20) को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गईं। पूछताछ में पता चला कि रवी गुप्ता इन नशीली दवाओं की सप्लाई नेपाल तक करता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच और आगे की कार्रवाई जारी है।

### तेज हवा पानी से नुकसान, बाधित रही बिजली आपूर्ति

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** मंगलवार को मध्यरात्रि के बाद आई तेज हवा पानी ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई। कई जगह झोपड़ी व टीन के बने घर गिर गए व उनके छप्पर उड़ गए। कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूट गई, पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे टूटे और कई जगहों पर टहनियां बिजली के तार और पोल पर गिर गए। तेज हवा और उसके साथ हुई बारिश से फसलों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। आंधी पानी के कारण बुधवार को दिन भर बिजली की आपूर्ति ठप रही। मंगलवार की सुबह से बारिश तो नहीं हुई लेकिन दिन भर मौसम शुष्क रहा। हवा चलने के साथ ही बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि कई जगहों पर पोल व टहनियां गिरने से तार और ब्रेकेट टूट गया। जिसे सुबह दुरुस्त किया गया। फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। विशेषकर मक्का के खड़े पौधे बड़े पैमाने पर टूट गए हैं। तैयार फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है।


## कार्यालयः मोटरयान निरीक्षक, पलामू।

**Email- ID:-mvi-palamu@jharkhandgmail.gov.in**

(JIMMS portal) में सूचीबद्ध पलामू जिला से पंजीकृत वाहन के स्वामियों के लिए आवश्यक सूचनाः–

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि संयुक्त परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग झारखण्ड रॉची के प्रत्रांक 252 दिनांक 21.02.2025 द्वारा खनन क्षेत्रों में अवैध रूप से परिचालित वाहन जो **JIMMS PORTAL** में अंकित है एवं दीर्घ समय से बिना पथकार एवं ब्लैकलिस्ट एवं दुरूस्ती प्रमाण पत्र अद्यतन किये बिना वाहन का परिचालन कर रहे है।

अतः उपरोक्त वर्णित परिप्रेक्ष्य में निम्नाकित वाहनों के स्वामी को निर्देश दिया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के अंदर ब्लैकलिस्ट हटवाने तथा पथकर जमा करना तथा दुरूस्ती प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित् करेंगें अन्याथा निम्नांकित वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वाहन स्वामी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।


| S.NO. | Vehicle Number | Fitness Validity | Tax Validity | Blacklisted | Registered At |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH03S0122 | 09-Jan-22 | 05-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 2 | CG11AC5431 | 21-Jul-24 | 24-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 3 | JH03AL0665 | 19-Jul-24 | 21-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 4 | JH03X1970 | 19-May-21 | 23-Apr-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 5 | BR26GA3392 | 18-Nov-24 | 12-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 6 | JH03AE1725 | 02-Aug-24 | 04-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 7 | JH03N8661 | 12-Apr-24 | 08-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 8 | JH03W6653 | 10-Mar-24 | 09-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 9 | JH03S1396 | 21-Mar-23 | 27-Aug-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 10 | JH03AL8269 | 02-Sep-23 | 24-Aug-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 11 | JH03AL3046 | 09-Nov-23 | 28-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 12 | JH03X0517 | 21-Oct-24 | 11-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 13 | JH03AG9085 | 22-Mar-24 | 13-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 14 | JH03Q4021 | 17-Aug-23 | 29-Jan-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 15 | JH03AG2883 | 07-Apr-24 | 29-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 16 | JH03P1546 | 20-Nov-18 | 23-Aug-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 17 | JH03S7553 | 12-Jul-22 | 03-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 18 | JH03Y0195 | 20-Jun-21 | 02-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 19 | JH03U2476 | 31-May-20 | 18-Nov-19 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 20 | JH03M2294 | 24-Oct-23 | 19-Aug-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 21 | JH03K2442 | 22-Sep-23 | 07-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 22 | JH03Q9382 | 30-Aug-23 | 26-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 23 | JH03Z9907 | 27-Jan-22 | 04-Aug-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 24 | JH03R4989 | 02-Sep-24 | 14-Aug-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 25 | JH03V2082 | 19-Oct-22 | 21-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 26 | JH03V9138 | 09-Oct-22 | 25-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 27 | JH03X5515 | 03-Jun-23 | 04-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 28 | JH03U9615 | 18-Oct-24 | 27-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 29 | JH03T8176 | 08-Mar-20 | 18-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 30 | JH03W0727 | 13-Dec-23 | 04-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 31 | jh03m8171 | 20-Feb-24 | 02-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 32 | JH03V1546 | 19-Oct-22 | 21-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 33 | JH03T3149 | 14-Feb-24 | 27-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 34 | JH03V9150 | 19-Nov-24 | 03-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 35 | JH03AF2798 | 15-Dec-23 | 14-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 36 | JH03S5272 | 07-Feb-24 | 19-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 37 | UP64T5239 | 09-Jan-24 | 07-Apr-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 38 | JH03N2082 | 26-Nov-22 | 11-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 39 | JH03V6582 | 15-Jul-24 | 19-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 40 | jh03s4352 | 30-May-24 | 27-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 41 | JH03AG3682 | 02-Mar-24 | 22-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 42 | JH03L2311 | 15-Nov-23 | 09-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 43 | JH03Q9882 | 18-Apr-24 | 29-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 44 | JH03T2672 | 02-Apr-20 | 25-Mar-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 45 | JH03W2308 | 30-Jan-25 | 28-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 46 | JH03G7187 | 19-Jun-14 | 22-Jun-13 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 47 | JH03P2619 | 01-Jul-24 | 01-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 48 | JH03T5427 | 24-Mar-23 | 15-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 49 | JH03Y5193 | 30-Aug-23 | 21-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 50 | jh03ad2678 | 02-Mar-23 | 27-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 51 | JH03T7964 | 17-Mar-25 | 17-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 52 | jh03t6778 | 24-Feb-25 | 29-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 53 | JH03AK9650 | 27-Feb-24 | 18-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 54 | JH03T4134 | 27-Sep-23 | 25-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 55 | JH03AJ8536 | 11-Oct-24 | 13-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 56 | JH03K9401 | 24-Jun-24 | 22-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 57 | JH03K0195 | 24-Jun-24 | 22-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 58 | JH03G7516 | 01-Mar-20 | 05-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 59 | JH03S7867 | 15-Dec-22 | 24-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 60 | jh03ak6964 | 19-Mar-25 | 19-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 61 | JH03AK2300 | 12-Mar-25 | 10-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 62 | JH03AK2100 | 12-Mar-25 | 10-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 63 | JH03AK4896 | 17-Mar-25 | 17-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 64 | JH03Y8387 | 06-Sep-21 | 09-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 65 | JH03H0686 | 25-Apr-23 | 20-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 66 | JH03AF9547 | 31-Mar-23 | 27-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 67 | JH03V2431 | 21-Dec-24 | 27-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 68 | JH03AK4101 | 12-Mar-25 | 08-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 69 | JH03AK4704 | 12-Mar-25 | 08-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 70 | JH03AK0241 | 12-Mar-25 | 08-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 71 | JH03W2591 | 31-Jan-23 | 29-Jul-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 72 | JH03V2514 | 24-Sep-22 | 15-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 73 | JH03T2866 | 24-Jun-22 | 20-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 74 | JH03Q2723 | 22-Feb-25 | 22-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 75 | JH03AK3271 | 26-Feb-25 | 21-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 76 | JH03R5534 | 12-Aug-23 | 25-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 77 | JH03R5505 | 28-Mar-24 | 01-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 78 | JH03U1455 | 08-Jul-24 | 25-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 79 | JH03R2048 | 23-Jul-23 | 10-Jan-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 80 | JH03AK6697 | 27-Feb-25 | 21-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 81 | JH03P8762 | 07-Oct-19 | 03-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 82 | JH03AK5807 | 20-Feb-25 | 19-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 83 | JH03AK0218 | 20-Feb-25 | 19-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 84 | JH03AK6009 | 20-Feb-25 | 19-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 85 | JH03AK3461 | 20-Feb-25 | 19-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 86 | JH03Q2082 | 23-Nov-24 | 20-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 87 | JH03V5296 | 23-Sep-24 | 25-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 88 | JH03R4768 | 26-Sep-21 | 14-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 89 | JH03S0988 | 06-Jun-24 | 26-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 90 | JH03Y6236 | 06-Jun-24 | 01-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 91 | JH03R1131 | 28-Mar-24 | 01-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 92 | JH03M1675 | 23-Jul-23 | 08-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 93 | JH03N1873 | 11-Apr-24 | 06-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 94 | JH03AK0446 | 27-Feb-24 | 19-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 95 | JH03X4008 | 06-Jun-23 | 12-Jan-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 96 | JH03S7212 | 07-Dec-19 | 08-Sep-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 97 | JH03AA4733 | 28-Mar-24 | 17-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 98 | JH03AA1308 | 28-Mar-24 | 17-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 99 | JH03AJ7638 | 16-Dec-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 100 | JH03S5015 | 31-Oct-24 | 14-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 101 | JH03W8204 | 10-Jan-21 | 08-Jan-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 102 | JH03AF3913 | 24-Sep-23 | 16-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 103 | JH03W6729 | 22-Jan-21 | 14-Apr-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 104 | JH03S8268 | 22-Feb-20 | 18-Feb-20 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 105 | JH03AC0204 | 03-Dec-22 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 106 | jh03ac4471 | 16-Jan-23 | 30-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 107 | JH03S3638 | 14-Dec-19 | 12-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 108 | jh03t3397 | 16-Apr-20 | 09-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 109 | CG15CX1720 | 14-Sep-23 | 13-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 110 | JH03Y0961 | 09-Oct-21 | 16-Sep-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 111 | JH03AK1246 | 05-Feb-25 | 03-Feb-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 112 | JH03AB8286 | 03-Jan-25 | 20-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 113 | JH03AF9682 | 17-Sep-23 | 17-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 114 | JH03AJ2692 | 18-Jan-25 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 115 | JH03L5200 | 17-Oct-23 | 15-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 116 | JH03T6219 | 05-Apr-24 | 08-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 117 | JH08B8456 | 15-Aug-22 | 25-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 118 | JH03Y2697 | 20-Feb-23 | 07-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 119 | JH03Y0461 | 20-Feb-23 | 07-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 120 | JH03Y4762 | 20-Feb-23 | 07-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 121 | JH03S1045 | 28-Mar-24 | 03-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 122 | JH03Y8349 | 20-Feb-23 | 07-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 123 | BR45G0983 | 15-Jul-23 | 13-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 124 | JH03T3106 | 14-Sep-22 | 09-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 125 | JH03U2903 | 25-Nov-24 | 24-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 126 | JH03AF4174 | 11-Jan-24 | 09-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 127 | JH03M7148 | 29-Sep-23 | 02-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 128 | JH03N2858 | 12-Apr-23 | 15-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 129 | JH03Q0562 | 21-Oct-23 | 17-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 130 | JH03P9003 | 03-Dec-23 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 131 | JH03P7157 | 03-Dec-23 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 132 | JH03P4404 | 03-Dec-23 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 133 | JH03X7074 | 06-Jun-23 | 07-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 134 | JH03P3718 | 03-Dec-23 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 135 | JH03P3675 | 03-Dec-23 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 136 | JH03S5303 | 06-Feb-24 | 15-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 137 | JH03S1615 | 07-Feb-24 | 15-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 138 | JH03S1987 | 06-Feb-24 | 15-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 139 | JH03U3888 | 19-Jul-20 | 15-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 140 | JH03V3733 | 18-Nov-24 | 25-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 141 | Jh03s8438 | 28-Jan-22 | 06-Mar-21 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 142 | JH07E8595 | 26-Jan-24 | 13-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 143 | JH03U9311 | 23-Sep-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 144 | JH03P7191 | 21-Feb-24 | 26-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 145 | JH03P4955 | 21-Feb-24 | 26-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 146 | JH03W7264 | 23-Jan-25 | 09-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 147 | JH03W8107 | 23-Jan-25 | 09-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 148 | JH03Y7616 | 13-Sep-21 | 01-Dec-19 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 149 | JH03AC1522 | 23-Jan-25 | 02-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 150 | JH03AC7859 | 23-Jan-25 | 02-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 151 | JH03V6587 | 21-Mar-23 | 12-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 152 | JH03S6340 | 10-Feb-24 | 26-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 153 | JH03Z5363 | 21-Oct-21 | 05-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 154 | JH03AJ5050 | 10-Jan-25 | 21-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 155 | JH03Q9847 | 30-Nov-23 | 29-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 156 | JH03F3781 | 21-Mar-23 | 20-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 157 | JH03U8062 | 08-Jul-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 158 | JH03T1494 | 08-Jul-24 | 27-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 159 | JH03AB2173 | 23-Sep-24 | 02-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 160 | JH03Z3442 | 29-Nov-23 | 10-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 161 | Jh03ad0551 | 19-Apr-23 | 18-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 162 | JH03G3293 | 03-Jan-24 | 25-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 163 | JH03G3294 | 03-Jan-24 | 25-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 164 | BR45G0998 | 01-Jul-23 | 13-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 165 | JH03Y7336 | 05-Aug-23 | 11-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 166 | JH03S5744 | 16-Jan-24 | 10-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 167 | JH03H6715 | 07-Feb-23 | 14-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 168 | JH03H6714 | 07-Feb-23 | 14-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 169 | Jh03u3245 | 19-Aug-24 | 04-Jan-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 170 | JH03H6713 | 07-Feb-23 | 14-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 171 | JH03G3281 | 03-Jan-24 | 25-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 172 | JH03S7769 | 07-Jan-22 | 01-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 173 | JH03V9941 | 12-Aug-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 174 | JH03S9940 | 21-Jan-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 175 | JH03X9942 | 04-May-23 | 29-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 176 | JH03S8034 | 12-Apr-24 | 07-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 177 | jh03t3761 | 21-Jan-24 | 07-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 178 | JH03P8072 | 01-Jul-23 | 02-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 179 | JH03S6029 | 14-Oct-24 | 26-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 180 | JH03Z6637 | 12-Aug-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 181 | jh03ae1232 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 182 | JH03AE9623 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 183 | JH03AE1463 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 184 | JH03AE0129 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 185 | jh03ae5691 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 186 | jh03ae8770 | 10-Jun-23 | 09-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 187 | JH03AB4037 | 04-Nov-24 | 26-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 188 | JH03AE0974 | 04-Jul-23 | 31-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 189 | JH03Y7903 | 21-Nov-23 | 29-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 190 | BR15A0945 | 18-Oct-23 | 22-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 191 | jh03ab4408 | 18-Oct-24 | 29-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 192 | JH03AA5124 | 22-Apr-24 | 26-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 193 | JH03AA4667 | 22-Apr-24 | 26-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 194 | JH03W2243 | 05-Feb-23 | 16-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 195 | JH03AC2270 | 08-Jan-23 | 07-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 196 | JH03V3093 | 23-Jan-25 | 12-Dec-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 197 | JH03V2073 | 12-Feb-23 | 08-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 198 | UP35T6190 | 18-Nov-23 | 28-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 199 | JH03S6541 | 05-Nov-22 | 29-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 200 | JH03AJ2292 | 21-Dec-24 | 18-Jun-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 201 | JH03Y9561 | 29-Jul-24 | 14-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 202 | JH03S7117 | 02-Dec-23 | 01-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 203 | JH03X4109 | 04-Jul-23 | 02-Nov-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 204 | JH03M5507 | 24-Jun-17 | 14-Mar-18 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 205 | JH03R5371 | 16-Dec-24 | 14-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 206 | JH03AF6677 | 27-Oct-23 | 15-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 207 | JH02D7126 | 25-Apr-23 | 28-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 208 | JH03AJ9732 | 10-Jan-25 | 30-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 209 | JH03K5388 | 24-Jun-24 | 27-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 210 | JH03U6373 | 29-Jul-24 | 29-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 211 | JH03AD5944 | 02-Mar-23 | 18-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 212 | JH03Z2635 | 28-Nov-23 | 24-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 213 | JH03V8879 | 23-Dec-24 | 03-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 214 | JH03Y4378 | 14-Jun-23 | 11-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 215 | JH03U3276 | 08-Jul-24 | 15-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 216 | JH03U3267 | 08-Jul-24 | 09-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 217 | JH03G1857 | 14-May-22 | 15-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 218 | JH03Q9416 | 04-May-23 | 18-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 219 | Jh03n9825 | 21-Mar-24 | 08-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 220 | JH03P8048 | 05-Jan-24 | 26-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 221 | JH03Q9991 | 04-May-23 | 20-Dec-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 222 | JH03Q5694 | 04-May-23 | 18-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 223 | JH03P8646 | 05-Jan-24 | 26-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 224 | JH03P3962 | 05-Jan-24 | 26-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 225 | JH03P6638 | 05-Jan-24 | 26-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 226 | JH03C2902 | 08-Jul-23 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 227 | JH03P3779 | 05-Jan-24 | 26-Oct-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 228 | JH03V9537 | 21-Feb-23 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 229 | JH03T3133 | 02-Sep-24 | 22-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 230 | JH03AJ9539 | 10-Jan-25 | 29-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 231 | JH03T4939 | 08-Jul-24 | 05-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 232 | JH03V6812 | 09-Sep-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 233 | JH03P3370 | 23-Mar-24 | 11-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 234 | JH03P4914 | 23-Mar-24 | 11-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 235 | JH03AE5330 | 26-May-23 | 16-Jul-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 236 | JH03AJ8997 | 08-Jan-25 | 11-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 237 | JH03AJ3902 | 29-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 238 | JH03AJ0021 | 04-Jan-25 | 04-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 239 | JH03AJ0083 | 03-Jan-25 | 03-Apr-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 240 | JH03AJ2386 | 04-Jan-25 | 27-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 241 | JH03AJ2730 | 02-Jan-25 | 19-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 242 | JH03AJ0029 | 22-Dec-24 | 22-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 243 | UP64T9563 | 27-Apr-24 | 31-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 244 | JH03AJ3940 | 29-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 245 | JH03AG0409 | 31-Mar-24 | 20-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 246 | JH03AJ5448 | 15-Dec-24 | 27-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 247 | JH03AG7271 | 22-Mar-24 | 13-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 248 | JH03AJ7446 | 05-Dec-24 | 22-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 249 | JH03AJ2908 | 05-Dec-24 | 22-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 250 | JH03AJ0364 | 06-Dec-24 | 06-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 251 | JH03AJ9262 | 30-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 252 | JH03AJ5167 | 30-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 253 | JH03AJ8597 | 30-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 254 | JH03AJ7451 | 30-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 255 | JH03AJ8091 | 30-Nov-24 | 23-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 256 | JH03AJ3711 | 23-Nov-24 | 29-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 257 | JH03AJ2760 | 17-Nov-24 | 13-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 258 | JH03AJ6475 | 09-May-23 | 05-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 259 | jh03aj8072 | 22-Nov-24 | 13-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 260 | jh03aj7448 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 261 | jh03aj8924 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 262 | jh03aj1559 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 263 | jh03aj9504 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 264 | jh03aj3499 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 265 | jh03aj8845 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 266 | jh03aj3747 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 267 | jh03aj8736 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 268 | jh03aj4013 | 17-Nov-24 | 30-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 269 | JH03AH4240 | 11-Nov-23 | 09-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 270 | JH03AJ0097 | 13-Nov-24 | 06-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 271 | JH03AJ0176 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 272 | JH03AJ1193 | 10-Nov-24 | 29-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 273 | jh03aj8827 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 274 | jh03aj6093 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 275 | JH03aj0354 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 276 | JH03AJ6162 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 277 | JH03AJ0132 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 278 | JH03AJ8303 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 279 | JH03AJ3075 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 280 | JH03AJ6282 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 281 | JH03AJ1907 | 09-Nov-24 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 282 | JH03AJ1105 | 28-Oct-24 | 29-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 283 | JH03AJ4874 | 11-Oct-24 | 28-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 284 | JH03AH3004 | 12-Sep-24 | 17-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 285 | JH03AH4701 | 05-Aug-24 | 14-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 286 | JH03AH6153 | 26-Aug-24 | 18-Aug-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 287 | JH03AH0650 | 09-Aug-24 | 30-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 288 | JH03AH7231 | 09-Aug-24 | 30-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 289 | JH03AG8509 | 07-Apr-24 | 04-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 290 | JH03AH0822 | 27-Jul-24 | 29-Sep-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 291 | JH03AC9249 | 09-Feb-23 | 05-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 292 | JH03AH6545 | 11-Jul-24 | 28-Sep-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 293 | JH03AH1800 | 14-Jun-24 | 01-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 294 | JH03AH4707 | 28-Apr-24 | 22-Sep-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 295 | JH03AG9501 | 14-Mar-24 | 13-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 296 | JH03AH2492 | 07-Jul-24 | 30-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 297 | jh03ah6769 | 07-Jul-24 | 30-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 298 | JH03AH3489 | 03-Jul-24 | 24-Feb-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 299 | JH03AH6112 | 12-Jul-24 | 11-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 300 | JH03AG9251 | 28-Mar-24 | 06-Jun-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 301 | JH03AF5028 | 11-Jan-24 | 10-Apr-24 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 302 | JH03AG6189 | 03-Mar-24 | 27-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 303 | JH03AF1595 | 23-Dec-23 | 19-Mar-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 304 | JH03AD3162 | 08-Apr-23 | 23-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 305 | JH03B8721 | 21-Mar-22 | 14-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 306 | JH03AF2307 | 26-Jan-24 | 17-Apr-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 307 | JH03AH1357 | 09-Jun-24 | 29-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 308 | JH03AG6684 | 15-Apr-24 | 29-Sep-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 309 | JH03AF5887 | 10-Jan-24 | 29-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 310 | JH03AF7644 | 08-Nov-23 | 27-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 311 | JH03AH3306 | 09-Jun-24 | 20-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 312 | JH03AH6290 | 09-Jun-24 | 20-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 313 | JH03AH0404 | 09-Jun-24 | 20-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 314 | JH03AH5127 | 09-Jun-24 | 20-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 315 | JH03AH8434 | 09-Jun-24 | 20-Nov-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 316 | JH03AH9008 | 09-Jun-24 | 20-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 317 | JH03AH2481 | 09-Jun-24 | 20-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 318 | JH03AH2052 | 09-Jun-24 | 20-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 319 | JH03AH2286 | 09-Jun-24 | 20-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 320 | JH03AH5190 | 29-May-24 | 29-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 321 | JH03AH3543 | 29-May-24 | 29-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 322 | JH03AH9461 | 01-Jun-24 | 29-Sep-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 323 | JH03AE0834 | 17-Jun-23 | 07-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 324 | JH03AE0508 | 17-Jun-23 | 07-Sep-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 325 | JH03AG8004 | 25-Mar-24 | 23-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 326 | JH03AH0811 | 30-May-24 | 29-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 327 | JH03AH0911 | 30-May-24 | 29-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 328 | JH03AH0711 | 29-May-24 | 28-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 329 | JH03AH8484 | 29-May-24 | 28-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 330 | JH03AH1085 | 29-May-24 | 28-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 331 | JH03L7951 | 27-Sep-22 | 01-Dec-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 332 | JH03AH1396 | 29-May-24 | 19-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 333 | JH03AH5014 | 29-May-24 | 19-Aug-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 334 | JH03AH2219 | 22-May-24 | 16-Feb-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 335 | JH03AH5496 | 03-May-24 | 28-Jan-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 336 | JH03AH2216 | 12-May-24 | 05-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 337 | JH03AH6836 | 12-May-24 | 05-May-23 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 338 | JH03AG6707 | 21-Apr-24 | 20-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 339 | JH03AG5454 | 21-Apr-24 | 20-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 340 | JH03AG5750 | 21-Apr-24 | 20-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 341 | JH03AG3298 | 21-Apr-24 | 20-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 342 | JH03AG1141 | 21-Apr-24 | 20-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 343 | JH03G6188 | 11-Mar-22 | 03-Feb-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 344 | JH03AH3166 | 03-May-24 | 28-Oct-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 345 | JH03AG7736 | 15-Apr-24 | 11-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 346 | JH03AG8196 | 19-Apr-24 | 29-Jun-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 347 | JH03AG7326 | 15-Apr-24 | 05-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 348 | JH03AG1430 | 15-Apr-24 | 05-Jul-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 349 | JH03AG5705 | 08-Mar-24 | 24-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |
| 350 | JH03AG1166 | 08-Mar-24 | 24-May-22 | NO | PALAMU, Jharkhand |


PR 350068 District(25-26)D

विश्वासभाजन
मोटरयान निरीक्षक पलामू।

# बेखौफ बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग महिला समेत तीन गंभीर रूप से जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मनोहर टोला में मंगलवार देर रात बेखौफ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सौरभ सुमन उर्फ सम्राट (24), बाल किशन (12) और सुशीला देवी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस घटना को बेलबन्ना मोहल्ले के कुख्यात अपराधी गोलू पासवान ने अंजाम दिया। गोलीबारी की आवाज सुनकर लोग जुटने लगे, जिसके बाद आरोपी पैदल ही फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। बुधवार को फॉरेंसिक टीम और जिला जांच इकाई (डीआईयू) भी साक्ष्य जुटाने में जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखे, एक पिलेट और एक कारतूस बरामद किया है। ग्रामीणों के मुताबिक, घायल सौरभ सुमन उर्फ सम्राट, जो बेलबन्ना मोहल्ले के पप्पू पासवान का भांजा है, को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे आगे रेफर कर दिया गया। उसके सिर में गोली लगी है। वहीं, बेलबन्ना के ही बाल किशन के सीने में गोली लगी है और उसे समस्तीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुशीला देवी (मनोज की मां) का इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है।



दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य आरोपी गोलू पासवान और उसके भाई मिथुन पासवान, जो ब्रह्मदेव पासवान के पुत्र हैं, की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी के अनुसार, सौरभ सुमन के मामा पप्पू पासवान और गोलू पासवान के बीच पुरानी रंजिश थी, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। इसी रंजिश के कारण गोलू और मिथुन ने सौरभ पर गोली चलाई, जिसमें वहां मौजूद बाल किशन और सुशीला देवी भी गोलीबारी की चपेट में आ गए। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना शराब कारोबार को लेकर हुई। लोगों के अनुसार, मंगलवार शाम गोलू पासवान और सौरभ सुमन के बीच शराब के धंधे को लेकर मारपीट हुई थी, जिसके बाद रात में गोलीबारी हुई। इस दौरान डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अशोक मिश्रा ने बुधवार को घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर पड़ताल जारी है।

# महिला संवाद कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन, डीएम ने जागरूकता पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को महिला संवाद कार्यक्रम के तहत जिला और प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय और जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम का अनुश्रवण प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त द्वारा किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान समय में जितनी जागरूकता होगी, उतनी ही प्रगति की संभावना बढ़ेगी और जो जितना आगे बढ़ता है, समाज में उसका उतना ही सम्मान होता है। डीएम ने विशेष रूप से महिला अधिकारियों को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण और जागरूकता पर विचार-विमर्श किया।




# भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी कमर कस चुकी है। बुधवार को अंबा के एक निजी संस्थान में कुटुंबा विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कुटुंबा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा संचालन नवल किशोर पाठक ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी राजन कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। राजन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के लिए 225 सीट जितने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे हर हाल में पूरा करना है।कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते है। पार्टी सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। उन्होंने पन्ना प्रमुख, बूथ कमेटी तथा मंडल कमेटी के सक्रिय सदस्यों को चुनावी तैयारी में उतरने की अपील करते हुए कहा कि बूथ जीत कर ही चुनाव जीता जा सकता है। सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और उनसे भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में पार्टी की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे दम-खम के साथ चुनाव में उतरे और भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, विकेश सिंह, महामंत्री अभय पासवान, अमरेंद्र सिंह, रामबदन पासवान, मृत्युंजय पांडेय, प्रेम चंद्रवंशी, पंकज सिंह, काजू सिंह इत्यादि लोग शामिल थे। कुटुंबा प्रखंड के प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण कुमार तथा उपाध्यक्ष पद के लिए हरेंद्र कुमार को नामित किया गया है। वहीं हिमांशु शेखर सिंह, विजय सिंह, दिलीप पासवान, परमेश्वर बैठा, राजकुमार पासवान, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र मेहता, मंटू कुमार सिंह, योगेंद्र मेहता, हीरा सिंह, मोहम्मद सनाउल्लाह, इंदु देवी तथा दिनेश विश्वकर्मा को सदस्य बनाया गया है।

# अवैध बस पड़ाव पर कार्रवाई न होने से भाकपा माले नाराज, तानाशाही रवैये का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए भाकपा माले ने अवैध बस पड़ाव के मुद्दे पर कड़ी नाराजगी जताई है। बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में भाकपा माले के प्रखंड सचिव (पूसा) अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान कुलपति निवर्तमान कुलपति के नक्शेकदम पर चलते हुए विश्वविद्यालय में तानाशाही व्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं। अमित कुमार ने आरोप लगाया कि कुलपति के संरक्षण में विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल ही में अपने कर्मचारियों और पदाधिकारियों को मीडिया, प्रेस या आम जनता से सीधे संवाद करने पर रोक लगा दी है। उन्होंने इसे किसानों को समर्पित विश्वविद्यालय की साख को धूमिल करने वाला फैसला करार दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में वर्षों से चल रहे एक अवैध बस पड़ाव पर संपदा पदाधिकारी सहित कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। अगर प्रशासन को इसकी जानकारी है, तो अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया? माले नेता ने आगे बताया कि विश्वविद्यालय के संपदा पदाधिकारी ने उसी भूखंड के दक्षिण-पश्चिम में स्थित छोटे व्यावसायिक परिसर में ऊंचा किराया देकर दुकान चला रहे दुकानदारों को उनके दुकान के सामने ग्राहकों को बैठने या अस्थाई रूप से सामान रखने पर रोक लगा दी है।

# जयपुर में शत्रुंजय शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण, जलयात्रा आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** यज्ञ दुनिया का सबसे श्रेष्ठ कर्म है, यह सभी कामनाओं को पूर्ण करता है, यज्ञ-कर्म करने वाले व्यक्ति का घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाता है, यज्ञ में दी हुई आहुतियां कल्याण कारक होती हैं। उक्त बातें काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रधान अर्चक एवं शत्रुंजय शतचंडी महायज्ञ, जयपुर के आचार्य डा श्रीदेव मिश्र ने कही। ज्ञात हो कि नवीनगर प्रखंड के जयपुर गांव में शत्रुंजय शतचंडी महायज्ञ की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डॉ श्रीदेव मिश्र के आचार्यत्व में वाराणसी के सुयोग्य ऋत्वजों द्वारा विधि-विधान से यह यज्ञ सम्पन्न होगा। समिति के अध्यक्ष श्रीराम पांडेय एवं संतोष सिंह ने बतलाया कि उक्त महायज्ञ में मां काली तथा बजरंगबली की मूर्ति की स्थापना होना भी सुनिश्चित हुआ है।



महामंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह एवं हरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि इस यज्ञ में कई उच्च स्तर के विद्वानों को आने की उम्मीद है। उपाध्यक्ष अमरंजय पाण्डेय एवं मंच संचालक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस यज्ञ में प्रतिदिन दो हजार श्रद्धालुओं के भोजन एवं आवासन की व्यवस्था की गई है। धनंजय जयपुरी एवं अशोक पाण्डेय ने जानकारी दी कि 10 से 14 अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा प्रवाचिका देवी ऋचा मिश्रा का प्रवचन, तदुपरांत वृंदावन की सुप्रसिद्ध रासलीला पार्टी द्वारा श्रीकृष्ण जीवन-लीला पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

## एक नजर

### कोटवारा पैक्स चुनाव में 46 प्रतिशत मतदान

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कोटवारा पैक्स का मतदान प्राथमिक विद्यालय कडसारा में पुलिस और प्रशासन की कड़ी व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पैक्स चुनाव के लिए विद्यालय में चार मतदान केंद्र बनाए गए थे। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ उपेंद्र दास ने बताया कि कुल 2125 मतदाताओं में से लगभग 46 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। सुबह से ही मतदाताओं ने लाइन में लगकर मतदान में खासी रुचि दिखाई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अपने वोट डाले। पुलिस और प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हुई। इस दौरान थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई मुक्तिदेव निराला, एसके पासवान सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के मित्रसेनपुर गांव में बुधवार को श्री राम महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और कलश यात्रा को सफल बनाया। इस दौरान सभी लोगों के जयकारे से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। महायज्ञ के जजमान सुधीर पांडेय एवं सुनीता पांडेय ने बताया कि 9 अप्रैल से शुरू हुआ यह अनुष्ठान 14 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारा के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। इसके लिए अयोध्या से आचार्य ज्ञान प्रकाश जी महाराज, आचार्य पुनीत जी महाराज, कथावाचक नीलम शास्त्री, हनुमानगढ़ के आचार्य श्रीकांत जी महाराज जी यज्ञ स्थल पर पधारे हैं।

### गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के ढोसिला पंचायत अंतर्गत नीमा वाजिद गांव में शिव प्राण प्रतिष्ठा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अवसर पर बुधवार को गाजे-बाजे और घोड़ों के साथ भव्य जलयात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप से शुरू हुई यह यात्रा रफीगंज-शिवगंज पथ की मुख्य सड़क से होते हुए चित्रसारी गांव के तालाब तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गई। इसके बाद यात्रा चित्रसारी और हुसैन करमा गांव से गुजरते हुए वापस यज्ञ मंडप पहुंची। आयोजकों ने बताया कि गांव में दो नवनिर्मित मंदिरों में शिव प्राण प्रतिष्ठा और देवी प्राण प्रतिष्ठा के लिए रामदास स्वामी और लवकुश स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में यह महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम 9 अप्रैल से शुरू होकर 15 अप? अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन मथुरा और वृंदावन के कलाकारों द्वारा कृष्ण लीला और रामलीला की प्रस्तुति होगी। साथ ही, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, प्रयागराज, बक्सर और गया के विद्वानों द्वारा प्रवचन भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष उमेश पासवान, सचिव अनिल यादव, राजदेव यादव, देवराज यादव, डोमन साव, प्रकाश पासवान, अंबिका पासवान, मुखिया गुडिया देवी, विनोद राठौर, संजय यादव, महेंद्र यादव, वीरेंद्र ठाकुर, सुबोध कुमार, शिवनारायण साव, अंजय साव, रविरंजन, अलखदेव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के हकीम चक गांव में एक 20 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान विनोद मांझी की पुत्री आरती कुमारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर आरती ने घर में दुपट्टे से फंदा बनाकर पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई शुरू की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और इसकी जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, मृतका के पिता विनोद मांझी दिल्ली में निजी क्षेत्र में काम करते हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवती ने यह कदम क्यों उठाया। मामले की गहन छानबीन जारी है।

### किसानों के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए पूर्व मंत्री और विधायक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर में किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन बुधवार को 85वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता लड्डू खां और डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन सिद्धि यादव और विनोद दास ने किया। इस मौके पर किसानों के समर्थन में पूर्व मंत्री व राजद नेता सुरेश पासवान, विधायक मो. नेहालुद्दीन और राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव शामिल हुए।

# राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में फ्रेशर पार्टी का आयोजन, नूतन छात्रों का हुआ स्वागत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में बुधवार को नूतन छात्र अभिनंदन समारोह के तहत फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर छात्रों ने नए छात्रों का तिलक लगाकर महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत आरएमजीआई ग्रुप के डायरेक्टर अंकित राज, राजन ममता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमित मिश्र, जी फार्मेसी के प्रभारी प्राचार्य निर्भय कुमार और मुख्य अतिथि अशोक आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की। मुख्य अतिथि अशोक आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि नूतन छात्रों का इस संस्थान में प्रवेश अब समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान छात्रों को तराशकर उन्हें अनमोल बनाएगा, ताकि वे स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज को सशक्त कर सकें। इसके बाद सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से छात्रों को महाविद्यालय के नियमों से अवगत कराया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सीनियर और नूतन छात्रों ने परिचय के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। इस दौरान मिस रिया कुमारी और मिस्टर बिनीत कुमार को मिस एंड मिस्टर फ्रेशर घोषित किया गया। समारोह में छात्रों के उत्साह और उमंग ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# भाजपा के प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को बताया पार्टी की रीढ़

नबिटा संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के कोइलवां गांव में बुधवार को श्रीराम जानकी नया ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में भाजपा के हसपुरा उत्तरी, दक्षिणी और पौथु मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और गोह विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की रीढ़ इसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और भाजपा की शक्ति का केंद्र कोई राजनेता नहीं, बल्कि इसके कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन अनिल आर्य ने किया। समारोह का शुभारंभ पं. लालमोहन शर्मा के मंगलाचरण स्तुति से हुआ। इसके बाद भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण किया गया। इस अवसर पर हसपुरा उत्तरी व दक्षिणी मंडल और पौथु मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी और मंडल प्रभारियों ने हिस्सा लिया। समारोह को संबोधित करते हुए रविशंकर शर्मा, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी, गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, बीरेंद्र कुमार, सुरेश आर्य और राजकुमार चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में ऐसा कोई घर नहीं है, जहां केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ न पहुंचा हो। उन्होंने दावा किया कि बूथ से लेकर जिला स्तर तक भाजपा का संगठन सबसे मजबूत है। कार्यक्रम में देवेश शर्मा, ब्रजेश गुप्ता, सोनू कुमार, नवरत्न शर्मा, ज्योतिनारायण सिंह, दिलीप शर्मा, संतोष कुमार, सत्येंद्र शर्मा, मिंटू शर्मा, पूर्व मुखिया अनिल शर्मा, देवेंद्र पटेल, तनिक शर्मा, निर्भय पाठक, सुजीत कुमार, मुकेश शर्मा, चितरंजन सिंह, विकास कुमार, नीरज शर्मा, नंदन यादव, धर्मेंद्र लाला, सुनील शर्मा, प्रो. भगवान शर्मा, अभय शर्मा, रामलला शर्मा, बिनोद शर्मा, चंद्रकांत मुन्ना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# दुगुल में शिव मंदिर और ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री रुद्र शतचंडी महायज्ञ का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र के दुगुल गांव में बुधवार से शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्री रुद्र शतचंडी महायज्ञ का आयोजन शुरू हुआ। इस महायज्ञ की शुरुआत जलभरी यात्रा के साथ हुई, जिसमें 5000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

जलभरी यात्रा बुधवार को दुगुल गांव से शुरू होकर रमन बिगहा मोड़, द्वारी मोड़, और बुढ़ैला मोड़ से होती हुई ढोल-नगाड़ों के साथ कासमा बाजार पहुंची। वहां से यात्रा आगे बढ़कर धावा नदी के ढोलीखाप तक गई, जहां मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा इगुनिया डाड़ होते हुए वापस दुगुल पहुंची। आयोजन समिति के सदस्य बिट्टू कुमार, संजीश चौधरी और अखिलेश कुमार ने बताया कि यह श्री रुद्र शतचंडी महायज्ञ 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान हर दिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा, वहीं रात 10 बजे से 2 बजे तक वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री श्री 108 किशोरी दास जी महाराज और सुश्री राधा कुसुम लता जी प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, मुखिया नरेंद्र मिश्रा, सरपंच विनय सिंह, समाजसेवी डॉ. मुकेश आनंद, अध्यक्ष उमेश सिंह मेहता, उपाध्यक्ष कपिल देव मेहता, सचिव नरेश प्रसाद मेहता, उप सचिव अग्निकांत मेहता, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, उप कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद, भोला प्रसाद, धर्मेंद्र मेहता, गणेश प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, संजय सिंह, डॉ. रंजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः 05/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./25–26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या :** टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./05/25–26, **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** (ए) झाझा–पं. दीन दयाल उपाध्याय – टी.आर.आर (एस) – 10.198 टीकेएम एवं टी.एस.आर. (एस) – 1.800 टीकेएम। (बी) झाझा–पटना–टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी) – 38 सेट (1:12) और पटना – पं. दीन दयाल उपाध्याय – टी.टी.आर (टी.डब्ल्यू.एस.+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी.) – 13 सेट (1:12). (सी) पटना–गया – टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी.) – 90 सेट (1:12). (डी) झाझा – पटना – टी.आर.आर. (पी) – 46.828 टीकेएम।। **2. कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्य) :** रु. 1,08,25,183.80/–, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,04,100.00/–, **4. निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख और समय :** निविदा 12:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानि 02.05.2025 को और उसी दिन 12:30 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि :** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आईएस. वेबसाइटः **http.//www.ireps.gov.in** पर देखो जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/0058/डीएनआर/टीआरडी/टी/25–26/48**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा गया स्टेशन पर पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : NFR-DDU-25-05. ई–नीलामी लॉट संख्या : MSS-DDU-GAYA-TWnOPS-9-24-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाईट का पता जहॉ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0063/डीडीयू/वा./एन/25–26/32



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः 04/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./25–26**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या :** टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./04/25–26, **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** (ए) पटना–पं. दीन दयाल उपाध्याय – टीआरआर (पी) – 16.230 टीकेएम, (बी) दिलदारनगर जंक्शन – तारिघाट (SL) - CTR (P) - 7.800 टीकेएम और पटना जंक्शन–गया जं. (यूपी) – सी.टी.आर (पी) – 2.900 टीकेएम, (सी) दानापुर डिविजन – टी.आर.आर (पी) – 32.767 टीकेएम, (डी) दानापुर डिविजन – सी.टी.आर (एस) – 11.632 टीकेएम और टीआरआर (एस) – 21.484 टीकेएम, (ई) दानापुर पाटलिपुत्र जं. –टी.बी.आर (टर्नआउट्स) – 9 सेट और झाझा–पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन–टी.बी.आर (टर्नआउट्स) – 90 सेट और (एफ) झाझा – पटना जंक्शन – टी.टी.आर (टी.डब्ल्यू.एस+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी) – 6 सेट (1:12) और (सीएस+सीएमएससी) – 46 सेट (1:12 – 17 सेट और 1:8.5 – 29 सेट) एवं किऊल जं.–गया जं. (एसएल) – एसईजे – 44 सेट। (जी) किऊल जं. – गया जंक्शन (SL) - CTR (P) - 2.747 Tkm और TRR (P) - 21.534 Tkm और पटना जंक्शन–गया जं. (यूपी) – सीटीआर (पी) – 8.231 किलोमीटर और टी.आर.आर (पी) – 3.463 किलोमीटर। (एच) किऊल जं.–गया जं. (एसएल) – सी.टी.आर (पी) – 27.118 किमी। **2. कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्य) :** रु. 1,57,40,009.33/–, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,28,700.00/–, **4. निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख और समय :** निविदा 12:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानि 02.05.2025 को और उसी दिन 12:30 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि :** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आईएस. वेबसाइटः **http.//www.ireps.gov.in** पर देखो जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/0057/डीएनआर/टीआरडी/टी/25–26/60**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-BBU-FW-42-22-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
2. AA/2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।
3. AB/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-AUBR-TW-41-23-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।
4. AC/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : सासाराम रेलवे स्टेशन (मोहम्मदीगंज साइड) के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-SSM-MX-49-22-3. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी।
5. AD/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:10 बजे बंद होगी।
6. ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : PARK-DDU-25-08. 7. वेबसाईट का पता जहॉ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0062/डीडीयू/वा./एन/25–26/68



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य बर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य बर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : NFR-HYB-25-01. ई–नीलामी लॉट संख्या : HyB-OnB-155029-24-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 23.04.2025 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाईट का पता जहॉ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0065/डीडीयू/वा./एन/25–26/36

# हिंदी के सर्वश्रेष्ठ लघुकथाकार थे युगल : प्रो शिवनारायण

**● युगल के जन्मशती वर्ष पर डॉ अशोक भाटिया संपादित पुस्तक 'अंधेरे में गुम आदमी' लोकार्पित**
**● पटना के श्रीअरविंद महिला कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी संपन्न**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आलोचक- संपादक एवं साहित्यिक पत्रिका नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण ने कहा है कि स्व. युगल बिहार की माटी से जुड़े एक ऐसे रचनाकार थे, जिन्होंने अनेक कालजयी लघुकथाएं लिखीं और उनकी लघुकथा 'पेट का कछुआ' हिंदी की सर्वश्रेष्ठ लघुकथा है। वे बुधवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच एवं श्री अरविन्द महिला कॉलेज स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युगल के जन्मशती वर्ष पर उनके साहित्य रचना संसार पर आयोजित राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पूर्व संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी कुलपति प्रो कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य और समाज की संवेदनशीलता को बनाए रखने के लिए साहित्य का समृद्ध होना आवश्यक है। आधुनिक भौतिकवादी युग में मनुष्य और समाज से संवेदना लुप्त होती जा रही है। 'अंधेरे में गुम आदमी' पुस्तक के संपादक एवं करनाल के चर्चित लघुकथाकार डॉ अशोक भाटिया ने कहा कि युगल जी लघुकथा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान किया। उन्होंने 350 से अधिक उत्कृष्ट लघुकथाएं लिखीं। लघुकथा कलश के संपादक योगराज प्रभाकर ने कहा कि रचनाकारों को संवेदना के साथ-साथ भाव और भाषा पर भी कार्य करने की जरूरत है। चुनार उत्तर प्रदेश निवासी अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया ने कहा कि रचनाकार समाज को राह दिखाने वाले होते हैं। उन्हें स्वांतः सुखाए के बजाए अपनी रचनाओं में सामाजिक विसंगतियों को शामिल करना चाहिए।




जेपी विवि छपरा की पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो अनीता राकेश ने 'हिंदी लघुकथा का समकाल और युगल', राम यतन यादव ने 'हिन्दी लघुकथा के विकास में युगल का योगदान' एवं डॉ प्रिया कुमारी ने 'युगल का लघुकथा कर्म' शोध आलेख प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अखिल भारतीय प्रगतिशील लव कथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने इस पुस्तक के प्रकाशन की अशोक भाटिया को बधाई दी । उन्होंने कहा कि युगल जी अपनी दिखे एक महान रचनाकार थे जिन्होंने लघु कथा के आधारित कहानी उपन्यास कविता और अन्य विधाओं में भी अनेक कार्य किए। उनका जन्म मोहिउद्दीन नगर, समस्तीपुर में 17 अक्टूबर, 1925 को हुआ था और उन्होंने 1975 से 2015 तक लघुकथा लेखन में अपना योगदान दिया। 28 अगस्त 2016 को हाजीपुर में उन्होंने आखिरी सांस ली। संगोष्ठी को झारखंड की सारिका भूषण, अरविंद महिला कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना ठाकुर, रूबी भूषण, विभा रानी श्रीवास्तव, रजनी प्रभा, सी रा प्रसाद, नीरजा कृष्णा, सतीश चंद्र भगत चितरंजन भारती, डॉ मनीष कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने युगल की तीन लघुकथाओं का नाट्य मंचन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। संगोष्ठी के तीसरे सत्र में लघु कथा पाठ का आयोजन किया गया जिनमें सिद्धेश्वर, प्रभात कुमार धवन, अनिल रश्मि, गार्गी राय, पूनम कतरियार, ए आर हाशमी, श्रेया, अतुल राय, ऋचा वर्मा, सीमा रानी, आशुतोष मृणाल, आलोक चोपड़ा, कल्याणी कुसुम सिंह, मधुरेश नारायण, रवि श्रीवास्तव ने अपनी लघुकथाएं पढ़ी।

# बंधन बैंक ने समृद्ध ग्राहकों के लिए शुरू किया एलीट प्लस बचत खाता




**● ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एलीट प्लस लॉन्च किया गया**
**●मूवी टिकट, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, गोल्फ सेशन, असीमित मुफ्त लेनदेन आदि जैसे विशेष लाभ**
**● अतिरिक्त लाइफस्टाइल वाउचर, माइलस्टोन ऑफर और बेहतर डेबिट कार्ड बीमा कवरेज भी सेगमेंटल ऑफर का हिस्सा**

**मुंबई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बंधन बैंक, जो एक अखिल भारतीय सार्वभौमिक बैंक है, ने आज एलीट प्लस बचत खाता शुरू करने की घोषणा की, जिसे विशेष रूप से समृद्ध ग्राहकों के लिए एक उन्नत बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। एलीट प्लस बचत खाता रोमांचक नई सुविधाएँ पेश करता है, जिसमें प्रीमियम एलीट प्लस डेबिट कार्ड और विशेष जीवनशैली लाभ शामिल हैं। बंधन बैंक के एमडी और सीईओ श्री पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने ईडी और सीबीओ श्री राजिंदर कुमार बब्बर और ईडी और सीओओ श्री रतन कुमार केश की मौजूदगी में इस प्रोडक्ट को लॉन्च किया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली एलीट प्लस बचत खाते के पहले ग्राहकों में से एक बने। एलीट प्लस के साथ, ग्राहक हर महीने असीमित निःशुल्क नकद जमा का आनंद ले सकते हैं, साथ ही आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीएस के लिए निःशुल्क लेनदेन भी कर सकते हैं। एलीट प्लस खाता त्वरित रिवॉर्ड पॉइंट प्रदान करता है और इसके साथ ही प्रति तिमाही दो निःशुल्क लाउंज एक्सेस भी प्रदान करता है। ग्राहकों को हर महीने 750 रुपए मूल्य की निःशुल्क मूवी टिकटें मिलेंगी और भारत भर के चुनिंदा प्रतिष्ठित गोल्फ क्लबों में प्रीमियम गोल्फ सत्रों तक विशेष रूप से शामिल होने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, एलीट प्लस ग्राहक विशेष वाउचर, माइलस्टोन ऑफर और 15 लाख रुपए तक के व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और 3 लाख रुपए तक की खरीद सुरक्षा सहित उन्नत डेबिट कार्ड बीमा कवरेज का लाभ उठा सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, श्री पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, "हमारा मानना है कि यह नई पेशकश हमारे प्रीमियम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करेगी, जिससे उन्हें बेजोड़ सुविधा, पुरस्कार और विशेष सुविधाएँ मिल सकेगी। लक्जरी यात्रा लाभ से लेकर विशेष बीमा कवरेज तक, एलीट प्लस सेविंग्स अकाउंट ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने का वादा करता है।" इसके अतिरिक्त, बैंक ने एचएनआई ग्राहकों के लिए अतिरिक्त सुविधाओं के साथ बंधन एलीट बचत खाता भी पुनः शुरू किया है, ताकि एलीट प्लस बचत खाते के शुभारंभ के अलावा ग्राहकों को और भी अधिक लाभ मिल सके।

# क्रेडाई बिहार ने नई नेतृत्व टीम का कार्यभार ग्रहण किया, शहरी विकास के लिए सहयोगात्मक रोडमैप पेश

**नए नेतृत्व ने संभाली जिम्मेदारी, बिहार के रियल एस्टेट को गति देने के लिए नीतिगत सुधारों की मांग की**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगठन क्रेडाई बिहार ने आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में 2025-2027 की नई नेतृत्व टीम के कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर जीवेश कुमार मिश्रा, शहरी विकास एवं आवास मंत्री, और विवेक कुमार सिंह, रेरा बिहार अध्यक्ष की उपस्थिति में बिहार के शहरी विकास की चुनौतियों और समावेशी विकास के लिए एक सहयोगात्मक रोडमैप प्रस्तुत किया गया।

**कार्यक्रम का आकर्षण नेतृत्व परिवर्तनः** 2023-2025 की पुरानी टीम को सम्मानित किया गया; नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। नीतिगत संवादः बिहार के शहरी लक्ष्यों के साथ रियल एस्टेट विकास को जोड़ने के लिए क्रेडाई ने ठोस मांगें रखीं।

**मुख्य मांगें एवं दृष्टिकोण :** क्रेडाई बिहार ने राज्य सरकार से निम्नलिखित सुधारों को लागू करने का आग्रह किया:

**1. लैंड पूलिंग एवं पुनर्विकास :** मॉडलः दिल्ली, हैदराबाद और पंजाब की सफल लैंड पूलिंग पॉलिसी को बिहार में लागू कर




नियोजित शहरी विस्तार के लिए जमीन उपलब्ध कराएं। **ऊर्ध्वाधर विकासः** पटना के पुराने इलाकों (जैसे कंकड़बाग, राजेंद्र नगर) में हांगकांग और मुंबई के मॉडल पर FAR (फ्लोर एरिया रेशियो) बढ़ाएं। **2. मास्टर प्लान 2047 एवं जोनल योजना :** तात्कालिकताः भारत के 2047 के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य के साथ बिहार के मास्टर प्लान को जोड़ते हुए जोनल डिमार्केशन शीघ्र पूरा करें। लचीला ढांचाः बदलती शहरी जरूरतों के अनुसार मास्टर प्लान में संशोधन की सुविधा हो।

**3. एमनेस्टी योजना :** तर्कः आम नागरिकों द्वारा बने अवैध निमार्णों को नियमित कर आजीविका सुरक्षित करें और राजस्व बढ़ाएं (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के मॉडल पर)।

**4. रेरा सुधार :** प्रस्तावः डेवलपर्स की प्रक्रियात्मक समस्याओं को हल करने के लिए हितधारक वर्कशॉप आयोजित करें।

**5. रियल एस्टेटः बिहार की प्रगति का आधार** जीडीपी योगदानः रियल एस्टेट बिहार की अर्थव्यवस्था में 25% योगदान देता है और 300+ सहायक उद्योगों का समर्थन देता है। आह्वानः निर्माण सामग्री पर GST कम करें और रोजगार सृजन एवं राजस्व के लिए इस क्षेत्र की क्षमता का उपयोग करें।

## कार ने मारी बाइक को टक्कर, वृद्ध जख्मी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के सेमरा चौक पर बुधवार की दोपहर एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल बुजुर्ग की पहचान सुगौली निवासी बृजभूषण मिश्र के रूप में कि गई है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि बृजभूषण मिश्र नरकटियागंज से अपने घर सुगौली जा रहे थे। तभी सेमरा चौक के समीप सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। हालांकि टक्कर के बाद घायल को कार सवार ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन वितरित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आज हुसैनाबाद प्रखंड के सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष, पलामू आलोक कुमार सिंह उर्फ.



टुटू सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, प्रमुख राजकुमारी देवी ने संयुक्त रूप से किया। आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र हमारे जीवन का प्रथम पाठशाला होता है। जहां नौनिहालों को पोषण युक्त भोजन के साथ-साथ शिक्षा की भी व्यवस्था है। उन्होंने उपस्थित सेविकाओं ने आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करे, ताकि गरीब बच्चों को प्ले स्कूल में शिक्षा ग्रहण का अनुभव प्राप्त हो सके । मौके हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, आंगनबाड़ी प्रवेक्षक,सांसद प्रतिनिधि आदि जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 'गरिमा केंद्र/जेंडर रिसोर्स सेंटर' का हुआ उद्घाटन

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कर्रा प्रखंड परिसर में गरिमा केंद्र/जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुश्री स्मिता नगेशिया द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य घरेलू व सार्वजनिक स्थलों पर हिंसा की शिकार महिलाओं को एक सुरक्षित और सहायक मंच प्रदान करना है, जहाँ उन्हें मनोवैज्ञानिक



परामर्श, सहायता और उचित कानूनी दिशा-निर्देश प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक, सामाजिक विकास श्री रमेश नायक ने महिलाओं पर होने वाली हिंसा पर खुलकर बात करने और गरिमा केंद्र जैसी पहलों को एक सकारात्मक दिशा बताया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से महिलाएं कठिन परिस्थितियों में भी सशक्त होकर उभर सकेंगी। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती शमा परवीन ने महिलाओं के प्रति होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसा- जैसे यौन शोषण, मानसिक उत्पीड़न आदि- की जानकारी साझा की और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।इस अवसर पर कर्रा की उपप्रमुख श्रीमती सावित्री देवी, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक श्रीमती सुनीता कुमारी, कर्रा थाना के अरक्षश्री मनोज कुमार ठाकुर, रकश्रीमती निशा कुमारी, बामरजा पंचायत के मुखिया श्री अनूप कुजूर, खरछ्दर टीम, तथा सखी मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। यह गरिमा केंद्र महिलाओं के लिए एक आशा की किरण बनकर उभरेगा और समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।

## गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए विशेष ई-श्रम पंजीकरण शिविर, आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म आधारित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंत्रालय के निदेशानुसार 7 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक पूरे राज्य में विशेष ई-श्रम पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राज्य सरकार के श्रम संसाधन विभाग की देखरेख में प्रत्येक जिले के श्रम अधीक्षक कार्यालय में संचालित हो रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य जोमैटो, स्विगी, पिज्जा हट, डोमिनोज, ओला, उबर, रैपिडो, ब्लू डार्ट, डीटीडीसी, अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, बिगबास्केट आदि जैसे प्रतिष्ठानों में कार्यरत गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित करना है। पंजीकरण के उपरांत श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पाँच लाख रुपये तक के वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा। सरकार की ओर से बताया गया है कि 16 से 59 वर्ष आयु वर्ग के सभी गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिक इन शिविरों में भाग लेकर अपना निबंधन करा सकते हैं। श्रम संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपील की है कि सभी पात्र श्रमिक समय पर शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराएं और सरकार की इस महत्त्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त करें। साथ ही यह भी बताया गया है कि ई-श्रम मोबाइल एप के माध्यम से भी स्व-पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

# जनता दरबार में उप विकास आयुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद

**30 से अधिक आवेदनों का हुआ निष्पादन**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलास्तरीय साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन आज समाहरणालय सभागार में किया गया। उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने आमजनों की समस्याएं सुनी। उनकी समस्याओं को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने आमजनों से प्राप्त 30 आवेदनों का निष्पादन किया। जनता दरबार में डालटनगंज के सदर थाना क्षेत्र के कसिया निवासी प्रिती कुमारी ने अपनी भूमि, मकान आदि संपति की विक्री पर रोक लगाने संबंधी आवेदन दिया। उनका कहना है कि उनके दादाजी के नाम पर खरीदगी भूमि है, जिसपर मकान भी बने हैं। पिताजी तीन भाई हैं। पिताजी की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर गांव के अन्य लोग भूमि एवं मकान लिखवाना चाहते हैं। प्रिती ने इसपर रोक लगाने की मांग की। वहीं पंडवा थाना क्षेत्र की रंजू देवी ने जनता दरबार में बिना पारिवारिक सहमति के



नषे के हालत में पति द्वारा जमीन बिक्री किए जाने पर रोक लगाने की मांग की। जनता दरबार में आवेदन देते हुए उन्होंने कहा है कि उनके पति का दिमागी हालत ठीक नहीं है और वे नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं और वे जमीन बिक्री करने की कोशिश में लगे हैं। उन्होंने बिक्री पर रोक लगाने एवं अपनी सुरक्षा की मांग की। विश्रामपुर अंचल के डिहरीया निवासी अरूण प्रसाद श्रीवास्तव एवं केशव शरण श्रीवास्तव ने जमीन से जबरन कब्जा हटवाने का अनुरोध किया। उन्होंने आवेदन देकर अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि उनके खतियानी जमीन है, जिसका रसीद भी उनके परिवार के सदस्यों के नाम से कटता है। हाल सर्वे में इस जमीन को दूसरे व्यक्ति अपने नाम करवा कर जबरन अस्थाई घर बना दिया है। उप विकास आयुक्त ने इन सभी की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया है। जनता दरबार में नव नियुक्ति पंचायत सचिव को पूर्ण प्रभार दिलाने, जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने वालों से मुक्त कराने, जमीन की अवैध डिमांड को निरस्त करने व सीमांकन कराने, गृह रक्षा वाहिनी को प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन समस्याओं से संबंधित शिकायतों पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करते हुए समस्या दूर करने का निदेश दिया।

# 'महिला संवाद' को जन आंदोलन बनाने की तैयारी

**जीविका सारण ने आयोजित किया एक दिवसीय वर्कशॉप सह ओरियंटेशन कार्यक्रम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं उनके अनुभवों को साझा करने हेतु 'महिला संवाद' जैसे नवाचारी कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। इसी क्रम में जीविका, सारण द्वारा जिला प्रेक्षागृह, छपरा में 'महिला संवाद' के सफल आयोजन के उद्देश्य से एक दिवसीय वर्कशॉप सह ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपविकास आयुक्त यतेन्द्र कुमार पाल, जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार एवं जिला मेंटर निधि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपविकास आयुक्त ने कहा कि यह ओरियंटेशन महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'महिला संवाद' के जरिए जन-जन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचेगी और यह महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का सशक्त मंच बनेगा। उन्होंने बताया कि इस ओरियंटेशन का मुख्य




उद्देश्य आगामी 'महिला संवाद' कार्यक्रम की कार्ययोजना, रणनीति एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया पर चर्चा करना है। गौरतलब है कि यह संवाद कार्यक्रम सारण जिले के कुल 2116 चयनित ग्राम संगठनों में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 18 विशेष मोबाइल वैन पूर्व निर्धारित रूटमैप के अनुसार पूरे जिले का भ्रमण करेंगी। इन वैनों में एलईडी टीवी, बैनर, पोस्टर तथा अन्य सूचना-शिक्षा सामग्री (आईईसी) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि लाभुक महिलाएं मंच पर अपने अनुभव साझा करेंगी, जिससे अन्य महिलाएं भी प्रेरित होंगी। इसके अलावा महिलाएं सरकार से अपनी अपेक्षाएं और सुझाव भी साझा कर सकेंगी, जिससे नीतिगत निर्णय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला मेंटर निधि सिंह ने कहा कि 'महिला संवाद' न केवल योजनाओं की जानकारी देने का जरिया है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है, जो लोगों की आकांक्षाओं को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस वर्कशॉप में जीविका सारण के सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने "महिला संवाद" की अवधारणा की सराहना की और इसके सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि सारण जिले में 'महिला संवाद' को जनभागीदारी से जनांदोलन का रूप दिया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और महिलाएं अधिक सशक्त एवं जागरूक बन सकें।

## नाबालिग हत्या मामले में एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोटर चोरी कर रहे एक चोर ने देख लेने पर एक नाबालिक की हत्या कर देने का मामला सामने आया है। घटना नगर के चीनी मिल हजारी के समीप की है। मृत नाबालिग की पहचान सत्यम कुमार पिता वीरेंद्र चौधरी के रूप में की गई है। सूचना पर पहुँची शिकारपुर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की निशानदेही पर गांव के ही प्रदीप कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नाबालिग के पिता एक खेत की रखवारी कर रहे थे। नाबालिग भी उनके साथ था।उसके पिता किसी काम से घर चले गए।नाबालिग खेत के समीप ही बैठा था। इसी क्रम में चोर खेत मे लगे मोटर की चोरी करने लगा। चोर को नाबालिग ने देख लिया।नाबालिग द्वारा चोरी करते देख लेने पर चोर ने नाबालिग को पकड़ लिया और हजारी के समीप एक बगीचे में ले जा कर उसके कपड़े से ही उसका गला घोंट कर हत्या कर दिया। इधर बेतिया एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने एसडीपीओ जयप्रकास सिंह एवं थानाध्यक्ष अवनीश कुमार से घटना के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली है। वही घटना के बाद मृतक के पिता बिरेन्द्र चौधरी व माँ मूर्ति देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के शव पहुचते ही गाव में मातम की लहर दौड़ गई है।

## कर्मियो की लेट लतीफी पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मियो की लेट लतीफी को लेकर प्रखंड प्रशासन सख्त हो गई है। इसको लेकर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने एक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियो को पूर्वाह्न दस बजे से शाम पांच बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना होगा। अगर कोई कर्मी लगातार तीन दिनों तक लेट पहुंचता है तो उसे एक दिन का आकस्मिक अवकाश दे दिया जाएगा। बता दें कि इन दिनों प्रखंड में कुछ कर्मियों के लेट पहुंचने और समय से पहले कार्यालय से निकलने के चलते जरुरतमंदों का कार्य भी निष्पादित नहीं हो पाता था। बीडीओ की नजर उन कर्मियो पर थी। जिसको लेकर बीडीओ ने यह कार्यालय आदेश जारी किया है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि कार्यालय में सभी कर्मी समय से उपस्थित रहे और दैनिक कार्यों के साथ जरूरतमंदों का कार्य निष्पादित करे।

# पीएलएफ एवं बांकीपुर क्लब के सौजन्य से सूफी कव्वाली का बांकीपुर क्लब पटना में होगा आयोजन

**सूफी संगीत से 13 अप्रैल को झूम उठेगा पटना**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूफीवाद, सूफियाना शब्द और संगीत एक-दूसरे से वैसे ही संबंधित है जैसे रंगों का। और जब ये जमा हो जाते हैं तो ये खूबसूरत इंद्रधनुष में बदल जाते हैं। ये बातें पीएलएफ अध्यक्ष डॉ. सत्यजीत सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि सूफी कविता और संगीत की परंपरा सदियों पुरानी है। सदियों से इसने दिल की दुनिया पर राज किया है। जब सूफी शब्द संगीत पर गूंजते हैं तो ऐसा लगता है जैसे आत्मा को पंख लग जाते हैं और हम आंखें बंद करके दूसरी दुनिया में चले जाते हैं, एक ऐसी दुनिया जहां शांति है, आराम है, सांसारिक चिंताओं से मुक्ति है, एक ऐसी अनुभूति होती है जिसे शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता है। यही कारण है कि सूफी शब्दों से भी लोगों के कदम महफिल की ओर अपने आप बढ़ने लगते हैं, एक उत्सुकता जाग जाती है। ये अजीमाबाद की धरती है जो इसे साहित्य और सूफीवाद की सदियों पुरानी परंपराओं से सजाया गया है। उन्होंने ने कहा कि पटना लिटरेरी फेस्टिवल (पीएलएफ) न केवल भारत में अपनी खूबसूरत सभाओं के लिए जाना जाता है, बल्कि अब यह विश्व स्तर पर जाना जा रहा है अभी तक 15 प्रोग्राम कर चुके हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसमें महत्वपूर्ण भूमिका



इसके संस्थापक एवं सचिव खुर्शीद अहमद की है, जो हमेशा साहित्यिक और आध्यात्मिक सभाओं में भाग लेते हैं। एवं पटना में खूबसूरत प्रोग्राम करते है पटना वासियों के लिए, पीएलएफ के संस्थापक सचिव खुर्शीद अहमद इसे कुछ नए अंदाज में पेश करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बिहार और विशेष रूप से राजधानी पटना हमेशा से बहुत साक्षर रही है और इसके निवासी साहित्यिक और सूफी सभाओं के शौकीन रहे हैं। ऐसे आयोजनों ने उन्हें इस हद तक प्रेरित किया है शायद इसी बात को ध्यान में रखकर इस बार खुर्शीद अहमद ने ऐसी महफिल आयोजित करने की कोशिश की है जो लंबे समय तक बिहार और पटना के लोगों के दिलों को छूता रहेगा। उस्ताद नुसरत फतेह अली खान सूफी शायरी की दुनिया के ऐसे रौशन सितारे हैं जिनकी झंकार आंखों को सुकून देती है। उनकी याद में पटना में एक संगीत कार्यक्रम आगामी 13 अप्रैल 2025 को बांकीपुर क्लब पटना में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दुबई और ग्रेट ब्रिटेन सहित कई देशों और भारत के सभी प्रमुख शहरों में शानदार प्रदर्शन कर चुके मशहूर और चर्चित कव्वाल ग्रुप रहमत नुसरत ग्रुप देहरादून के स्वार्जित टसम्टा अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे, जिसे लेकर खुर्शीद अहमद का कहना है कि यह बिहार के लोगों के लिए अविस्मरणीय होगा। इस समूह का नेतृत्व सर्वजीत तामता करेंगे। जिनके बारे में संगीत विशेषज्ञों का कहना है कि उनके गले में ह्यसुरों की देवी सरस्वतीह्न रहती है। सर्वजीत तामता के ग्रुप रहमत नुसरत को देश-विदेश में बेहद खास मौकों पर आमंत्रित किया जाता है और जहां भी इस ग्रुप ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है, वह लोगों के लिए अविस्मरणीय रहा है। कार्यक्रम में पीएलएफ अध्यक्ष डॉ. सत्यजीत सिंह एवं खुर्शीद अहमद की देख रख में पीएलएफ के सभी सदस्य इसे लेकर दोनों बेहद उत्साहित और सक्रिय हैं और इसे यादगार बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हालाँकि, यह अवसर उन लोगों के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है जहाँ सर्वजीत तामता के समूह रहमत नुसरत ने अब तक प्रदर्शन किया है और मंडली ने नया रिकार्ड स्थापित किया है। इसलिए उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम 6 बजे शुरू होगा लेकिन उनके लिए अच्छा होगा कि सभी प्रतिभागी 5:45 बजे तक अपनी सीटों को ग्रहण कर लें। ताकि वे शुरू से अंत तक कार्यक्रम का पूरा आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि यह समूह अपनी कुछ विशेष प्रस्तुतियों से श्रोताओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। यह बेहद खूबसूरत अनुभव होगा। इस समूह ने कव्वाली की कला को प्रज्वलित किया है और नए प्रयोग भी किए हैं जिन्हें विश्व स्तर पर सराहा गया है। यह बिहार, खासकर पटना के लोगों के लिए सौभाग्य की बात होगी कि वे इस खूबसूरत महफिल का हिस्सा बन सकेंगे और अपनी आत्मा को तरोताजा कर सकेंगे। खुर्शीद अहमद का दावा है कि उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और पूरे समूह का समर्थन अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस आयोजन के बारे में अधिक जानकारी दी कि श्री नन्द किशोर यादव अध्यक्ष बिहार असेंबली मुख्य अतिथि होंगे और श्री देवेश चंद्र ठाकुर मेंबर ऑफ पार्लियामेंट और श्री सैयद नासिर अली चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स बिहार सम्मानित अतिथि होंगे। साथ में महेश अग्रवाल सचिव बांकीपुर क्लब मौजूद रहेंगे एवं 400 लोगों के रहने की उम्मीद है जो लुफ्त उठायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के 46 वारंटी समेत 62 अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस मंगलवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 62 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 46 वारंटी समेत 62 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से आठ की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय 38 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इनमें से 60 को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 156.6 लीटर शराब, एक गैस सिलेंडर, एक मोटर पंप एक ई-रिक्शा व एक हजार 40 रुपये जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख 90 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूल की है।

### ट्रक के चपेट में आने से छात्र की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना से कुछ हीं दुरी पर बुधवार के सुबह करीब 9 बजे वार्ड नंबर 5 के नहर समीपएक तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से 11 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। छात्र की मौत के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रख घंटो जाम कर दिया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से जाम को समाप्त कराया गया। ग्रामीणों का आरोप था की ट्रक चालक अत्यधिक तेज रफ्तार होने से ये घटना घाटी है। ट्रक बेतिया से बैरिया के तरफ जा रही मृतक की पहचान मुमताज आलम के रुप में हुयी है। पुलिस ने शव को पोस्टर्मांटम के लिए भेज दिया है।

### हाई स्कूल पकुहवा पूर्वी के शिक्षक से स्पष्टीकरण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल पकुहवा पूर्वी में वित्तीय प्रभार नहीं सौंपने तथा वित्तीय अनियमितता में गड़बड़ी किए जाने के आरोप में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने शिक्षक सत्येंद्र कुमार (वित्तीय प्रभारी) से जबाब तलब किया है। डीपीओ ने तीन दिनों के अंदर जबाब देने को कहा है। डीपीओ ने अपने पत्र में कहा है शिक्षक सतेंद्र कुमार द्वारा उक्त कृत्य उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना, स्वेक्षाचारिता, कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीनता परिलक्षित हो रहा है। डीपीओ ने कहा कि अगर समय सीमा के अंदर जबाब नहीं मिला तो शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा।

### मुआवजा वितरण हेतु कैंप का आयोजन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिला पदाधिकारी, सिवान ने राम जानकी पथ निर्माण हेतु अधिगृहित किए गए जमीन के एवज में मुआवजा वितरण के स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित रैय्यतों के बीच मुआवजा वितरण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी गण को पूर्व की बैठक में दिया था।जिसके आलोक में आज को सिवान सदर अंचल के ग्राम-जियाय में राम जानकी पथ निर्माण हेतु अधिग्रहण किए गए जमीन के एवज में मुआवजा वितरण हेतु कैंप का आयोजन अंचलाधिकारी सिवान सदर के द्वारा किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में रैय्यत ने अपना-अपना आवेदन समर्पित किया।विदित हो कि राम-जानकी पथ के निर्माण का कार्य आरंभ हो चुका है। 15 अप्रैल 2025 से सिवान - गुठनी में रामजानकी पथ के निर्माण का कार्य आरंभ करने का निदेश दिया गया है।



### निमार्णाधीन खेल मैदान का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उप विकास आयुक्त, सिवान के द्वारा रघुनाथपुर एवं सिसवन प्रखंड के अंतर्गत बन रहे खेल मैदान का एवं अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। प्रखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय करसर, प्रोजेक्ट कस्तूरबा बालिका विद्यालय पंजवार, किसान मजदूर उच्च विद्यालय लाड़ी, गौरा कुंवर इंटर कॉलेज के प्रांगण में बन रहे खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। साथ ही सिसवन प्रखंड के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय सह इंटर कॉलेज भागर ,चैनपुर मठिया के पास एवं मधुसूदन उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज छितौनी में बन रहे खेल मैदान का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त महोदय ने कार्य के धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य 15 अप्रैल 2025 के पूर्व कर लेने का सख्त निर्देश दिया। खेल मैदान के निर्माण कार्य में किसी भी तरह की शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी उप विकास आयुक्त के द्वारा दी गई।



### सहायक सुरक्षा आयुक्त ने सीवान पोस्ट का किया निरीक्षण

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सुरक्षा आयुक्त मुकेश कुमार पवार बुधवार को सीवान आरपीएफ पोस्ट का विस्तृत निरीक्षण के दौरान परेड निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने बैरक, आर्म्स एम्युनिशन, मालखाना का निरीक्षण और त्रैमासिक भौतिक सत्यापन किया.उनके द्वारा कार्यालय में उपलब्ध सभी अभिलेख और पंजिका का निरीक्षण किया गया तथा वृक्षारोपण किया गया .उन्होंने सुरक्षा सम्मेलन लेकर अधीनस्थ अधिकारियो और जवानों को ड्यूटी के दौरान सतर्क रहकर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु निर्देशित किया।



### फरार चल रहे अपराधी गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चैनपुर थाना पुलिस ने एससी एसटी के मामले में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में चैनपुर थाना अध्यक्ष ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के विरती गांव निवासी उतीम ठाकुर के पुत्र उपेंद्र ठाकुर पर एससी एसटी के मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। जिस मामले में वह फरार चल रहा था जिसे गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई करने के लिए बुधवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

### शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब पीने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में सीनसिनिया गांव निवासी रविकांत यादव तथा गयासपुर मठिया गांव निवासी अजमुल्ला अंसारी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों आगे की कार्रवाई करने के लिए बुधवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया। इस संबंध में सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी।

# भाजपा ही कार्यकर्ताओं को देती है सम्मान: विधायक डॉ. सीएन गुप्ता





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## लोकतांत्रिक परंपराओं की प्रतीक है भाजपाः अमृता भूषण

**छपरा (सारण)।** भारतीय जनता पार्टी का छपरा विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन स्थानीय स्नेही भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गान के साथ हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि होता है। जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह ने पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसे राष्ट्र सेवा पर गर्व है। छपरा विधायक डॉ. सी. एन. गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन सक्रिय सदस्यों का है और यही कार्यकर्ता चुनाव जिताने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने अनुभवों के साथ जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। कार्यक्रम को राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद, रामदयाल शर्मा, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह व जिला महामंत्री धर्मेंद्र साह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रिविलगंज मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान व अध्यक्षता छपरा सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष चंदन सोनी ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता राजेश फैशन ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता मदन सिंह, कौशल किशोर सिंह, डॉ. भरत मांझी, संध्या सिंह, मंडल अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, संस्कार कुमार, अनूप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष गामा सिंह समेत सैकड़ों भाजपा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# बेतिया विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का भव्य आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन स्थानीय होटल नील गंगा परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव और नगर निकाय के क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि सुनील मणि तिवारी का अंग वस्त्र और बुके देकर अभिनंदन किया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह ने किया। मुख्य अतिथि सुनील मणि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में एक नए युग की शुरूआत कर रहा है। उन्होंने ष्एक राष्ट्र, एक चुनावष विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक, और आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने जैसे निर्णयों को ऐतिहासिक बताया, जो देश के राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को नई दिशा देने में सक्षम हैं।उन्होंने हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में एनडीए की निर्णायक जीत और उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़ के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड सफलता को जनता के विकास के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को दोहराया। यह सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक मजबूती और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता,अभिषेक सर्राफ,राहुल चतुवेर्दी, रामेश्वर राम, अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव, सुशील जायसवाल, बाबुआ जी दुबे, मनु बाबू कुशवाहा, अमित चौबे,रिंकी गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय एकता-अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद ने किया अपना सर्वस्व बलिदान : सच्चिदानंद

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी दरौली विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन दरौली के लोटस विवाह भवन में आयोजित हुई,.जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आर्यन राय ने किया. सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेई के तैल चित्र पर पुष्पांजलि का अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई. मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉक्टर सच्चिदानंद राय ने कहा कि पार्टी का स्थापना राष्ट्रीय एकता अखंडता के नाम पर हमारे ध्येय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया और उनके बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने धारा 370 समाप्त कर अखंड भारत के दिशा में कदम बढ़ाया है.देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के नतीजा पर आज आतंकवाद घुटने टेक रहा है और देश से आतंकवादी घटनाएं समाप्ति के कगार पर हैं. जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा पार्टी के समर्पित कार्यकताओं के बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है. हमारी पार्टी की सोच केवल सत्ता प्राप्ति नहीं है बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करना लक्ष्य है. हमारे प्रेरणापुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के आधारित देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे हैं. जिसमें हर गरीब का घर हर गरीब का इलाज सुनिश्चित हो सके.सभा को संबोधित करने वालों में दरौली विधानसभा के संयोजक दिलीप गुप्ता प्रभारी कुंदन सिंह,मनोज राम,मनोज पासवान,लल्लन चौधरीबनवारी राम, जय पासवान,विद्यासागर बैठामृत्युंजय तिवारी,राजनाथ राम, सुभाष ठाकुर,शैलेंद्र मिश्रा एवं मंच का संचालन लल्लन राय ने किया।



# शिक्षक भविष्य के निर्माता व समाज के पथ प्रदर्शकः समरेंद्र बहादुर सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** दिघवारा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिघवारा में विदाई स। सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सच्चिदानंद सिंह व संचालन धनपति ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उमाशंकर सिंह एक समर्पित, ईमानदार व अनुशासित शिक्षक रहे हैं। इनके कार्यों व व्यक्तित्व से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका एक नींव की तरह होती है, जिस पर भावी पीढ़ियां अपना भविष्य गढ़ती हैं। शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने उमाशंकर सिंह के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जीवन के सही रास्ते की शिक्षा भी दी। ऐसे शिक्षक का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।समारोह के अंत में उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



### कुकुरा में आग लगने से डेढ़ एकड़ गेंहू की फसल जली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के कुकुरा गांव में आग लगने से डेढ़ एकड़ गेंहू का फसल जलकर बर्बाद हो गया है। आग की लपटों को देख गाव के लोगो में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आगलगी की घटना में पीड़ित प्रेम नारायण साह का करीब डेढ़ एकड़ फसल जलकर खाक हो गया है। पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार साह आदि ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना बिजली के हाईटेंशन तार में चिंगारी उठने से हुई है। उन्होंने बताया कि चिंगारी से निकली आग से खेत में लगा करीब डेढ़ एकड़ का गेहूं पूरी तरह जल गया है। वहीं पीड़ित ने इसको लेकर मुआवजे की मांग की है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# सड़क हादसे में सात वर्षीय बालक की मौत

## आक्रोशित भीड़ ने किया हंगामा, पुलिस ने हवाई फायरिंग कर हालात संभाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जहरी पकड़ी टोला के केवारी कला गांव में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और स्थिति बेकाबू हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी अभिजीत राय के पुत्र आदित्य कुमार (7) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे एक 18 चक्का ट्रक ने बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अमनौर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक घटनास्थल पर लगभग 150 से 200 ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की, तो भीड़ और भी उग्र हो गई। आक्रोशित लोगों ने थाना वाहन के पास खड़े सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार के साथ मारपीट की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आत्मरक्षार्थ दो राउंड हवाई फायरिंग की। जिससे भीड़ तितर-बितर हो गई। इसके बाद मढ़ौरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अन्य थानों की अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक चालक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर थाना पहुँचाया। घायल सअनि संजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल, छपरा रेफर किया गया है। घटना के बाद सड़क जाम हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है और क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मियों पर हमले एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में अज्ञात उपद्रवियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



# शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान तेज करने का निर्देश

## एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने जिले के थानाध्यक्षों को शराब निर्माण, संग्रहण, बिक्री एवं तस्करी करनेवाले तत्वों के विरुद्ध अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वे मंगलवार को अपराहन में पुलिस केंद्र के सभागार मे मासिक अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने होली रामनवमी, ईद उल फितर को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए थानेदारों की प्रशंसा करते हुए कई मामलो में शिथिलता बरतने के लिए कतिपय थानेदारों को फटकार भी लगायी। इस दौरान उन्होंने सूचना का अधिकार, पोसर्पोट सत्यापन, लंबित वांरटो का तामिला, अभियुक्तो की गिरफ्तारी समेत विभिन्न विंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने बारी बारी से न्यायालय में आपराधिक मामलो में अनुसंधानकताओं की गवाही के लंबित मामलो की भी समीक्षा की। एसपी ने सभी थानेदारों को क्षेत्र में लगातार सघन गश्ती के साथ हीं साथ शराब तस्करों को चिन्हित करते हुए उनके ठिकानों पर छापामारी के साथ हीं जमानत पर बाहर निकले विभिन्न जघन्य मामलो के अभियुक्तो की गतिविधियों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने थानो में नियमित निर्धारित समय सीमा पर डोसियर पंजी में दर्ज लोगो को थाना पर बुलाकर समय समय पर उनके गतिविधियों की भी जांच का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्रों में विधि व्यवस्था बनाये रखने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि वर्तमान समय में भूमि विवाद के मामले एक बार फिर अधिक संख्या में सामने आ सकते है। इससे विधि व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में शनिवार को भुमि समाधान शिविर में संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भूमि समाधान शिविर में आनेवाले मामलो का निष्पादन करने में रुचि बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने चरित्र सत्यापन पासर्पोट सत्यापन, मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदन एवं जनशिकायतों के मामलो के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक साईबर क्राईम, ट्रैफिक डीएसपी रंजन कुमार सिंह, लाईन डीएसपी रामानंद राउत,डीएसपी मुख्यालय कमलेश कुमार, बेतिया एसडीपीओ विवेक कुमार दीप, सदर टू डीएसपी रजनीशकांत प्रियदर्शी, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह समेत अन्य पुलिस अचंलों के पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



# सिवान पुलिस के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिवाद मार्च

**दरौली/सिवान/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिवान पुलिस के खिलाफ भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मुखिया लालबहादुर कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकाला। बुधवार की दोपहर माले कार्यकर्ता अपने पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुये और हाथ मे बैनर झंडे लेकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुये थाना मोड़ पहुचे। थाना मोड़ पर प्रतिवाद मार्च पहुचकर एक सभा मे तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुये माले कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाया कि कई मासूम, दलित व पीड़ित लोगों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है तथा डरैला गांव की तीन महिलाओं को अनावश्यक रूप से जेल भेज दिया गया। वहीं दो लोगों को थाने लाकर बेरहमी से पिटाई किया गया। प्रतिवाद मार्च को लेकर विधि व्यवस्था नियंत्रण के लिये मैरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार झा के नेतृत्व में गुठनी थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,अंसाव थानाध्यक्ष राजसेखर, एसआई मिथिलेश मांझी, एसआई सुमित राज,एएसआई मनोज कुमार सहित कई अन्य अधिकारी मुस्तैद रहे। प्रतिवाद मार्च में बच्चा प्रसाद, लालाबाबू पासवान, केदार पड़ित, देवशंकर, अवध सहनी, बबन प्रसाद,जयप्रकाश शर्मा,काली चौरसिया, शिवनाथ राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मैट्रिक व इंटर के अव्वल छात्रों को इंफोटे ने किया सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया प्रखंड परिसर स्थित सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चनपटिया प्रखंड के विभिन्न उच्च एवं माध्यमिक विद्यालयो के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र छात्राओं को इंफोटेक बेतिया ने सम्मानित किया। इस दौरान इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण ने सभीप्रतिभावान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ हीं साथ वर्तमान युग में कंप्यूटर का ज्ञान भी आवश्यक है। ऐसे में बिहार कौशल विकाश मिशन द्वारा प्रत्येक प्रखंडो में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम कुशल युवा कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम में इंफोटेक भी सहभागी है। जिसका प्रशिक्षण केंद्र मझौलिया, बेतिया व चनपटिया में संचालित है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में आये छात्र छात्राओं को एक हजार का आभासी चेक प्रदान किया जा रहा है। जो सिक्यूरिटी का काम करेगा। इस चेक को लेकर नामांकन के लिए आनेवाले छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान जमा की जानेवाली राशि जमा नही करनी होगी। कार्यक्रम में गणेश प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक नेयाज अहमद, नविन कुमार, संजीव कुमार, महबूब आलम, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लौकरिया से कुमारी सीमा, शिवानी कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय लखौरा से स्नेह सौरभ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी अथितियों का स्वागत किया गया। उपस्थिति सभी छात्र /छात्राओं को कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन पर ली जाने वाली 1000 रुपए सिक्योरिटी डिपाजिट के राशि को उनके नामांकन पर छूट देने की घोषणा की।




# 'बिहार बदलाव रैली' भय, भूख, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व पलायन के खिलाफ : कुलदीप महासेठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** आगामी 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली 'बिहार बदलाव रैली' भय, भूख, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार ध पलायन के खिलाफ जनता की आवाज बनेगी। यह बातें बुधवार को जन सुराज के सारण जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने एक प्रेस बयान में कहीं। महासेठ ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की आकांक्षा रखने वाले लोग बड़ी संख्या में जन सुराज के संकल्प से जुड़ रहे हैं और पूरी निष्ठा के साथ इस ऐतिहासिक रैली में शामिल होने को आतुर हैं। उन्होंने दावा किया कि सारण जिले से रैली में शामिल होने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह है और जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और पेपर लीक की घटनाओं, बेरोजगारी और पलायन, बढ़ते अपराध, राजनीतिक परिवारवाद और जातिवाद, लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, भूमि सर्वेक्षण में अनियमितता, स्मार्ट मीटर में हो रही लूट, शराबबंदी से उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक समस्याओं और अफसरशाही के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए 'बिहार बदलाव रैली' का हिस्सा बनेगी। जन सुराज प्रवक्ता ने कहा कि यह रैली केवल विरोध नहीं, बल्कि एक सकारात्मक विकल्प और नए बिहार की नींव रखने का प्रयास है।



# एपेक्स ने किया प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत 14 वर्षो से शिक्षण के माध्यम से गुणवता पूर्ण शिक्षा देनेवाला एकमात्र संस्थान एपेक्स है। उक्त बातें एपेक्स ट्यूटोरियल के निदेशक हेमंत कुमार ने नगर के प्रेक्षागृह में आयोजित छात्र सम्मान सह विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इंटर की परीक्षा में अव्वल आनेवाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एपेक्स ट्यूटोरियल की ओर से स्थानीय प्रेक्षागृह में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इंटर साइंस परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले टॉपर छात्रों को एक लाख से लेकर 50 हजार का चेक , मेडल, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस संस्था के छात्र विशाल कुमार को एक लाख एक हजार,सुरेश कुमार यादव एवं श्यामसुंदर साह को 51-51 हजार, साक्षी हलधर एवं सुमित कुमार सिंह को 21-21 हजार का चेक प्रदान किया गया। ,मेडल वह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सम्मान पातें ही छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई बच्चों के अभिभावक भी प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित थे। वे भी अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने में पीछे नहीं रहे। यह सभी छात्र इंटर साइंस परीक्षा में बेहतरीन अंक लाकर जिले का का गौरव बढ़ाया था। 14 वर्षो से लगातार एपेक्स ट्यूटोरियल के छात्र इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर संस्था का मान बढ़ा रहे हैं।



# भूमि विवाद से संबंधित बैठक अनिवार्य रूप से करने पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भू समाधान पोर्टल, भूमि विवाद, कब्रिस्तान घेराबंदी, खनन, विधि व्यवस्था, उत्पाद, उत्पाद न्यायालय, एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा भू-समाधान पोर्टल की अधतन स्थिति का जायजा लिया गया। डैशबोर्ड के अनुसार कुल प्राप्त आवेदन 1718 में पूर्ण प्रविष्टि 1709 एवं आंशिक प्रविष्टि 09 है जिसमें अति संवेदनशील 00 एवं संवेदनशील कि मामला 02 पाया गया जिसमें प्रारंभिक निष्पादन 56, अंतिम निष्पादन 1502, प्रक्रियाधीन 126, मापी के लिए निर्धारित 03, अस्वीकृत 19 एवं न्यायालय में 03 लंबित मामला है। जिलाधिकारी द्वारा सभी मामले को संबंधित पदाधिकारी को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवादों को लेकर पूर्व में घटित विधि व्यवस्था, सांप्रदायिक व्यवस्था भंग होने से संबंधित सभी कांडो में अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करने तथा आरोप पत्र समर्पित करते हुए न्यायालय में इसका त्वरित विचारण हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अंचल में भूमि विवाद की होने वाली बैठक आवश्यक रूप से आयोजित करने तथा प्राप्त सभी मामले को उसी दिन प्रविष्टि कर पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिए। बैठक में मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि माह मार्च से अभी तक उत्पाद विभाग के द्वारा कुल अवैध शराब बिक्री एवं पीने के विरुद्ध 335 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 16481.50 लीटर देसी एवं विदेशी शराब, 195 लीटर तारी, 579200 किलो जावा महुआ एवं 67 वाहनों को जप्त किया गया है। पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं पीने के विरुद्ध 288 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 8831.50 लीटर देशी एवं विदेशी शराब 42450 किलो जावा महुआ एवं 55 वाहनों को जब्त किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा उत्पादन न्यायालय के कोर्ट अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा कार्यों की समीक्षा की गई एवं यथाशीघ्र लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।




## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एनएच 19 पर बारुन थाना क्षेत्र के गेमन पुल पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 33 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के नजदीक देवी मंदिर निवासी राजकुमार चौहान के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में हुई है। हालांकि, युवक कहां जा रहा था और कैसे दुर्घटना हुई इसकी जानकारी नहीं है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सूचना मिली कि एक युवक अपने पिता को बाइक से डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना में वह घायल हो गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे के एंबुलेंस कर्मियों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिली कि युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराकर परिजनों को सौंप दिया।







## संक्षिप्त समाचार

### नये पैनल अधिवक्ताओं के चयन की प्रक्रिया शुरू

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, दाउदनगर के लिए नये पैनल अधिवक्ताओं के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जानकारी प्राधिकार के प्रभारी सचिव डॉ. दीवान फहद खान ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार के अनुमोदन के पश्चात शुरू की गई है। प्रभारी सचिव के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के लिए 30 तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, दाउदनगर के लिए 25 पैनल अधिवक्ताओं का चयन किया जाएगा। इसके लिए योग्य एवं इच्छुक अधिवक्ताओं से दिनांक 20 अप्रैल 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संबंधित जानकारी और विस्तृत विवरण विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ, औरंगाबाद तथा विधि संघ, दाउदनगर के सूचना-पट्ट पर चस्पा कर दिया गया है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के मुख्य सूचना-पट्ट पर भी सूचना उपलब्ध है। प्रभारी सचिव ने बताया कि नये पैनल अधिवक्ताओं के चयन के पश्चात निःशुल्क विधिक सहायता समय पर उपलब्ध कराना और भी सुगम हो जाएगा। इससे उन लोगों को विशेष लाभ मिलेगा जो विधिक सेवा प्राधिकार की मुफ्त कानूनी सहायता योजना के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति तक विधिक जागरूकता फैलाने, उन्हें सशक्त करने और लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह पहल न्याय को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के प्राधिकार के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगी।

### बिजली की निर्वाध रूप से हो रही आपूर्ति : वीरेन्द्र सिंह

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास कार्यों का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्यवासियों को सुगमतापूर्वक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है तथा इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है। वर्ष 2005 में बिहार की जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों में जब राज्य की बागडोर सौंपी थी तब संसाधनों एवं आधारभूत संरचनाओं के अभाव में राज्य की जिम्मेवारी संभालना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पाती थी। लगातार बिजली की उपलब्धता लोगों के लिए मीलों दूर का सपना था। उस वक्त बिहार एक ऐसा राज्य था, जहां बिजली का अपना उत्पादन नगण्य था और संचरण एवं वितरण की स्थिति ठीक नहीं थी। राजधानी पटना में लगभग 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हुआ करती थी। ऐसे में नीतीश कुमार ने एक बेहतर कार्ययोजना के अंतर्गत काम करना शुरू किया। राज्य सरकार द्वारा सभी चुनौतियों का सामना करते हुए ऊर्जा के प्रक्षेत्र में सुधार के कई प्रयास किए गए, जिनके फलस्वरुप उपलब्धियां भी मिली। उक्त बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों के घर-घर तक बिजली पहुंचा दी गई है।

### मरीजों को अब नहीं होगी बेड की दिक्कत

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** सदर अस्पताल में लगातार मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सुविधाओं के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहा है, जिससे यह आशा की जा सकती है कि आने वाले समय में इससे उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को अब भर्ती होने के बाद सदर अस्पताल में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। अस्पताल में वार्डों के बेड बदले जा रहे हैं और मरीजों को नये और बेहतर बेड उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बढ़ती गर्मी, लू एवं संक्रामक रोगों के दौर को देखते हुए बेड बढ़ाने पर लगातार जोर दिया जा रहा हैं। ताकि मरीजों को इलाज के अभाव में औरंगाबाद से बाहर न जाना पड़े। उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उपलब्ध संसाधन एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सहारे लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा देने का प्रयास जारी है। सदर अस्पताल में 30 बेड एवं कूलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि मरीजों को उपचार में कोई परेशानी नहीं हो।




